वर्ष : 29 | अंक :307
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 7 सितम्बर-2023
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## उदयनिधि के बयान पर सही से जवाब देना चाहिए-पीएम मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की विवादास्पद सनातन धर्म टिप्पणी का उचित जवाब दिया जाना चाहिए। वह मंत्रिपरिषद में बोल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास में न जाएं, बल्कि संविधान के अनुसार तथ्यों पर कायम रहें। साथ ही मुद्दे की समसामयिक स्थिति पर भी बात करें। प्रधान मंत्री ने मंत्रियों को इंडिया बनाम भारत विवाद पर टिप्पणी न करने की भी सलाह दी, और कहा कि केवल अधिकृत व्यक्ति को ही इस मामले पर बोलना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से करने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। शनिवार को चेन्नई में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए बल्कि नष्ट किया जाना चाहिए।÷ इस टिप्पणी पर कई राजनीतिक दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, भाजपा ने कांग्रेस पर उनकी टिप्पणी की निंदा करने पर जोर दिया। हालाँकि, बाद में उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सनातन धर्म के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान नहीं किया था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले बुधवार को सभी मंत्रियों को जी20 इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी। यह सलाह नई दिल्ली में महत्वपूर्ण जी20 शिखर सम्मेलन से पहले मंत्रिपरिषद की बैठक के साथ पीएम मोदी की बातचीत के दौरान आई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐप मंत्रियों को विदेशी प्रतिनिधियों के साथ निर्बाध रूप से बातचीत करने में मदद करेगा।

### संसद के विशेष सत्र में बुनियादी मुद्दों पर हो चर्चा - सोनिया गांधी

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व सांसद सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि संसद के विशेष सत्र में जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर चर्चा कराई जाए।सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर नौ मुद्दों पर चर्चा की मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में सोनिया गांधी ने संसद के विशेष सत्र बुलाने को लेकर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि 18 सितंबर से बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को लेकर सरकार ने विपक्ष से चर्चा नहीं की और न ही सत्र के दौरान चर्चा के विषयों को साझा किया है। सरकार को बताना चाहिए कि वह विशेष सत्र



क्यों बुला रही है और इसका एजेंडा क्या है?सोनिया गांधी के कहा कि हम निश्चित रूप से विशेष सत्र में भाग लेना चाहते हैं, क्योंकि इससे हमें सार्वजनिक मुद्दों को उठाने का अवसर मिलेगा। सोनिया गांधी ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि सत्र के दौरान आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, बढ़ती बेरोजगारी, असमानताओं में वृद्धि और एमएसएमई के संकट पर ध्यान देने के साथ वर्तमान आर्थिक स्थिति पर चर्चा होगी।सोनिया गांधी ने कहा कि वह चाहती हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों, अडानी विषय, मणिपुर हिंसा और हरियाणा जैसे विभिन्न राज्यों में सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि, भारत-चीन सीमा मुद्दा, जातिगत जनगणना की तत्काल आवश्यकताओं, केंद्र-राज्य संबंधों को पहुंचाये जा रहे नुकसान सहित कुछ राज्यों में अत्यधिक बाढ़ और कुछ में सूखे के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव आदि के मुद्दों पर सदन में चर्चा हो।

## सनातन का विरोध करने वाले लोग इतिहास के कूड़ेदान में पाए जाते हैं- विश्व हिंदू परिषद

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद और अखाड़ा परिषद ने कांग्रेस, माकपा और द्रमुक नेताओं की ओर से सनातन धर्म के विरोध में अभद्र भाषा प्रयोग करने पर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि यह राजनीतिक स्वार्थ के तहत समाज को बांटने और विभिन्न वर्गों में एक दूसरे के प्रति घृणा और शत्रुता बढ़ाने का बेईमान प्रयास है। साथ ही यह स्वस्थ लोकतंत्र और संविधान पर विश्वास रखने वाले लोगों के लिए एक चुनौती है।अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र महाराज, अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती तथा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आज एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया। उन्होंने कहा कि यह एक बीमार मानसिकता है कि अल्पसंख्यक वोटों के लिए बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय की आस्था को चोट करके उसके प्रति घृणा और अविश्वास का वातावरण पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म प्रत्येक जीव के अंदर विराजमान ईश्वर




के दर्शन करता है। यह मनुष्य मात्र की दिव्यता और समानता में विश्वास रखता है। सब के सुख की कामना करता है। 800 सालों तक मुगलों के आक्रमण और अत्याचार 200 सालों तक अंग्रेजों के शासन और मिशनरी प्रयासों के बावजूद भारत का बहुसंख्यक समाज सनातन धर्म पर विश्वास रखता है। इसका विरोध करने वाले लोग इतिहास के कूड़ेदान में पाए जाते हैं।उन्होंने कहा कि तमिलनाडु हमेशा से सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक रहा है। तमिलनाडु की धर्म प्राण जनता रामेश्वरम, माता मीनाक्षी, दुर्गा, लक्ष्मी, गणेश, मुरूगन, राम और कृष्ण की हमेशा से आराधक है। हजारों वर्ष पुराने मंदिर सनातन के प्रति तमिलनाडु की सनातन भक्ति के प्रतीक हैं। आलवारों, नायनमारो, संत तिरुवल्लुवर और अंडाल आदि महान संतों की अमर वाणी तमिलनाडु की धर्म प्राण जनता का ही नहीं करोड़ सनातनियों का चिरकाल से मार्गदर्शन करती रही है। यह हमारी साझी विरासत है।इन धार्मिक नेताओं ने कहा कि आज आवश्यकता है कि इस साझी विरासत को मजबूत करें। परस्पर एकता बढ़ाने वाले बिन्दुओं को ढूँढें। समाज की एकात्मता को मजबूत करें। भारत की पवित्र आध्यात्मिक थाती का विश्व में प्रसार कर सबके लिए सुख और शांति का मार्ग प्रशस्त करें।

## एनआईए ने उप्र के पांच शहरों में माओवादियों के आठ ठिकानों पर की छापेमारी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** माओवादी विचारधारा को शहरी इलाके में फैलाने और देश की चुनी हुई सरकार के खिलाफ साजिश रचने के इनपुट को आधार बनाकर एनआईए ने उत्तर प्रदेश के पांच जिलों के आठ ठिकानों पर छापेमारी कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया लेकिन बाद में छोड़ दिया और दोबारा पूछताछ के लिए भी बुलाया है। इसके साथ ही एनआईए ने बड़े पैमाने पर सुबूत भी इकट्ठा किए हैं। यह छापेमारी मंगलवार को गई।नक्सलियों की बढ़ती सक्रियता पर रोक लगाने के उद्देश्य से एनआईए ने सीपीआई (माओवादी) के पांच शहरों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया के आठ ठिकानों पर छापेमारी की है। इसके साथ ही एनआईए ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध की साजिश, आपराधिक षड्यंत्र व यूएपीए एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । इनके पास से एक मोबाइल, दो लैपटॉप, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, कंपैक्ट डिस्क, मोबाइल सिम, पंपलेट, माओवादी से संबंधित पुस्तकें, पाकेट डायरी, रसीद बुक व कागजात जब्त किए हैं।एनआईए टीम को जांच में पता चला है कि आतंक और भय का माहौल पैदा करने के लिए संगठन को खड़ा किया जा रहा है। इसके लिए युवाओं की भर्ती की जा रही है और प्रमोद मिश्र इस माओवादी कैडर को मजबूत करने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने एक माह पहले रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था, जो रितेश विद्यार्थी का भाई है, जिसकी पत्नी का नाम इसी मामले में दर्ज है। रोहित विद्यार्थी से पूछताछ के बाद बिहार पुलिस ने उत्तरी भारत क्षेत्र के प्रभारी माओवादी सदस्य प्रमोद मिश्रा का गिरफ्तार किया। इनकी गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने गोला बारूद और हथियार बनाने वाली फैक्टरी को सीज किया। जहां पर देशी हथियार बनाने का काम हो रहा था। एनआईए की टीम ने युद्ध की साजिश, आपराधिक षड्यंत्र व यूएपीए एक्ट की धाराओं के तहत जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसमें मनीष आजाद और रितेश विद्यार्थी के साथ इनके सहयोगी विश्वविजय, सीमा आजाद, अमिता सरीन, कृपा शंकर, सोनी आजाद, आकांक्षा आजाद और राजेश आजाद का नाम है।

### आरबीआई का बड़ा ऐलान, अब यूपीआई पर मिलेगी लोन की सुविधा

**नई दिल्ली ।** अब आपके अपने यूपीआई से ही आपको लोन की सुविधा मिल जाएगी। इसके लिए आरबीआई ने बैंकों को दिशा निर्देश दे दिए हैं। आरबीआई ने देश के सभी बैंकों से कस्टमर्स को यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई पर प्री-सैंक्शंड लोन देने को कहा है। आरबीआई के इस फैसले का प्रमुख उद्देश्य यूपीआई पेमेंट सिस्टम के दायरे को बढ़ाना है।अभी तक यूपीआई प्रणाली के जरिये सिर्फ जमा रकम का ही लेनदेन किया जा सकता था। केंद्रीय बैंक ने अप्रैल में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का दायरा बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। इसके तहत बैंकों में पहले से मंजूर ऋण सुविधा से स्थानांतरण/को स्थानांतरण की मंजूरी देने की बात कही गई थी।

## भारत, इंडिया या हिंदुस्तान, सबका मतलब मोहब्बत है-राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** देश में इंडिया बनाम भारत को लेकर एक राजनीतिक विवाद छिड़ा हुआ है। सत्ता पक्ष भारत को लेकर वकालत कर रहा तो विपक्ष सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है। इन सब के बीच राहुल गांधी ने भी पूरे मामले को लेकर अपनी राय रखी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत, इंडिया या हिंदुस्तान..., सबका मतलब मोहब्बत है। राहुल गांधी ने 'यूट्यूब' पर अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' से संबंधित वीडियो साझा करते हुए लिखा, '' भारत, इंडिया या हिंदुस्तान..., सबका मतलब मोहब्बत, इरादा सबसे ऊंची उड़ान।'' पूरा मामला तब शुरू हुआ जब जी20 से संबंधित रात्रिभोज के निमंत्रण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' के तौर पर संबोधित किया गया। मंगलवार को इसपर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार देश के दोनों नामों 'इंडिया' और 'भारत' में से 'इंडिया' को बदलना चाहती है।

इसमें राहुल गांधी ने पार्टी के कई नेताओं के साथ 4,000 किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा की थी और इस दौरान उन्होंने समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों से बातचीत की थी। यह यात्रा पिछले साल सात सितंबर को कन्याकुमारी से आरंभ हुई थी, जो इस वर्ष 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त हुई थी। यह यात्रा 145 दिन चली थी।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा आईएनडीआईए गठबंधन से भाजपा वाले घबरा गए हैं। अब इंडिया की जगह भारत कह रहे हैं। यह तो संविधान में ही लिखा है- इंडिया दैट इज भारत। हम तो पहले ही भारत जोड़ो की बात कह रहे हैं।

### भाजपा का वार



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके मन में न तो देश के लिए और न ही संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति कोई सम्मान है। नड्डा ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस को देश के सम्मान एवं गौरव से जुड़े हर विषय से इतनी आपत्ति क्यों है? भारत जोड़ो के नाम पर राजनीतिक यात्रा करने वालों को 'भारत माता की जय' के उद्घोष से नफरत क्यों है? स्पष्ट है कि कांग्रेस के मन में न देश के प्रति सम्मान है, न देश के संविधान के प्रति और न ही संवैधानिक संस्थाओं के प्रति। उसे तो बस एक विशेष परिवार के गुणगान से मतलब है।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की देश विरोधी एवं संविधान विरोधी मंशा

### भारत इंडिया विवाद को लेकर थरूर ने सत्ता पक्ष पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत इंडिया विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दल सरकार पर अनेक आरोप लगा रहे हैं। विपक्ष का तर्क है कि मोदी सरकार इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। इसलिए सरकार अब इंडिया कहने की बजाय भारत कहना शुरू कर रही है।इसी क्रम में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी सरकार की आलोचना की है। थरूर ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि विपक्ष खुद को अलायंस फॉर बेटरमेंट, हार्मनी एंड रिस्पॉन्सिबल एडवांसमेंट फॉर टुमॉरो (भारत) कहने लगे तो शायद सत्ता पक्ष नाम बदलने की कोशिश छोड़ दे।थरूर ने एक अन्य बयान के माध्यम से भी सत्ता पक्ष पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इंडिया शब्द को लेकर पाकिस्तान से संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने भी आपत्ति जताई थी। अब सत्ता पक्ष भी उसी रास्ते पर है।



## मणिपुर में सभी स्रोतों से अवैध हथियारों की बरामदगी पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मणिपुर सरकार से पुलिस और राज्य शस्त्रागार से चुराए गए हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी पर एक स्पष्ट स्थिति रिपोर्ट की मांग की, जो मई की शुरुआत से मैती और कुकी समुदायों के बीच जातीय झड़पों के कारण प्रभावित हुई है। संवेदनशील और इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, चाहे इसमें कोई भी पक्ष शामिल हो। भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए जाने के बाद रिपोर्ट को केवल अदालत के साथ साझा करने का निर्देश दिया कि चोरी हुए हथियारों पर रिपोर्ट सार्वजनिक करने से ÷घबराहट÷ हो सकती है।सीजेआई ने पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा से संबंधित याचिकाओं के मामले में मणिपुर सरकार और केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार



मेहता से कहा कि आप हमें एक रिपोर्ट सौंप सकते हैं, हम जांच कर सकते हैं। मैं इस बात पर विश्वास नहीं करता कि अदालत कुछ ऐसी बात देखती है जो दूसरे नहीं जानते, यह मेरा दर्शन नहीं है, लेकिन अगर आपको लगता है कि यह हथियारों की बरामदगी का मामला है और अदालत को अवगत कराया जाना चाहिए, तो कम से कम हमें बताएं कि क्या कदम उठाए गए हैं। हम इससे निष्पक्षता से निपट रहे हैं। राज्य को अवैध हथियारों के बारे में कार्रवाई करनी होगी, चाहे किसी भी पक्ष ने ऐसा किया हो। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि हथियारों की बरामदगी बेहद संवेदनशील है। हम अपने आदेश में कहेंगे कि मणिपुर हथियारों की बरामदगी पर अदालत के अवलोकन के लिए एक स्थिति रिपोर्ट और एक रोडमैप पेश करेगा। दो सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट मांगने के अपने आदेश में, पीठ ने अपने 7 अगस्त के आदेश का उल्लेख किया जिसमें अदालत ने राज्य सरकार को पुलिस और राज्य शस्त्रागार से हथियारों और गोला-बारूद की लूट की जांच करने का निर्देश दिया था।

### भारत बनाम इंडिया के मसले पर हस्तक्षेप करे सुप्रीम कोर्ट: मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा कि %भारत बनाम इंडिया% के मसले पर सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना चाहिए। मायावती ने आरोप लगाया कि यह सबकुछ सत्तापक्ष और विपक्ष की मिलीभगत का नतीजा है।मायावती ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत अर्थात इंडिया देश का चिर-परिचित एवं गरिमामय संवैधानिक नाम है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के इस पवित्र संविधान से अपने देश के सभी जाति एवं धर्मों के लोगों का बेहद लगाव है। इसके साथ बदलाव अथवा छेड़छाड़ करना उचित और न्यायसंगत नहीं है। इस मामले में हमारी पार्टी का यह मानना है कि यह घोर अनुचित है।उन्होंने आरोप लगाया कि देश के नाम को लेकर भाजपा-नीत राजग सरकार को यह मौका खुद विपक्ष ने सोची-समझी रणनीति के तहत अपने गठबंधन का नाम %आईएनडीआईए% रखकर दिया है। यह सबकुछ सत्तापक्ष व विपक्ष की मिलीभगत से हो रहा है।मायावती ने कहा कि बसपा की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट को खुद इसका संज्ञान लेकर यहां ऐसे सभी संगठनों, पार्टियों व गठबंधनों आदि पर तुरंत रोक लगाना चाहिए, जो विशेषकर अपने देश के नाम पर बने हैं। वर्ना फिर अपने देश की गरिमा को भी काफी ठेस पहुंचेगी।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते ने छोड़ी बीजेपी

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मतभेदों का हवाला देते हुए बुधवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे और 2020 में उन्हें हटा दिया गया था। अपने त्याग पत्र में उन्होंने लिखा है उन्होंने कहा कि उन्हें बोस भाइयों सुभाष चंद्र बोस और शरत चंद्र बोस की विचारधारा का प्रचार करने के लिए भाजपा से न तो केंद्र या राज्य स्तर पर कोई समर्थन मिला। उन्होंने लिखा कि इन प्रशंसनीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मेरे स्वयं के उत्साही प्रचार प्रयासों को पश्चिम बंगाल में केंद्र या राज्य स्तर पर भाजपा से कोई समर्थन नहीं मिला है। मैंने लोगों तक पहुंचने के लिए बंगाल की रणनीति का सुझाव देते हुए एक विस्तृत प्रस्ताव रखा था। बंगाल के। मेरे प्रस्तावों को नजरअंदाज कर दिया गया। इन दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए, मेरे लिए भाजपा के सदस्य के रूप में बने रहना असंभव हो गया है।




## क्या आप भी करते हैं डाइजीन जेल का इस्तेमाल ?

### हो जाएं अलर्ट, कंपनी बाजार से वापस बुला रही दवा

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) द्वारा एसिडिटी और उससे जुड़े लक्षणों से राहत के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले लोकप्रिय फॉर्मूलेशन के खिलाफ अलर्ट जारी करने के बाद अमेरिका स्थित दवा निर्माता एबॉट ने स्वेच्छा से भारत में अपने लोकप्रिय डाइजीन जेल के कई बैचों को वापस ले लिया है। कुछ रोगियों द्वारा कड़वे स्वाद और तीखी गंध की शिकायत के बाद डाइजीन जांच के दायरे में आ गया। 31 अगस्त को लिखे एक पत्र में डीसीजीआई ने मरीजों से गोवा में कंपनी की विनिर्माण सुविधा से आने वाले डाइजीन जेल उत्पादों का उपयोग करने से बचने के लिए कहा।इसके




अलावा, दवा नियंत्रण पैनल ने थोक विक्रेताओं को उत्पाद के उन सभी बैचों को वापस लेने का निर्देश दिया है जो गोवा सुविधा में निर्मित किए गए थे और अभी भी उनके सक्रिय शेल्फ जीवन के भीतर हैं। डीसीजीआई की सलाह स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों तक भी है। जिसमें उक्त उत्पाद की खपत के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी एडीआर (प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया) की रिपोर्ट करने और उपयोग बंद करने के लिए अपने मरीजों को सावधानीपूर्वक सलाह देने और शिक्षित करने का अनुरोध किया गया है। 9 अगस्त 2023 को ग्राहक द्वारा उपयोग की गई डिजीन जेल मिंट फ्लेवर की एक बोतल नियमित स्वाद (मीठा) और हल्के गुलाबी रंग की थी, जबकि उसी बैच की एक अन्य बोतल में शिकायत के अनुसार कड़वा स्वाद और तीखी गंध के साथ सफेद रंग की थी। एबॉट के प्रवक्ता ने बताया कि भारत में एबॉट ने स्वाद और गंध पर ग्राहकों की अलग-अलग शिकायतों के कारण स्वेच्छा से हमारी गोवा फैक्ट्री में बनी डाइजीन जेल एंटासिड दवा को वापस ले लिया है।

रोगी में स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं जैसी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

### दिल्ली में 8 से 10 सितंबर के बीच बंद रहेंगे सभी स्कूल, कॉलेज और कार्यालय

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के लिए विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 8 सितंबर से 10 सितंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। आज, 6 सितंबर को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना ने सभी स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालय को बंद करने की जानकारी दी। आतिशी ने कहा, ÷जी20 शिखर सम्मेलन के कारण 8 सितंबर से 10 सितंबर तक दिल्ली भर में सभी स्कूल, कॉलेज और कार्यालय बंद रहेंगे।

### चकल्लस



सब कुछ अच्छा लगता है जब इरादे नेक हैं
बढ़े आगे सम्हले चलते चले भले विचार अनेक हैं
देश को मत तौले मत बांटे देश तो देश है यारो
गर्व से कहें भारत तो भारत है इण्डिया है दोनों एक हैं ।

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# सीमा के घर मिले एनआरसी से जुड़े दस्तावेज

## एनआईए ने 12 व 14 सितंबर को पक्ष रखने के लिए लखनऊ बुलाया

**प्रयागराज।** अर्बन नक्सलियों से तार जुड़े होने इनपुट मिलने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सीमा आजाद के मेंहदौरी स्थित घर मंगलवार को करीब 12 घंटे सर्च ऑपरेशन चलाया। यह सर्च ऑपरेशन सुलेमसराय में भी चलाया गया। एनआईए की टीम ने सीमा आजाद और उनके पति विश्वविजय से करीब 12 घंटे तक पूछताछ की और नोटिस देकर अपना पक्ष रखने के लिए 12 व 14 सितंबर को लखनऊ दफ्तर बुलाया है। सर्च ऑपरेशन में टीम को एनआरसी से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं।

पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबरटीज की उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सीमा आजाद के खिलाफ एनआईआईए के पास ठोस इनपुट्स थे। यही कारण है कि टीम ने सुबह 5 बजे सीधे उनके घर में रेड डाली। उस समय तक सीमा आजाद और उनके पति विश्विजय सो ही रहे थे। एनआईए के साथ बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। टीम ने सीमा आजाद और विश्वविदजय को 12 घंटे तक हाउस अरेस्ट रखा। इस दौरान सीमा आजाद, विश्वविजय के मोबाइल, लैपटॉप जमा कर लिए गए। इसके अलावा घर में रखे हर एक दस्तावेजों की जांच शुरू हुई। एक-एक डायरी उसके एक-एक पन्ने टीम ने पलटकर देखे। जांच में एनआरसी आंदोलन से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। इसके अलावा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के शक में एनआईए ने पूरे घर का एक-एक कोना 12 घंटों में खंगाल डाला। आलमारियां, दीवान, किताबें, साहित्य सब अपने छानने के बाद एनआईए की टीम ने सुबूतों की लिस्टिंग की। करीब 26 ऐसे सुबूत एनआईए अपने साथ ले गई है जिसके बारे में अब सीमा आजाद और उनके पति विश्वविजय से लखनऊ में पूछताछ होगी।

जिस समय एनआईए रेड डाल रही थी उस समय सीमा आजाद मीडिया को देखकर घर से बाहर निकलीं और बोलीं एनआईए मेरे घर का सर्च वारंट लेकर आई थी। इस रेड की स्क्रिप्ट पहले से तैयार है। उन्होंने किताबें पढ़ी हैं और एक एक साहित्य देखा है। उन्हें कुछ ऐसा नहीं मिला है जिससे मेरे खिलाफ कोई केस बने। टीम अपने साथ एनआरसी के पर्चे, कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित दस्तावेज, वीर बहादुर का उपन्यास रस्साकसी सहित बहुत दस्तावेज अपने साथ ले गई है। बैंक खातों की जानकारी भी ली है। अब सुबह 10 बजे 14 सितंबर को एनआईए के लखनऊ दफ्तर में बुलाया गया है।

# इमाम हुसैन के नाम पर आज रक्तदान शिविर

**प्रयागराज।** इंक़ेलाबी ब्लड डोनर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चेहल्लुम के अवसर पर बृहस्पतिवार को दिन में 11 बजे से यादगारे हुसैनी इन्टर कालेज में नाज़ ब्लड बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इब्दा संस्था के शाहिद अस्करी व कैप्टन मोहम्मद मेंहदी नक़वी ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी सैकड़ों लोग इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के नाम पर रक्तदान करने का संकल्प लिए हैं जो चेहल्लुम पर रक्तदान करेंगे।

# डॉ. एसएस सिंह बेस्ट टीचर अवार्ड से स मानित

## आगरा में आयोजित थी दो दिवसीय हो योपैथी कांफ्रेंस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आगरा में आयोजित हो योपैथी कांफ्रेंस में शहर के जाने माने हो योपैथिक चिकित्सक डॉ.(प्रोफेसर) एस.एम, सिंह को बेस्ट टीचर के अवार्ड से स मानित किया गया। उन्हें यह स मान आगरा की मेयर हेमलता दिनकर ने प्रदान किया।

दो दिवसीय नौवीं हो योपैथिक नेशनल कांफ्रेंस 2023 में बाल पद्धति (हेयर टेक्नीकि) से हा योपैथी दवा से ठीक हुए मरीजों की केस स्टडी प्रस्तुत की गई। हैनीमैन एजुकेशनश् डेवलेपमेंट सोसाइटी, इंडियन सोसायटी ऑफ हो योपैथी और लंदन कालेज ऑफ हो योपैथी ने इसमें प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ करते




हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि जहां एलोपैथी समाप्त होती है वहां हो योपैथी शुरू होती है। हो योपैथी में मर्ज का पूरा इलाज किया जाता है। इंडियन सोसाइटी ऑफ हो योपैथी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आदित्य पारीक ने बताया कि पहले सत्र में हो योपैथी से अवसाद के इलाज पर डॉ. मोनिका श्रीवास्तव सामाजिक चिंता विकार और उपचार के रूप में हो योपैथी पर डॉ. जयिता चौधरी ने ता भारत में हो योपैथि शिक्षा पर डॉ. तारकेश्वर जैन ने व्या यान किया। इसी क्रम में चिकित्सकों को स मानित किया गया। प्रयागराज के चिकित्सक डॉ. (प्रोफेसर) एस.एम, सिंह को बेस्ट टीचर के अवार्ड से स मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रयागराज के चिकित्सक को यह स मान मिलने से पूरा जनपद गौरवान्वित है। अनेक चिकित्सकों को और शिक्षकों ने उनको बधाई दी है।

# शिक्षक समाज का दर्पण,इसकी गरिमा बनाए रखना जरूरी- मनीष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करछना(प्रयागराज)।** शिक्षक हमारे समाज का दर्पण होता है।बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनमें नैतिक शिक्षा का भाव भरने और राष्ट्र निर्माण के लिए एक अच्छी पौध तैयार करने में शिक्षक की भूमिका बहुत अहम है।हम सब को चाहिए कि इस गरिमा को बराबर बनाएं रखें। यह बातें रामपुर से बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित विविध कार्यक्रमों के दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। उन्होंने बच्चों में शिष्य और शिक्षकों के बीच आदर और सम्मान की परंपरा बनाए रखने पर जोर दिया। प्रवक्ता प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार,जगतपाल और मोहम्मद परवेज



सिद्दीकी ने भी बच्चों को देश के गौरव और शिक्षक के रूप में प्रेरणा प्रदान करने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से सीख लेने पर जोर दिया। बच्चों ने अपने-अपने कक्ष सजाये थे और शिक्षकों के साथ मिलकर एक विशेष खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। इसके पूर्व प्रार्थना सभा के उपरांत शिक्षक दिवस के प्रतीक डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और बड़े संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# देवी देवताओं के वेश में स्कूल पहुंचे बच्चे

## ज्वाला देवी सरस्वती बालिका इंटर कालेज में जन्माष्टमी पर आयोजित हुई रूपसज्जा प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद, त्रिवेणी शाखा ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ज्वाला देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बच्चे विभिन्न देवी देवता की वेशभूषा में विद्यालय आए। कोई कृष्ण बना कोई सुदामा बना। इस तरह भगवान के रूप में बच्चे सज धज कर घर से आए। भारत विकास परिषद त्रिवेणी शाखा हर वर्ष यह कार्यक्रम करती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, के अध्यक्ष ,लायंस क्लब और अनेक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी लालू मित्तल पधारे। कृष्ण जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं और संस्कार से युक्त होते हैं। शाखा के अध्यक्ष श्री अरविंद सरण दरबारी ने कहा कि हमें बच्चों को संस्कार सीखाना चाहिए। ज्वाला देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मीना श्रीवास्तव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं कार्यक्रम संचालिका एवं निर्णायक की भूमिका में डॉ रश्मि शुक्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे अपने संस्कृति संस्कार से जुड़ते हैं ।

द्वितीय निर्णायक की भूमिका में डॉक्टर अर्चना सिंह रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लालू मित्तल ने भगवान श्री कृष्णा के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्णा से हमें जीवन में अनेक ज्ञान, प्रेरणा मिलती है। श्री कृष्ण का अवतार ही भगवान ने अधर्म पर धर्म की विजय ,अन्याय पर न्याय की विजय, विपत्ति काल में भी धैर्य पूर्वक, साहस से सभी क्षेत्रों में विजय सफलता प्राप्त की जा सकती है।

कंस वध, द्रोपदी चीर हरण ,अर्जुन को रण क्षेत्र में गीता का ज्ञान, कृष्ण द्वारा बोले गए श्लोक का अर्थ ,÷यदा यदा ही धर्मस्य... जब जब भी धर्म का नाश होता है तो धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेता हूं, एक अंगुली पर पर्वत उठाकर बृजवासियों की रक्षा ,ग्वाल गोपियों के साथ लीलाओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। लालू मित्तल ने इस प्रकार की आयोजन से बच्चों में सनातन धर्म अपनी संस्कृति को पहचान समझना में मदद मिलती है, जबकि आज के आधुनिक युग में बच्चे पाश्चात्य संस्कृति की तरफ अंधे की तरह भाग रहे हैं , उन्हें अपनी संस्कृति समाज का बोध कराती है और सदमार्ग पर चने की प्रेरणा देती है। अच्छे सारथी ,अच्छे मित्र आदि अनेकों गुणों से युक्त कृष्णा चरित्र हमें उनके जीवन से हमें बहुत सीख मिलती है। जिसका हमें अनुसरण करना चाहिए।

प्रतियोगिताओं में बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। शाखा के कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल ने सबका अभिवादन किया, शाखा के सचिव कन्हैया जी अग्रवाल ने सबको धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में मंजू दरबारी ,रमन गुप्ता जय हिंद, प्रशांत दरबारी, आकांक्षा दरबारी ,हरिप्रसाद शुक्ला, शिक्षक ,शिक्षिकाएं एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# लव श्रीवास्तव मेमोरियल बास्केटबॉल 16 से

**प्रयागराज।** ओलंपिक एसोसिएशन प्रयागराज मंडल के तत्वावधान में प्रथम लव श्रीवास्तव मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता 16 से 22 सितंबर तक अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (मेयोहॉल) में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग की दस और बालिका वर्ग की चार टीमें भाग लेंगी।

इच्छुक टीमें एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुश श्रीवास्तव (9795119511) अथवा जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव शील ओझा (9415215960) से 11 सितंबर को शाम 6 बजे से पहले संपर्क कर सकती हैं। यह जानकारी एसोसिएशन के चेयरमैन विनोद कांत श्रीवास्तव ने दी है।

# अधीक्षक ने किये औचक निरीक्षण लगाई फटकार



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बुधवार को टीकाकरण के दौरान कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डाँ, उमेश चंद्र ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ियारी का औचक निरीक्षण किए । जिससे कई ख्यामिया मिलने पर फटकार लगाई ।ग्रामीणों ने शिकायत नियमित टीकाकरण न होने पर केन्द्र पर पहुंचकर एएनएम लालती मौर्या को फटकार लगाते हुए कहा कि प्रत्येक बुधवार को टीकाकरण किये जाए । तथा संबंधित समस्त लोजिस्टिक, परिवार नियोजन से संबंधित लोजिस्टिक सामान न होने से आवश्यक निर्देश दिए ।तथा आशा एवं एनएम का ड्यू लिस्ट आदि चेक किया गया। जिससे कई खामियां मिलने पर हिदायत दी गई।

# शुआट्स वैज्ञानिकों की सलाह, पूरे सप्ताह वर्षा के आसार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने पूरे सप्ताह वर्षा के आसार जताते हुए कृषकों को सलाह दी है कि धान संकरी , चौड़ी पत्ती व मोथा खरपतवारों के नियंत्रण हेतु रोपाई के 15-20 दिन बाद नमी की स्थिति में बिसपाइरीबैक सोडियम 10 प्रतिशत एस . सी . 0.20 ली . प्रति हे . 500 ली . पानी में घोलकर छिड़काव करें । धान में तनाबेधक , पत्ती लपेटक . बंका कीट एवं हिस्पा के नियंत्रण हेतु बाईफेन्यिन 10 प्रतिशत ई.सी. 500 मिली . प्रति हे . अथवा क्यूनॉलफॉस 25 प्रतिशत ई.सी. 1.50 लीटर 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें अथवा कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 18 कि.ग्रा . मात्रा को रेत या यूरिया के साथ मिलाकर 3 से 5 से.मी. स्थिर पानी में बुरकाव करें । उर्द व मूंग में सफेद मक्खी तनाबेधक तथा चूसक कीटों के नियंत्रण हेतु ईमामेक्टीन बेन्जोएट 80 ग्रा . तथा थाईमेथोक्सम 20 मि.ली. प्रति एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें । तोरिया की खेती तोरिया की सम्पूर्ण उ.प्र . हेतु संस्तुत प्रजातियों टा -9 , पी.टी. - 303 , भवानी मध्य उ.प्र हेतु संस्तुत टाइप -36 तथा तराई क्षेत्र हेतु संस्तुत प्रजाति पी.टी. - 30 के बीज की अग्रिम व्यवस्था कर लें ताकि सितम्बर के प्रथम पखवारे में इसकी बुआई हो सके । मूंगफली की खेती मूंगफली में सफेद गिडार के प्रबंधन हेतु खड़ी फसल में क्लोरपाईरीफॉस 20 ई.सी. 4 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से जड़ों अथवा सिंचाई के माध्यम से डालें । बेधक कीटों के जैविक नियंत्रण के लिये 50 हजार ट्राइकोग्रामा अंड युक्त ट्राइकोकार्ड प्रति एकड़ क्षेत्रफल में 8 से 10 स्थान पर लगायें । कार्ड टुकड़ों में काटकर पत्तियों की निचली सतह पर नत्थी कर दें । यह कार्य 10 दिनों के अंतराल पर दोहरायें



। आगामी शरदकालीन गन्ने की बुआई वाला खेत यदि खाली है तो हरी खाद के लिये सनई व ऊँचा की बुआई करें । बेहन हेतु पातगोभी , मध्यकालीन फूलगोभी , शिमला मिर्च तथा टमाटर आदि की नर्सरी में बुआई करें तथा पूर्व में बोई गई तैयार पौध की रोपाई भी यथाशीघ्र करें । परवल की गाँठ युक्त लताओं की रोपाई यथाशीघ्र समाप्त करें । . शकरकन्द की संस्तुत प्रजातियों का कन्द लगायें ताकि समय से लतायें मिल सकें । नींबू में कैंकर रोग से बचाव हेतु कॉपर आक्सीक्लोराइड 3 ग्राम अथवा स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 600 मिलीग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें । जिन तालाबों में मत्स्य बीज संचय हो चुका है उनमें प्लेंकटामीन 5 किग्रा . प्रति हे . की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें इससे तालाब में प्लेकटान की मात्रा में वृद्धि होगी जो कि मछलियों का प्राकृतिक भोजन है । लम्पी स्किन रोग ( एलएसडी ) एक विषाणु जनित रोग है , जिसकी रोकथाम हेतु पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण प्रोग्राम चलाया जा रहा है । सभी कृषक / पशु पालक अपने निकटतम पशु चिकित्सालय से सम्पर्क कर इसकी रोकथाम संबंधी उपाय एवं टीकाकरण की जानकारी ले सकते हैं ।

# महेवा गांव की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, आवागमन में संकट

**नैनी( प्रयागराज) ।** क्षेत्र के टीसीआई तिराहे से महेवा गांव की ओर जाने वाली सड़क की दशा काफी जर्जर हो गई है। इस पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है ।बताया जाता है ,कि रीवा रोड टीसीआई तिराहे से महेवा गांव की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, सड़क पर की गिट्टीया पूरी तरह उखड़ गई है । डामर का तो कहीं नामोनिशान तक नहीं बचा है। इस सड़क पर निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों के घरों का पानी सड़कों पर बहता रहता है। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर जल जमाव होने की वजह से सड़क की दशा दिनों दिन खराब होती चली जा रही है। गड्ढा युक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों का तो चलना दूर रहा, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया हैं । इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई, बावजूद इसके उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# नालियों का अभाव, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**जारी (प्रयागराज)।** बारा तहसील के डाँडो चौराहे से डाँडो गांव को जाने वाली रोड की हालत खस्ता है। नाली न होने की वजह से लोग रोड पर पानी बहाने को मजबूर हैं। डाँडो गांव जाने वाली रोड जो पी डब्ल्यू डी द्वारा बननी है । मगर इस रोड पर कभी काम नही लगा। लोग जैसे तैसे आ जा रहे हैं। ये रोड डाँडो चौराहे से डाँडो गांव,खेरहट,बांसी,रूम, से होते हुए कुशला गन्ने नहर को जाके मिलती है। इस रास्ते की जहां से शुरुआत होती है, वहां से ले कर 500 मीटर तक रोड अत्यधिक खराब है। और उसी में लोग नाली के अभाव के कारण रोड में ही नाली बहाने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आएदिन लोग इसमें फिसल कर गिरते रहते हैं। कई लोग तो गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं । रोड की इस दशा से लोग अत्यधिक परेशान हो गये हैं। इस सड़क से आने जाने वाले लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क और नाली के विषय मे शिकायत किया, मगर कोई फर्क नही पड़ा। इस सड़क से आने जाने वाले कई गांवों के नागरिकों ने शासन व प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मांग किया है, कि लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए इस रोड का तत्काल निर्माण करवाया जाए। व पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों का आवागमन सुगम हो सके।

# विशिष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में कौधियारा के पांच शिक्षक को सम्मानित

**कौंधियारा( प्रयागराज )।** जिला पंचायत सभागार प्रयागराज मे बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज द्वारा आयोजित विशिष्ट शिक्षक सम्मान समारोह मे कौंधियारा विकासखंड की कुल पांच शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। यह शिक्षक शिक्षिकाएं अपने विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प निपुण भारत मिशन, कुशल शैक्षिक प्रबंधन, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए उनके विशिष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। समारोह मे विधायक कोरांव, महापौर गणेश केशरवानी सीडी ओ गौरव कुमार जिला बी एस ए प्रवीण कुमार तिवारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे सम्मानित शिक्षकों में आलोक सिंह



सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बारी बाजहिया, सुनील कुमार सिंह, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुलमई, रिजवान अहमद, प्रधानाध्यपक, प्राथमिक विद्यालय ऐकौनी, गीता रानी, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय ,जुगुल का पूरा । शालिनी,सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवाराडीह को सम्मानित किया ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**नैनी(प्रयागराज)।** मेरा देश मेरा माटी के अंतर्गत सोमेश्वर नाथ मंडल भारतीय जनता पार्टी वार्ड नंबर 47 अरैल नैनी प्रयागराज में कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल महामंत्री राम जी श्रीवास्तव के नेतृत्व में आहूत की गई जिसमें संयोजक दीपक पांडे जी मंडल उपाध्यक्ष राजू शुक्ला जी सेक्टर प्रभारी ध्रुव तिवारी जी वरिष्ठ भाजपा नेता महेश वर्मा जी डॉक्टर सुभाष कुशवाहा जी संजय श्रीवास्तव कार्यकर्ताओं के सहयोग से बैठक आयोजित किया गया जिसमें मेरा देश मेरी माटी के अंतर्गत प्रत्येक घरों में जाकर के सभी नागरिकों से अपील करते हुए निवेदन करते हुए चावल एकत्रित करके उसको केंद्रीय




कार्यालय एवं प्रदेश कार्यालय के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशानुसार उसको केंद्रीय कार्यालय दिल्ली भेजा जाएगा।

# उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता ने आर ए एफ के जवानों को कानूनी चुनौतियों के बारे में बताया



**फाफामऊ।**101 आर.ए0एफ. कैम्प परिसर मे श्री आर.के.शर्मा, अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय के द्वारा कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम के दिशा- निर्देशन में वाहिनी के समस्त जवानो को उनके व्यक्तिगत तथा पेशेवर जीवन में आने वाली कानूनी चुनौतियो के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिए विहित कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में बहुत ही सरल तरीके से समझाया। इसके अतिरिक्त डयूटी के दौरान किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखा जाए इसका भी वर्णन किया। क्योंकि कानून का पालन करने वालो से कानून का उल्लंघन की अपेक्षा कोई भी नहीं करता। इनके व्याख्यान से सभी कार्मिक लाभान्वित हुए।उक्त अवसर पर 101 आर.ए.एफ के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे। अन्त में श्री मनोज कुमार गौतम कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. नें श्री आर. के. शर्मा अधिवक्ता उच्चतम न्यालय का आभार प्रगट किया।

# विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग की ओर से आयोजित की गई कार्यशाला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बुधवार 6 सितंबर को एक होटल में विद्युत सुरक्षा दिवस मनाया गया। जिसमें विद्युत सुरक्षा विभाग और अग्निशमन विभाग की तरफ से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन विद्युत सुरक्षा के सहायक निदेशक हेमंत शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यशाला में विद्युत सुरक्षा उपनिदेशक प्रयागराज डॉक्टर अवधेश कुमार साहनी उपस्थित रहे।कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में डॉ राजीव कुमार पांडे की गरिमामई उपस्थिति रही।सहायक निदेशक हेमंत शर्मा द्वारा होटल एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करने का सुझाव दिया है। हेमंत शर्मा ने विद्युतीय कार्य मान्यता प्राप्त लाइसेंस धारी ठेकेदार द्वारा ही कराए जाएं का सुझाव दिया एवं उन्होंने होटल एवं




वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा नियतकालिक निरीक्षण हर 3 वर्ष पर अवश्य करा लिये जाने पर जोर दिया जिससे किसी गंभीर दुर्घटना से बचा जा सके। इसके पश्चात अग्नि सुरक्षा -जीवन रक्षा पर डॉ0 आर के पांडेय ने सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि अपने सस्थान में अग्नि सुरक्षा उपकरण एनबीसी -2016 मानक के अनुरूप लगायें और कार्यशील रखने हेतु फायर आपरेटर रखें। अपने संस्थान में 02 स्टैरकेश (निकास मार्ग) रखे निकास मार्ग बाधित कभी ना रखे फायर स्टेशन पर सभी स स्थान अपने कर्मचारियों के अग्नि सुरक्षा हेतु ट्रेनिंग कराएं एफएसओ राजेश चौरसिया द्वारा अग्निशमन उपकरण चलाने,और गैस सिलिंडर की आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला में होटल एसोसिएशन की ओर से इंद्रपीत सिंह निक्की, महानगर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल, महिला व्यापार मण्डल अध्यक्ष अनिता टंडन, प्रिम रोज़ संस्थान के प्रबन्धक फरहान आलम, और होटल व्यवसाई, चिकित्सक, प्रबंधक विद्यालय,अन्य व्यापारी बंधु की गरिमा मई उपस्थिति रही।

# ग्रामीण क्षेत्रों में नही कराया जा रहा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव

**जारी (प्रयागराज)।** ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है, छिड़काव से ग्रामीण क्षेत्रो के वंचित रह जाने से ज्यादातर गांवों में लोगों को मच्छरों के प्रकोप से होने वाले डेंगू, मलेरिया, व टायफाइड जैसी प्रांण घातक बीमारियों के चपेट में आने का भय बना रहता है 7 दिनङ्करात मच्छरों का आतंक बना रहता है 7 स्थानीय लोगों का कहना है कि चाहे दिन हो या हो रात, घर में हों या बाहर मच्छरों के प्रकोप से नही बचा जा सकता है स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों व बाजारों में आज तक स्वच्छता अभियान कभी नही चलाया गया 7 ग्रामीण क्षेत्र जैसेङ्कग्राम पंचायतङ्कमझियारी, कूंड़ी, गौहानी, अतरसुइया, गड़ैया कला,, गड़ैया खुर्द, मैदा, खूझी, रैपुरा,भिस्कुरी ,रामपुर लोटाढ, रामपुर, कोटर, रेंगा, आदि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान व कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जाना अति आवश्यक है 7 ग्रामीणों का कहना है कि, उच्चाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जायजा अथवा भ्रमण न किये जाने के कारण स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही बरती जाती है

# जिलाधिकारी ने किया विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

## आई0जी0आर0एस0 के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

## सी0एम0 डैशबोर्ड के इंडीकेटर्स में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने माह अगस्त में आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान 02 या 02 से अधिक शिकायत डिफाल्टर पाये जाने पर जिला युवा कल्याण अधिकारी, ए0डी0ओ0 (पंचायत) मूरतगंज, प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा, पी0ओ0 नेडा, प्राचार्य आई0टी0आई0 एवं जिला उद्यान अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय तथा विशेष ध्यान दिया जाय कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में एक भी शिकायत डिफाल्टर पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि अगर आपके विभागीय भूमि पर अवैध कब्जा है तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर अवैध कब्जा हटवाया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता, सिचांई को नहरो को संचालित कराने तथा सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को सरकारी इमारतों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने तथा कार्यालयों को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि गौशालाओं के लिए चिन्हित चाराहगाहों में शत-प्रतिशत नैपियर घास की बुआई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पेंशन से सम्बन्धित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कराकर पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सी0एम0 डैशबोर्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान 10 से कम अंक प्राप्त इंडीकेटर्स के सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागीय इंडीकेटर में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 सितम्बर से 23 सितम्बर तक मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम मनाये जाने के निर्देश दिये गये है।

उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतवारध्वार्डवार स्थल चिन्हित करते हुए क्लस्टरवाइज कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाय एवं तिरंगा व बैनर भी लगाया जाय। कार्यक्रम में जनसहभागिता सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि आमजन से एक मुट्ठी मिट्टीध्एक चुटकी चावल घड़ा में एकत्र किया जायेंगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत से घड़ा को शोभायात्रा निकालते हुए ब्लॉक मुख्यालय में लाया जायेंगा तथा ब्लॉक मुख्यालयों से शोभायात्रा निकालकर जनपद स्तर पर लाया जायेंगा, जिसे लखनऊ भेजा जायेंगा। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित आदि योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, ई0डी0एम0 कीर्त कुमार तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कोटिया गांव के उपचुनाव में 60 प्रतिशत मतदाताओं ने किया अपने मतों का प्रयोग

## ग्राम प्रधान की कैंसर से 18 मई को हो गई थी मृत्यु



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नेवादा, कौशाम्बी।** स्थानीय विकास खंड के कोटिया गांव में बुधवार को ग्राम प्रधान पद का उपचुनाव संपन्न हुआ। लगभग आधे से अधिक मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। निर्वाचित ग्राम प्रधान का तीन माह पहले कैंसर की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। तब से यह पद खाली चल रहा था।

विकास खंड नेवादा के कोटिया गांव में आजाद पाल ग्रामप्रधान निर्वाचित हुए थे। वह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनका 18 मई 2023 को देहांत हो गया था। तब से यह पद रिक्त चल रहा था। बुधवार को यहां का उपचुनाव हुआ। चुनाव में चंद्रपाल प्रजापति, राजेश पाल, सुमन सिंह और राजेश अर्कवंशी ग्रामप्रधान पद के प्रत्याशी थे। ग्राम सभा में कल 2446 मतदाता थे जिनमें से 1460 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ।इस दौरान उप जिलाधिकारी दीपेंद्र यादव और क्षेत्राधिकार योगेंद्र कृष्ण नारायण मौजूद रहे। सराय अकिल कोतवाली इंस्पेक्टर विनीत सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे जिससे चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया।

# शिक्षक दिवस पर किया गया शिक्षा को सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** 05 सितंबर डॉ0 राधाकृष्णन सर्वपल्ली जी के जन्म दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर नित्या सरस्वती ज्ञान मंदिर टेवां मे प्रबंधक एडवोकेट दुर्गेश कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के संस्थापक देवेंद्र नारायण त्रिपाठी ने विद्यार्थी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफको शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति एवं अपने गुरु के प्रति समर्पण भाव सम्मान रखने की प्रेरणा देते हुए डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन पर प्रकाश डालें इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल अवनीश नामदेव सहयोगी शिक्षक रोहित कुमार, मणि शंकर, विकास, आर्यन, नीतिका, शिवांशी, वंदना, मोनी,अंजली,शिवानी अध्यापिका मौजूद रहे।

# रूद्रा फॉउण्डेशन में मनाया गया शिक्षक दिवस




**कौशाम्बी।** रूद्रा फाउण्डेशन कौशाम्बी द्वारा संचालित दोनों विद्यालयों पं0 जगत नारायण विद्या निकेतन, रामदयालपुर, काजू कौशाम्बी एवं एम0 एस0 इण्टर कॉलेज, सिकन्दरपुर बजहा, मूरतगंज, कौशाम्बी में शिक्षक दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि रूद्रा फाउण्डेशन के तकनीकी सलाहकार अंजनी कुमार त्रिपाठी ने सरस्वती पूजा के साथ ही विद्यालय के सभी गुरूजनों का तिलक लगाकर सम्मान किया एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आगे उन्होंने शिक्षक के गुणों एवं उनके महत्व के बारे में बताया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुरेखा श्रीवास्तव ने आये हुए सभी अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। पं0 जगत नारायण विद्या निकेतन के शिक्षक दिवस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या रेखा मिश्रा ने सभी शिक्षकों का अभिवादन किया। विद्यालय के एडमिन प्रभाकर दुबे व गिरिजेश नारायण पाण्डेय सहित एकेडमिक हेड विनय गिरि, मुदितमन, धनंजय, पवन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकएँ व कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# तेरह दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर योग्य बने कृषि उद्यमी- जितेन्द्र कुमार चौधरी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कृषि उद्यमी योजना के तहत बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान मंझनपुर में एग्री जंक्शन प्रशिक्षण का समापन हो गया। समापन समारोह में अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र कुमार चौधरी और निदेशक नवीन कुमार झा, वित्तीय सलाहकार इश्वरी प्रसाद चौधरी उपस्थित रहे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, सभी प्रशिक्षुओं को कृषि विभाग की ओर से निःशुल्क खाद, बीज और दवाओ की बिक्री हेतु लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। और सभी चयनितो को बैंकों से कम ब्याज पर ऋण और अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान संकाय आशुतोष त्रिपाठी ने सभी को सफल उद्यमी बनने के गुर सिखाए और कृषि क्षेत्र से कैसे आय प्राप्त किया जाए बताया, बैंकिंग सेक्टर से संबंधित जानकारी निदेशक महोदय ने प्रदान की। संस्थान के निदेशक नवीन कुमार झा ने सभी को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी,और शुभकाना प्रदान की। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान जिले में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु समय समय पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। जिससे जिले के युवा अपना उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके। इस मौके पर कार्यालय सहायक आशुतोष केशरवानी, राजकुमार, दिनेश कुमार उपास्थित रहे।

# जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री करागार का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री करागार सुरेश राही 07 सितम्बर 2023 को रात्रि 09 बजे शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा पहुँचेंगे। प्रभारी मंत्री 08 सितम्बर 2023 को प्रातः 9:30 बजे प्राथमिक विद्यालय/ऑगनबाड़ी केन्द्र दीवर, मंझनपुर का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री पूर्वान्ह 10 बजे उदयन सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे तथा अपरान्ह 12:15 बजे विचार परिवार के साथ भेंटवार्ता करेंगे। प्रभारी मंत्री अपरान्ह 2:20 बजे किसान कल्याण केन्द्र सौंरई खुर्द एवं अपरान्ह 2:40 बजे नगियामई अस्थायी गौआश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री अपरान्ह 03 बजे राजकीय महाविद्यालय बनपुकरा के निर्माण कार्यो का निरीक्षण तथा अपरान्ह 03:30 बजे ग्राम पंचायत केसारी में चौपाल कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# युवक ने फेसबुक लाइव होकर की खुदकुशी, मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी/ म्योहर, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के म्योहर गांव में एक युवक ने फेसबुक में लाइव आकर फांसी के फंदे पर लटक गया । आनंद फानन में लोगों ने जब तक उसे उतार पाते तब तक उसकी जान चली गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजकर जांच शुरू कर दिया है।

करारी कोतवाली के जीतू अर्कवंशी पुत्र राम आसरे अर्क वंशी म्योहर गांव के मूलनिवासी है। जानकारी के मुताबिक जीतू के पिता और घर वाले कहीं बाहर अस्पताल में किसी को देखने गए थे। जीतू घर पर अकेला था। तभी अचानक वह घर के कमरे में फेसबुक पर लाइव आकर छत के पंखे पर फांसी के फंदे पर लटक गया। उसका फेसबुक लाइव को देख जानकारी हुई तो आनन फानन घर पहुंचे जब तक वह जीतू को फांसी के फंदे से निकालते तब तक उसकी जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर गांव के लोगों के चर्चा पर जाएं तो जीतू किसी लड़की से प्रेम करता था। और लड़की के धोखा देने पर उसने गम भरे गानों पर फेसबुक पर लाइव आकर फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दिया। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तरीय तिलहन गोष्ठी कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने डायट मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय तिलहन गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए किसानों से कहा कि गेहूं और धान के अलावा तिलहन की फसल का भी उत्पादन करें तथा जिप्सम का प्रयोग करें, जिससे तिलहन फसल में सल्फर की अच्छी मात्रा हो सकें। उन्हांने ÷श्रीअन्न÷ (मोटा अनाज) की महत्ता बताते हुए कहा कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है, मोटा अनाज के उपयोग से हम लोग विभिन्न बीमारियों से बच सकतें हैं। उन्हांने कहा कि किसान भाई मोटा अनाज-ज्वार, बाजरा, कोदो एवं सावा आदि का भी उत्पादन करें। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को किसानों तक पहुँचाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने किसानों को विपरीत परिस्थिति में भी अपनी फसल का बचाव करने के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें, जिससे विपरीत परिस्थिति में यदि फसल नष्ट होती है तो उसका लाभ मिल सकें। इस अवसर पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर सिराथू तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

# 25वीं माध्यमिक विद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** श्री मान सिंह इण्टर कॉलेज, सिकन्दरपुर बजहा के खेल मैदान में 25वीं माध्यमिक विद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया जिसमें जिले की तीनों तहसीलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुरेखा श्रीवास्तव द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया व विद्यालय के उपप्रबन्धक उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा जिला क्रीड़ा सचिव श्याम लाल, सम्भाग सचिव चायल सतीश चौधरी व मंझनपुर सम्भाग सचिव अवध कुमार व क्रीड़ाध्यक्ष गिरिजेश नारायण पाण्डेय का बैज अलंकरण कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में चायल सम्भाग ओवरऑल चैम्पियन रही।

मंझनपुर सम्भाग उपविजेता रही व जूनियर बालक वर्ग में उपविजेता सिराथू सम्भाग रहा।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय रक्सवारा में मनाया गया शिक्षक दिवस




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रक्सवारा विकासखंड एवं जनपद कौशांबी के प्रांगण में भारत देश के दूसरे राष्ट्रपति एवं प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं शिक्षाविद डॉक्टर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को बताते हुए उनके जीवन चरित्र को आत्मसात करने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया स विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान रूपी दीपक से ही अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाया जा सकता है अतः अपने मन मस्तिष्क को ज्ञान से युक्त करने के लिए सभी शिक्षार्थी गण प्रतिदिन ज्ञान रूपी मंदिर विद्यालय में आए और सुशिक्षित होकर योग्य नागरिक बन अपने देश, समाज की सेवा करें । शिक्षा के माध्यम से हम अपने जीवन, समाज एवं देश को उन्नतशील बना सकते हैं । इस अवसर पर रामप्रकाश स्वर्णकार, प्रमोद कुमार, डॉक्टर राम मोहन केसरवानी, मोहम्मद तारिक, फहीमुद्दीन, संजीव कुमार इत्यादि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# सराय अकिल में शिक्षक दिवस पर कवि सम्मेलन संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल में शिक्षक दिवस पर फकीराबाद चौराहे स्थित अतुल क्लासेस में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम किया गया जिसमें आयोजक अतुल अग्रहरि के पिता स्वर्गीय ओम शरण अग्रहरी( पूर्व प्रवक्ता इतिहास )आदर्श इंटर कॉलेज स्मृति में शिक्षक दिवस पर कवि सम्मेलन किया गया।बता दें मंगलवार को शिक्षक दिवस पर अतुल क्लासेज कोचिंग संस्थान पर कवि सम्मेलन किया गया जिसमें कई शहरों के कवि यों ने अपनी अपनी मुखारविंद से काव्य पाठ सुनाया कवि सम्मेलन में जैसे प्रतापगढ़ प्रयागराज कौशांबी आदि कई जगह से कवि, कवित्री एकत्र हुए सम्मेलन कवि सम्मेलन का संचालक प्रतापगढ़ से चलकर आए गीतकार कवि अशोक अग्रहरि ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में रेनू द्विवेदी कार्यक्रम में पहुंची कई कार्यक्रम में कई कार्यक्रम में अशोक अग्रहरि, आदित्य मिश्रा, श्रृंगार रस कवि ,प्रज्ञा शर्मा प्रयागराज, रेनू मिश्रा प्रयागराज साहिल दर्पण कौशांबी मनीष कौशांबी रिचा सिंह बिगहरा उस्मानपुर धीरेंद्र सिंह नागा प्रयागराज आदि लोग शामिल रहे।

# अटसरई में ट्रांसफार्मर खराब, विद्युत सफ्लाई ठप



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी फीडर के अटसरई गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिससे गांव में बिजली आपूर्ति ठप होने से है ग्रामीण परेशान हो गए हैं। गर्मी, उमस के साथ ही पेयजल समस्या से रोजाना जूझना पड़ रहा है।साथ ही खेतो में खड़ी धान की फसल की सिंचाई न हो पाने से फसल के खराब होने की आशंका है । अटसरई गांव निवासी रामदत्त त्रिपाठी , चंदन सिंह , गजेंद्र सिंह , अजय त्रिपाठी , रामेश्वर प्रसाद आदि ने बताया कि गांव में 25 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर सोमवार को अचानक से खराब हो गया भयंकर उमस भरी गर्मी में लोग यहां तड़पने को मजबूर हैं। रात में किसी तरह से यहां लोगों को नींद आती है और छत व आंगन सहारा बने हैं। हैंडपंप पर दिनभर लाइन लगी रहती है। इसके अलावा मोबाइल चार्ज करने को पास के गांव जाकर दूसरों से मिन्नत करना पड़ता है। साथ ही पेयजल व खेतो की सिंचाई न होने से फसल चौपट हो रही है । जिससे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मियों से ट्रांसफार्मर बदलवा कर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलाए जाने की मांग की है।

# शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता है- संजय गुप्ता



**भरवारी, कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी कॉलेजों के शिक्षक शिक्षिकाओं को केपीएस सभागार में इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक चायल द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुछ शिक्षकों को सम्मान के रूप में एक माह की अतिरिक्त वेतन बोनस के रूप में प्रदान किया गया। श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा आज के बदलते एवं आधुनिक परिवेश में शिक्षकों के समक्ष तमाम चुनौतियां भी हैं तकनीक के आविष्कार से शिक्षण कार्य में एक क्रांति आई है परंतु वहीं दूसरी ओर बच्चे तकनीक का दुरुपयोग कर पथभ्रष्ट भी हो रहे हैं ऐसी स्थिति में शिक्षकों का बच्चों के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही और बढ़ जाती है इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि कॉलेज आफ फार्मेसी, केपीएस भरवारी, केपीएस भीटी,छ.व. कॉन्वेंट कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं एनडी जूनियर हाई स्कूल सहित सभी विद्यालयों के टीचर को अंग वस्त्रम से सम्मानित करते हुए सहभोज दिया गया कार्यक्रम का संचालन संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा ने किया।

# नाली में कूड़ा फेकने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाली में कूड़ा फेकने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई जिसमे दो लोग चोटहिल हो गए , पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए पड़ोसियों पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर निवासी निरंजन लाल पुत्र इंद्रपाल ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की बुधवार की सुबह पड़ोसी महिला नाली में कूड़ा फेंक रही थी , निरंजन का आरोप है की जिसका विरोध करने पर पड़ोसी आधा दर्जन लोगो के साथ घर में घुसकर मारपीट करने लगे बीच बचाव के लिए आई उसकी पत्नी कन्या देवी की साड़ी उतार दी व बहू मोहिनी के साथ मारपीट कर चोटहिल कर दिया । पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है । पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# अमर डांस स्टूडियो में मनाया गया शिक्षक दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्यालय में डीएम आवास के बगल में एक चर्चित संस्थान अमर डांस स्टूडियो में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों ने मनाया। देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस की 135वीं वर्षगांठ को शिक्षक दिवस के रूप में मानते हुए संस्थान के प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अपने वक्तव्यों में महान शिक्षाविद, समाज सुधारक एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति के जीवन आदर्शों को सराहा। उन्होंने कहा की एक शिक्षक ही समाज का निर्माता है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने एक दूसरे को केक खिलाया। संस्थान के प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बच्चों को शिक्षक दिवस के बारे में जानकारी दी कि यह देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिनका जन्म 05 सितंबर 1888 को हुआ था। इस अवसर पर संस्थान के अखिलेश कुमार, अरविंद कुमार, दिव्या देवी, आर एस भारती, जिक्रा, देवराज आदि लोग उपस्थित रहें।

# डीएम एवं एसपी ने भक्तिधाम मनगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध की बैठक





**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़।** भक्तिधाम मनगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सुरक्षा, यातायात व अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया भक्तिधाम मनगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर देश एवं विदेश से श्रद्धालु आते है और कार्यक्रम में प्रतिभाग करते है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भक्तिधाम मनगढ़ में यातायात, भीड़ प्रबन्धन, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था करा ली जाये तथा भक्तिधाम मनगढ़ परिसर में सतर्क निगरानी रखी जाये जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि भक्तिधाम मनगढ़ में स्वास्थ्य कैम्प लगाया जाये एवं चिकित्सा टीमों की तैनाती की जाये जिससे किसी भी श्रद्धालु का स्वास्थ्य खराब हो तो उसे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मनगढ़ परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जाये और निर्धारित स्थलों पर पुलिस बल समय से तैनात रहे और आने जाने वाले लोगों की सघन तलाशी की जाये। खाने पीने वाली चीजे बाहर से न आने पाये, मन्दिर परिसर में जो भी सुविधायें है उसका ही उपयोग किया जाये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, उपजिलाधिकारी कुण्डा व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपर जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया



**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़।** ो दीवानी न्यायालय समस्त वाह्य न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, इसके प्रचार प्रसार के लिये अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बड़ौदा यू0पी0 बैंक प्रधान कार्यालय मीरा भवन से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन का उद्देश्य जन जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बताना है

तथा जनसामान्य को यह बताना है कि वे अपने सभी प्रकार के मामलों का जो जुर्माने से दण्डनीय है पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बिजली के मामले, टेलीफोन के मामले, चेक बाउन्स के मामले, सुलह योग्य फौजदारी मामले, बैंकों के ऋण सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन वाद एवं वैवाहिक वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर पूर्ण एवं प्रभावी समाधान सुलह समझौता के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में प्राप्त कर सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत जो 09 सितम्बर को आयोजित हो रही है में निस्तारित किये गये मामलों की कोई अपील नही की जाती और समाधान का प्रभाव वैसा ही रहता है जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है। इस अवससर पर क्षेत्रीय प्रबन्धक आर0एल0 बुनकर, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा एवं अन्य बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्कूल कॉलेजों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने मचाया धमाल



**लोकमित्र(नि. स.)**
**लालगंज प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर आइन्सटीन पब्लिक स्कूल धधुआ गाजन के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं शाश्वत मिश्र, आराध्या तिवारी, संस्कृति तिवारी, अमृतांश गुप्ता, समृद्धि कनौजिया, स्वीकृति सरोज, सामर्थ श्रेय, शानवी ओझा, श्रद्धा मिश्रा, आराध्या कोरी आदि ने गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो भजन पर मनमोहक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं स्कूल की छात्रा परी पाण्डेय, तार्या शुक्ला आदि ने श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा के भजन पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र हर्ष सिंह ने कृष्ण अर्जुन संवाद पर कविता पाठ करके लोगों की जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ओझा, कुसुमा यादव, अर्चना तिवारी, शिवांगी गुप्ता, दीप्सि सिंह, आयुषी मिश्रा तथा मयंक तिवारी ने सामूहिक रूप से किया। प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर सौरभ मिश्र, रागिनी त्रिपाठी, सपना यादव, आस्था, मनीषा, अमरेश यादव, संध्या मिश्रा आदि मौजूद रहे। इधर सगरा सुंदरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इण्टरमीडिएट कालेज एवं चिल्डेऊन पैराडाइज स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक झांकी निकाली। कार्यक्रम में दही हाण्डी फोड़ने की प्रतियोगिता भी हुई। शिक्षक चर्तुभुज मिश्र, सुशील, समशाद अहमद, सरोज सिंह व संजू तिवारी को आदर्श शिक्षण कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। संचालन राज त्रिपाठी विद्रोही व संयोजन ध्रुव नारायण मिश्र ने किया। प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर किरन ओझा, कुलदीप मिश्र, रामप्रसाद, देवयानी यादव, सुचित्रा त्रिपाठी, पारूल शुक्ल, डॉली पाण्डेय, अनामिका, श्रुति पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के कुछ मंत्री पढ़े इतिहास तथा संविधान का अर्जित करें ज्ञान- प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने शहीद की स्मृति मे स्वयं तथा विधायक मोना की ओर से प्रवेश द्वार तथा इण्टरलाकिंग की किया घोषणा

**लोकमित्र(नि. स.)**
**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बीजेपी पर इण्डिया को लेकर देश की जनता के राष्ट्र को लेकर जुडे भावनात्मक रिश्ते पर गहरा आघात करार दिया है। उन्होने कहा कि जी-20 की बैठक को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार ने अब देश के संविधान निर्माताओं के विवेक तक पर सवाल खड़ा करने की हिमाकत की है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार के कुछ केन्द्रीय मंत्री कानून की जानकारी तथा इतिहास को न पढ़ने के कारण इण्डिया के शब्द नाम पर अविवेकपूर्ण बयानबाजी कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीजेपी संविधान तथा संवैधानिक संस्थाओं पर इसलिए लगातार हमलावर है ताकि वह देश की जनता के सामने मणिपुर हिंसा, सरहदों की सुरक्षा, चीन के भारतीय भूभाग पर अतिक्रमण, गरीबी और बेरोजगारी से जुडे गंभीर सवालों के साथ खेती किसानी की अनसुलझी समस्याओं की जबाबदेही से बच सके। बुधवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा संविधान को आखिर क्यूं नही समझ पा रही है। उन्होने कहा कि इण्डिया दैट इज भारत और भारत दैट इज इण्डिया संविधान





में देश की प्रौढ़ परिपक्व लोकतंत्र की खूबसूरती है।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व की विशिष्टता का उदाहरण रखते हुए भाजपा से सवाल पूछा कि वह बताये कि भगवान के कितने नाम है। उन्होंने कहा कि अनेकानेक नामों के बावजूद भगवान के प्रति श्रद्धा प्रत्येक नामों में समान रूप से जुडी हुई है। ऐसे में इण्डिया अथवा भारत या हिन्दुस्तान देश का कोई भी नाम हो हर भारतीय के मन में राष्ट्रीय आस्था एवं विकास के प्रति लालसा अक्षुण्य बनाये हुए है। जी-20 को लेकर भाजपा के कुछ मंत्रियों द्वारा गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की प्रधानमंत्री के रूप में अध्यक्ष रहीं इन्दिरा गांधी के प्रति आवांछित टिप्पणियों पर भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कडा हमला बोला। उन्होने कहा कि एक सौ तीन देशों के गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की अध्यक्षता कर इंदिरा गांधी ने विश्व में देश का मान बढ़ाया था। श्री तिवारी ने वैश्विक संगठनों की अर्न्तराष्ट्रीय परम्परा का जिक्र करते हुए मोदी सरकार पर तंज कसा कि आज जी-20 की अध्यक्षता पीएम मोदी की काबिलियत को लेकर नहीं बल्कि रोटेशन के तहत भारत कर रहा है।

इसके पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी अठेहा के लखरईयां गांव पहुंचे। यहां उन्होनें सेना के हवलदार रामकुमार पाल की हाल ही में हुई शहादत को नमन किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शहीद रामकुमार पाल की स्मृति में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गांव में शहीद रामकुमार की स्मृति में प्रवेश द्वार तथा सड़क से शहीद के घर तक इण्टरलाकिंग मार्ग भी बनवाये जाने की घोषणा की। श्री तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम समेत राहाटीकर, रेहुआ लालगंज, मंगापुर, उदयपुर, अठेहा, लालगंज, रामपुर तथा संग्रामगढ़ में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होनें भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों का दर्शन पूजन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का यह पावन पर्व आसुरी प्रवृत्ति की शक्तियों पर धर्म की विजय का संदेश है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना हमें बुरे विचारों का त्याग करते हुए धार्मिक सिद्धांतो के पालन तथा निःस्वार्थ कर्म करने की प्रेरणा देता है। श्री तिवारी ने लोगों से कहा कि मनुष्य के जीवन में कर्म ही सबसे महान हुआ करता है। सांसद प्रमोद स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से भी लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की जगह जगह शुभकामनाएं सौपते दिखे। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, डा. अमिताभ शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, अशोकधर दुबे, रघुनाथ सरोज, दृगपाल यादव, पप्पू तिवारी, अतुल शुक्ला, महादेव मिश्र, जयसिंह, दुर्गेश पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल, सुनील त्रिपाठी, रवीन्द्र मिश्र, महंत दुबे आदि रहे।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर रूरल बार का धरना प्रदर्शन, डीएम के ज्ञापन लेने न पहुंचने पर हंगामा

## सीआरओ तथा एडीएम को आक्रोशित वकीलों ने बैरंग वापस लौटाया, जमकर हुई नारेबाजी





**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर बुधवार को कचहरी में आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के धरना प्रदर्शन में वकीलों ने जमकर गुस्से का इजहार किया। राष्टपति को संबोधित हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन डीएम को देने की जिद पर अड़े वकीलों ने एडीएम तथा सीआरओ को बैरंग वापस कर दिया। सीआरओ से कुछ देर तक धरना स्थल पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल व जेपी मिश्र तथा मुक्कू ओझा आदि से नोंकझोंक भी होती रही। इसके बाद सीआरओ ने एडीएम को फोन कर यहां के माहौल से अवगत कराया। सीआरओ धरना स्थल से वकीलों का आक्रोश भांप चले गये। हालांकि एडीएम ने वकीलों के साथ धरना स्थल पर बैठकर समझाने बुझाने का प्रयास किया पर आक्रोशित वकील एडीएम के सामने ही प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा तथा जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा की अगुवाई में कचहरी में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तथा हापुड में वकीलों पर लाठीचार्ज में दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने का आयोजन हुआ । धरनास्थल पर राष्टपति को संबोधित ज्ञापन पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस बीच धरना स्थल पर एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल भी पहुंच गये। जूनियर बार के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र तथा मुक्कू ओझा ने डीएम के कार्यालय ज्ञापन लेने के लिए संदेश भेजवाया। थोड़ी देर में सीआरओ राकेश कुमार धरना स्थल पर पहुंचे। सीआरओ ने अधिक्ताओं को बताया कि डीएम मुख्यालय से बाहर हैं। सीआरओ ने ज्ञापन मांगा तो धरना दे रहे अधिवक्ताओं ने उन्हें ज्ञापन देने से मना कर दिया। सीआरओ वकीलों का आक्रोश देख लौट गये। करीब आधे घंटे बाद जिले के एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा धरना स्थल पर पहुंचे। एडीएम ने भी डीएम के मनगढ़ होने की बात बताते हुए वकीलों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। इस पर एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने एडीएम से कहा कि यह जिलाधिकारी की असंवेदनशीलता है। उन्होनें धरना स्थल पर एडीएम के सामने अपने भाषण में कहा कि जिलाधिकारी का राष्टपति को संबोधित स्वयं ज्ञापन न लेना संविधान तथा राष्टपति पद की गरिमा का अपमान है। प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा तथा पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने भी एडीएम से कडी नाराजगी जतायी। तब तक वकील आक्रोशित हो हापुड़ के डीएम व एसपी की बर्खास्तगी का नारा लगाने लगे। वकीलों ने जिले के डीएम के खिलाफ भी नारेबाजी की। एडीएम स्वयं धरना स्थल पर कुछ देर बैठे और वकीलों को ज्ञापन देने के लिए समझाने बुझाने में मशक्कत की। इसके बावजूद नाराज वकीलों ने एडीएम को भी ज्ञापन देने से मना कर दिया। रूरल बार के पदाधिकारियों ने एडीएम के द्वारा जन्माष्टमी के पर्व का हवाला देकर शांति व्यवस्था में सहयोग मांगने पर इस चेतावनी के साथ धरना स्थगित किया कि जन्माष्टमी पर्व के बाद अब यह धरना डीएम आवास पर होगा। रूरल बार के धरने प्रदर्शन का समर्थन करने लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में भी वकीलों का जत्था दिखा। एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने धरनास्थल पर सभा का संचालन करते हुए कहा कि राष्टपति को संबोधित जिले के अधिवक्ताओं का ज्ञापन अब अगले सप्ताह प्रयागराज मण्डल के आयुक्त को वहां पहुंचकर सौपा जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए डा. नीरज त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, रोहित शुक्ल, आचार्य ओमप्रकाश मिश्र, पं. रामसेवक त्रिपाठी तथा राधेकृष्ण त्रिपाठी आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर प्रशासनिक तथा आपराधिक हमले अब बर्दास्त नही किया जाएगा। इस मौके पर दिनेश पाण्डेय, दिवाकर सिंह, दिग्विजय सिंह, जगदीश मौर्या, सचिन्द्र सिंह, मनोज कुमार, रजनीश मिश्र, धीरेन्द्र शुक्ल, विपिन शुक्ल, राजकुमार मिश्र, आसिफ सिददीकी, विद्यासागर शुक्ल, कौशलेन्द्र सिंह, अरूण सिंह, पंकज शर्मा, बालजी ओझा, पवन मिश्र, हरीश शुक्ल, लल्लू बाली, शिव नारायण शुक्ल, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज के विरोध में वकीलों का गुस्सा बरकरार, हुआ विरोध प्रदर्शन

**लालगंज प्रतापगढ़।** हापुड में वकीलों पर लाठीचार्ज तथा लखनऊ में वकीलों के खिलाफ केस दर्ज होने से आक्रोशित वकीलों ने बुधवार को भी तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर आक्रोश जताते हुए न्यायिक कामकाज का बहिष्कार भी किया। पार्क में हुई आमसभा में अनिल महेश ने चेतावनी दी कि हापुड़ में लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई न हुई तो वकीलों का आन्दोलन थमेगा नहीं। सभा का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। सभा को गया प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, राजेश दुबे, अनूप



पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, सूर्यकान्त निराला, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, कुलदीप त्रिपाठी, तपन पाण्डेय, विपिन शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, शिवेन्द्र तिवारी आदि ने संबोधित कर वकीलों पर प्रशासन की ज्यादती पर आक्रोश जताया।

# रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर क्रास केस दर्ज

**लोकमित्र(नि. स.)**
**लालगंज प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने क्रास मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केवलपुर सराय नरायन सिंह गांव की सुनीता सरोज पत्नी लालचन्द्र सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार सितंबर को सुबह रंजिशन गांव के श्रीनाथ के पुत्र रामसमुझ अपने भाई रोशन लाल व राजू पुत्र बृजलाल तथा सुमेरे पुत्र रामसुख के साथ लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपीगण सुनीता से गालीगलौज करते हुए उसे मारने पीटने लगे। शोर सुनकर बचाव में पहुंची पीड़िता की सास को भी मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़िता की सास बेहोश हो गयी। आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। घटना की जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार की रात चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इधर विपक्षी निर्मला देवी पत्नी रामसमुझ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के रामस्वरूप सरोज के पुत्र लालदेव, लालचंद्र, लालजी व नन्दलाल तथा पत्नी विमला देवी उर्फ भोरहिन तथा गुडडी पत्नी लालदेव व रीता पत्नी लालजी एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे। गाली देते हुए घर मे घुसकर उसे व मीना देवी पत्नी रामसुमेर तथा उसकी पुत्री साक्षी को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# डाक घर में सीबीआई की धमक, हडकम्प

## एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ में शिकायत की हकीकत खंगालने में जुटी सीबीआई

**लोकमित्र(नि. स.)**
**लालगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज डाकघर में बुधवार की दोपहर अचानक सीबीआई की दस्तक को लेकर हडकंप मच गया। सीबीआई लखनऊ शाखा की टीम अचानक डाकघर पहुंची। एक डाक सहायक को सीबीआई ने धर दबोचते हुए उसके पास से कुछ रकम भी बरामद की है। डाकघर में घंटो पूछताछ के बाद सीबीआई टीम लालगंज कोतवाली पहुंची। यहां सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन को अपनी कार्रवाई से अवगत कराया। इसके बाद सीबीआई टीम स्थानीय पुलिस के साथ आरोपी के घर पहुंची। यहां महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में सीबीआई ने आरोपी के घर की भी तलाशी ली है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने एक शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कुछ दिन पूर्व अपने थाने में एफआईआर भी दर्ज कर रखी है। पिछले दो दिनों से सीबीआई आरोपी की गतिविधियों की छानबीन में लगी हुई थी। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की टीम आरोपी को लखनऊ शाखा ले जाकर भी पूछताछ करेगी। इसके बाद आरोपी को सीबीआई कोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा। सीबीआई की धमक को लेकर देर शाम तक डाकघर में हडकंप का माहौल बना रहा । हालांकि सीबीआई ने मीडिया को कुछ भी बताने से परहेज किया।

# मोबाइल में तस्वीर लेकर पिता की खोजबीन में गांव गांव चक्कर लगा रहा है पुत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सिराथू शक्तिपीठ कड़ा धाम में दो दिन पहले दर्शन पुजन के लिए आया बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, जिसकी तलाश में बुजुर्ग का पुत्र अपने पिता की तस्वीर मोबाइल में लेकर गांव गांव चक्कर लगाकर लोगों से पूछताछ कर रहा है ।



बताया जाता है प्रतापगढ़ के मंधाता निवासी लालजी सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह कड़ाधाम थाना क्षेत्र के शीतला धाम में सोमवार को परिवार के साथ शीतला माता के दर्शन के लिए आए थे सोमवार की दोपहर दर्शन करने के पश्चात अचानक लालजी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए पर, लालजी के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया,परिजनों नें धाम क्षेत्र समेत आसपास के गांव में काफी खोजबीन की लेकिन जब लालजी का कोई पता नहीं चला तो हलाकन परिजन ने कड़ा धाम थाना में गुमशुदगी की तहरीर दी। वही लाल जी का पुत्र देवेंद्र सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ कड़ा धाम क्षेत्र के सभी गांव में जा जाकर मोबाइल में अपने पिता की तस्वीर दिखाकर लोगों से उनके मिलने पर सूचना देने की अपील कर रहा है । बुधवार को देवेंद्र सिंह अपनी मौसी के लड़के शिवा सिंह के साथ कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शरीफाबाद , देवीगंज आदि दर्जनों गांव में घूम कर मोबाइल पर अपने पिता की फोटो दिखाकर लोगों से उनके मिलने की जानकारी होने पर उन्हें सूचना देने की अपील और निवेदन करता फिर रहा है पिता के प्रति बेटे देवेंद्र की चाहत और दुख देखकर क्षेत्र के लोगों की आंखें भी नाम हो गई है फिलहाल क्षेत्र के लोगों ने देवेंद्र को विश्वास दिलाया कि वह सभी प्रयास करेंगे कि उनके पिता जल्द मिल जाए। पिता के अचानक गायब हो जाने से परिवार में शोक का माहौल है।

# सपाट कुएं में गिरकर गोवंश की मौत

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथपुर का मजरा खत्रीपुर गांव में बस्ती के बाहर स्थित एक सपाट कुएं में बेसहारा गोवंश की गिरकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव को कुएं से बाहर निकाल कर दफनाया है।

बताया जाता है की खत्रीपुर गांव के बाहर स्थित एक सपाट कुएं के पास हरी घास चरते हुए बेसहारा गोवंश अचानक कुएं में गिर गया जिसकी जानकारी होने पर गांव के लोगों के भीड़ जमा हो गई और उसे निकालने का प्रयास करने लगे लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो गई जिस पर लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाल कर जेसीबी से मिट्टी खोदवाकर शव को दफना दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हजारों की गृहस्थी जलकर राख

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कसेंदा गांव में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान में आग लग गई। आग से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें देखकर जुटे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी पुलिस और राजस्व विभाग को दे दी गई है



कसेंदा गांव निवासी राम सुमरन मजदूरी करके अपने दो पत्नी और बच्चों का भरण पोषण करता है। पहली पत्नी अनुरेखा ने बताया कि मंगलवार को वह दूसरी पत्नी को लेकर खेतों में मजदूरी करने गई थी। पति मजदूरी करने गए थे। शाम को उसके कच्चे मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से घर की गृहस्थी धू-धू कर जलने लगी।

आग लगने से बक्से में रखा 5 हजार रुपए नकद सहित कपड़े, अनाज, बिस्तर और छप्पर समेत हजारों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। जलते घर को देखकर पहुंचे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। घंटो मशाकत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दे दी गई है।

# बुखार से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मनौरी, कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल के फरीदपुर सुलेम गांव में बुधवार को बुखार से पीड़ित एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।परिजन गांव के एक झोलाछाप डॉक्टर से उसका इलाज करा रहे थे। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने थाने जाकर डॉक्टर के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

फरीदपुर सुलेम गांव निवासी संतलाल के अनुसार उसके 25 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार को लगभग एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। वह उसका इलाज कराने के लिए प्रयागराज जा रहा था। इसी दौरान गांव का एक झोलाछाप डॉक्टर उसे मिला और उसने मरीज को फौरन स्वस्थ होने का आश्वासन दे कर दवा दे दिया। संतलाल ने बताया कि दवा अवधेश को रिएक्शन कर गयी।इसके कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। वह उसका इलाज कराने के लिए बुधवार को एसआरएन अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से पत्नी और परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित पिता ने थाने जाकर डॉक्टर के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# निलंबन की कार्रवाई होने से दूसरे दिन भी सिराथू के लेखपालों ने किया प्रदर्शन

## एसडीएम को 15 सूत्रीय मांगो को लेकर दिया ज्ञापन





**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** साथी लेखपालों पर निलंबन की कार्रवाई होने से सिराथू तहसील के लेखपालों ने दूसरे दिन बुधवार को सिराथू तहसील कार्यालय मे प्रदर्शन किया। इस दौरान लेखपालों ने एसडीएम सौम्य मिश्रा और नायब तहसीलदार पर तानाशाही से काम करने व लिपिक पर धन वसूली का करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। ऐसे मे पहुंचे जरूरतमंदों को दिन भर परेशान होना पड़ा है। वही उपजिलाधिकारी ने आरोपी को गलत बताते हुए कर्मचारी नियमावली के विरुद्ध काम करने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफकार्रवाई की बात कही है। सिराथू तहसील में तैनात लेखपाल विनोद कुमार मिश्रा व शिव शंकर पाल पर घरौनी के नाम पर वसूली करने व झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के मामले में एसडीएम सौम्य मिश्रा ने निलंबित कर दिया। जिससे नाराज लेखपाल संघ ने बुधवार को बैठक के बाद निलंबन की वापसी सहित 15 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन देते हुए अधिकारियों पर तानाशाही रवैया से काम करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर नारेबाजी की है। वही मांगे न पूरी होने पर लेखपालों ने नौ सितंबर से कलम बंद हड़ताल का अल्टीमेटम दिया है । इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह , मंत्री कमल सिंह , सुनील दिवेदी , जिलाध्यक्ष साधना सिंह , रोहित अग्रहरी , सोहनलाल , शिव शंकर पाल सहित दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।

# हाईमास्ट खराब रात में आने जाने में हो रही दिक्कत

## अषाढा चौराहा बाजार में लगा है हाईमास्ट लोगों ने जल्द ठीक करवाने की अधिकारियों से की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अषाढा, कौशाम्बी।** अषाढा चौराहा में लाखों रूपये की लागत से लगी हाईमास्ट लाईट महज शोपीस बनी है। अषाढा चौराहा पर लगभग पांच साल पहले लाखों खर्च कर विधायक निधि से हाई मास्ट लाईट लगवाई गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बीतें दो साल से खराब के केवल हाईमास्ट को देख रहे हैं। लेकिन प्रकाश का दर्शन नहीं हो रहा है यह लाईट केवल शोपीस बनकर रह गई है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी की लेकिन स्थिति जब की तस बनी हुई है लोगों का कहना है कि लाईट के खराब होने से रात में आने जाने में लोगो को दिक्कत होती है अषाढा चौराहा के राजीव यादव, लवलेश अग्रहरि पप्पू केसरवानी जगदीश मौर्य सुनील वर्मा वासिम अहमद राजेश विश्वकर्मा शिवलाल यादव दिनेश, आदि दुकान दारो और ग्रामीणों ने संबंधित अफसर से शिकायत कर हाईमास्ट लाईट ठीक कराने की गुहार लगाई है।।



# चायल कस्बा में अकीदत व एहतेराम से निकला चेहल्लुम का जुलूस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चायल कस्बा में बुधवार को चेहल्लुम का जुलूस बड़े ही अकीदत व एहतेराम के साथ निकाला गया। इमामबाड़े से छोटी-बड़ी ताजिया, अलम, जुलजनाह और ताबूत का जुलूस लगभग 11 बजे निकला। जुलूस से पहले शुजा ने शोजख्वानी की। शोजख्वानी के बाद मजलिस को पढ़ते हुए जाकिर दिलशाद हुसैन ने कहा कि 2 मोहर्रम सन् 61 हिजरी को इमाम हुसैन (अ.स.) करबला पहुंचे।7 मोहर्रम को पानी बंद हो गया और 10 मोहर्रम को सुबह से शाम तक बुतूल के घर से 72 जनाजे निकल गए। अजादारों कयामत आ गई थी जब फातिमा के घर से एक छह महीने का जनाजा गले पर तीर खाकर निकला था। इमाम हुसैन का लक्ष्य था, लोगों को जहालत और बुराई से बाहर निकालना। इस विषय पर मौलाना ने विस्तार से अपनी बात रखी। कहा कि इमाम हुसैन ने अपने दौर के शासक यजीद का विरोध किया और कहा मुझे



गला कटाना मंजूर है मगर याजीद जैसे अत्याचारी के सामने सिर झुकाना मंजूर नहीं है। इमाम हुसैन को सत्य के रास्ते पर चलने, जुल्म के सामने न झुकने और लोगों को इसी रास्ते पर चलने की हिदायत देने की वजह से शासक यजीद ने कर्बला के मैदान में तीन दिनों तक भूखा, प्यासा रख कर छह महीने के बच्चे, 18 साल के जवान बेटे और 32 बरस के भाई सहित कुल 72 साथियों को शहीद कर दिया। अंजुमन के साहबे बयाज दाऊद हुसैन ने पढ़ा- उठती है आज मय्यते सुल्ताने करबला, होता है दफ्न आज शहीदाने करबला। अंजुमन ए गुंचए कासिमिया बख्शी बाजार प्रयागराज के साहब ए बयाज शाहरुख ने अपने मखसूस अंदाज में नौहाख्वानी की। जुलूस अपने कदीमी रास्ते से होता हुआ शाम पांच बजे करबला में समाप्त हुआ। जुलूस में जुलजनाह, अलम, ताजिया, ताबूत और गहवारा अली असगर बरामद हुआ।

## गौसपुर कटहुला में कल निकलेगा चेहल्लुम का जुलूस

कौशाम्बी। एयरपोर्ट क्षेत्र के गौसपुर कटहुला गांव में शुक्रवार दोपहर चेहल्लुम का जुलूस बड़ा इमामबाड़ा से बरामद होगा। इमामबाड़ा के सदर सलमान अहमद ने बताया कि जुलूस अंजुमन नूरे ऐन बरामद करेगी। उसके बाद अंजुमन असगरिया कदीम मंझनपुर, अंजुमन शब्बीरिया रानी मंडी और अंजुमन सदका ए जहरा करारी और अंजुमन हुसैनिया दरियाबाद नौहाख्वानी व सीनाजनी करेगी। नौहाख्वान शहंशाह व फैज, सिकंदर, फैज और नजमुल हसन अपने हमनवां के साथ मखसुस अंदाज में नौहाख्वानी करेंगे।

# शिक्षक दिवस पर प्राथमिक विद्यालय खनवारी में लगाए गए पौधे




**लोकमित्र ब्यूरो**
**नारा, कौशाम्बी।** सिराथू विकासखंड के ग्राम पंचायत खनवारी में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक विधालय खनवारी के सहायक अध्यापक एवं गजल लेखक महताब नार्वी ने नारा शंकुल क्षेत्र के पांच विद्यालयों में पांच पौधे रोपित किए। विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बच्चों से उन पौधों को सुरक्षित रखने का अनुरोध किया। और आग्रह किया कि आप लोग भी पौधे रोपित करें ताकि पर्यावरण में संतुलन बना रहे एवं हमको शुद्ध प्राण वायु प्राप्त होती रहे।

# सरस्वती बाल मंदिर मे धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी

## श्रीकृष्ण की छट लीलाओं का बच्चों ने किया मंचन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी सरस्वती बाल मंदिर मे कृष्ण जन्माष्टमी बच्चों ने माखनचोर का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। बच्चों ने श्रीकृष्ण की छट लीलाओं से सम्बंधित लीलाओं का नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया एवं राधारानी और गोपाल के बीच आध्यात्मिक प्रेम से सराबोर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल प्रबन्धन के आमंत्रण पर बच्चों के अभिभावक भी इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुये और उन्होने भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ भाग लिया। सरस्वती बल मंदिर के प्रधानाचार्य राजेश गौतम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन व्यक्ति के प्रत्येक क्षण के लिए मार्गदर्शन है। उन्होने अत्याचार को समाप्त करने के लिए पाण्डव के पक्ष होकर महाभारत मे न्याय की जीत कराई। निर्बलों के सहायक बने, सुदामा के साथ आदर्श मित्रता की एक नई मिशाल स्थापित की। हमें श्रीकृष्ण को सदैव स्मरण रखना चाहिए। प्रधानाचार्य राजेश सिंह गौतम ने श्री कृष्ण ने कैसे पृथ्वी पर आकार मानवता की रक्षा की, विद्यालय में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया, विद्यालय के अध्यापक ब्रजेश मिश्रा, यमन पांडे, रौनक सिंह, करन सिंह, शैलेन्द्र पांडे, विशाखा, सीमा, प्रीति, रविता, मीनू, सावित्री, कई अभिभावक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# तीन वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना प0 शरीरा पुलिस उ0नि0 जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा रामचन्द्र प्रजापति निवासी गढ़ी बाजार थाना प0 शरीरा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उ0नि0 विपलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा सागीर अली निवासी रजईपुर थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 सत्य प्रकाश पाठक मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुन्दर निवासी खलीलाबाद थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## 15 लीटर अपमिश्रित शराब मय बनाने के उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उ0नि0अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा बनवारी पासी निवासी कानेमई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 15 लीटर अपमिश्रित शराब व शराब बनाने के उपकरण मय 2.5 किलोग्राम यूरिया खाद के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उ0नि0 विनोद कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मिथलेश कुमार निवासी भवनपुर थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को 12लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 178 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना कोखराज से 02, थाना मो0पुर पइन्सा से 02) कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# जिला पंचायत की बैठक 11 सितम्बर को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अध्यक्षा, जिला पंचायत कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक 11 सितम्बर 2023 को मध्यान्ह 12 बजे जिला पंचायत के रत्नावली सभागार में आहूत की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी ने देते हुए जिला पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधिगणों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

# केशव देवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**म्योहर, कौशाम्बी।** कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज केशव देवी पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूम धाम से भगवान कृष्ण की बाललीलाओं का सजीव मंचन किया गया। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी तमाम महत्त्वपूर्ण घटनाओं का सजीव मंचन किया। विद्यालय के प्रबंधक एसएस सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर सभी बच्चों को छाछ और लस्सी युक्त प्रसाद भी खिलाया गया। आगे कुलदीप सिंघानिया ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी, जिसे केवल जन्माष्टमी या गोकुलाष्टमी के रूप में भी जाना जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्म का जश्न है। यह हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार, भाद्रपद में कृष्ण पक्ष के आठवें दिन (अष्टमी) को में मनाया जाता है।

# किड्जी व एनडी कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** भरवारी स्थित किडजी एवं एन0डी0 कॉन्वेंट स्कूल में आज कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें छोटे-छोटे नौनिहालों का कृष्ण और राधा के रूप में अभिनय बहुत ही आकर्षित और मनोहारी लग रहा था। बच्चे चारों तरफ अपनी मुस्कुराहट से अलग छटा बिखेर रहे थे ऐसे लग रहा था कि जैसे स्वयं राधा और भगवान कृष्ण स्कूल के प्रांगण में अटखेलिया कर रहे हैं सभी संस्थाओं के प्रिंसिपल्स ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर उनकी पूजा अर्चना वंदन किया और संसार के कल्याण की कामना किया रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल माननीय संजय कुमार गुप्ता जी ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के जन्म का हिंदू त्यौहार होता है जन्माष्टमी भारत में एक प्रमुख त्यौहार है और इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भारत के मथुरा में भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को हुआ था और भगवान विष्णु के आठवें अवतार हैं भक्त इस दिन उपवास करते हैं ,भजन गाते हैं, मंदिर सजाते हैं और वास्तविक तौर पर भक्ति से ही शक्ति प्राप्त होती है और शक्ति से ही जनकल्याण जुड़ा हुआ है। संस्थान के डायरेक्टर सीमा पवार ने जन्माष्टमी के इस महान पर्व की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस भीटी प्रधानाचार्य प्रकाश एवं संस्थान की सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु के खेल मंत्री का बयान अमर्यादित- विपुल त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल मंत्री के सनातन धर्म को समाप्त करने वाले अमर्यादित बयान को इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय सह-प्रभारी तथा केसरिया जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष (युवा मोर्चा) विपुल त्रिपाठी ने कहा कि यह सिर्फउनका ही नही बल्कि गठबंधन का मकसद है कि देश मे विद्वेष फैले और सनातन धर्म को समाप्त हो, इसी प्रकार सपा के राष्ट्रीय महासचिव तथा विधान परिषद सदस्य के एक नही अनेक बार हिंदू धर्म को अपमानित करने तथा ब्राह्मण समुदाय निशाना बनाने वाले बयान आये। विपुल ने कहा कि इसी प्रकार विगत पूर्व मे कांग्रेस के अध्यक्ष तथा उनके बेटे के भी सनातन धर्म को अपमानित करने के बयान आये। विपुल त्रिपाठी ने कहा कि देश मे विद्वेष फैलाना तथा धार्मिक निशाना बनाना जातीय वैवादिक बयान देना बंद नही किया तो हम एक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर आज जिले में रहेगें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेसियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए झोंकी ताकत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चली कन्याकुमारी से कश्मीर तक कि 4000 किलोमीटर कि पदयात्रा कि पहली वर्षगांठ पे होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल होंगे।

जिला अध्यक्ष अरुण सरोज विधार्थी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का भारत जोड़ो यात्रा के प्रथम वर्षगांठ में शामिल होने से जिले भर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा आ गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सिन्होरी टोल प्लाजा, जीरो प्वाइंट, भरवारी नगर पालिका परिषद, समदा में स्वागत होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया जायेगा और फिर पदयात्रा का आरंभ होगा जो मंझनपुर बाजार तक जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर यात्रा में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने के लिए कमर कस चुका है। पदयात्रा के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का भड़ेसर गांव के किसानों से मिलेंगे।

## सम्पादकीय

# मायावती के बयान के बाद बसपा में बेचैनी

बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान करके अपनी पार्टी के नेताओं और खास कर सांसदों के बेचैन कर दिया है। उन्होंने एक महीने के अंदर दो बार यह बात कही। पहले पार्टी नेताओं की बैठक में उन्होंने अकेले लड़ने की बात कही और फिर मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक से पहले सोशल मीडिया में लिखा कि बहुजन समाज पार्टी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी और अगले साल के लोकसभा चुनाव में भी अकेले मैदान में उतरेगी। उन्होंने एनडीए और 'इंडिया' दोनों को निशाना बनाते हुए कहा कि उनकी पार्टी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी। ध्यान रहे 'इंडिया' के नेता उम्मीद कर रहे थे कि वे विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी।उनके अकेले लड़ने के ऐलान से सबसे ज्यादा परेशान उनकी पार्टी के सांसद हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में यानी 2019 में वे समाजवादी पार्टी के साथ तालमेल करके लड़ीं थी और उनकी पार्टी 10 सीटों पर जीत गई थी। उससे पहले 2014 में अकेले लड़ कर वे एक भी सीट नहीं जीत पाई थीं। हालांकि दोनों चुनावों में उनको वोट 20 फीसदी के करीब ही मिले। तभी उनकी पार्टी के सांसद चाहते हैं कि पार्टी किसी न किसी गठबंधन में चुनाव लड़े। मायावती भाजपा के साथ नहीं जा सकती हैं क्योंकि तब मुस्लिम वोट पूरी तरह से उनसे अलग हो जाएगा और बाद में दलित वोट भी भाजपा की ओर से तेजी से शिफ्ट करेगा। इसके अलावा भाजपा गठबंधन में उनको ज्यादा सीट भी नहीं मिल सकती है। सो, विपक्षी गठबंधन के साथ जाना उनके लिए बेहतर विकल्प माना जा रहा है।इस बीच खबर है कि मायावती की पार्टी के सांसदों ने अपने लिए सुरक्षित आसरे की खोज तेज कर दी है। कई सांसद भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं तो कुछ सांसदों ने समाजवादी पार्टी और विपक्षी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल से संपर्क किया है। यह भी कहा जा रहा है कि उनकी पार्टी के कई नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं। हालांकि विपक्षी पार्टियां अभी इस तरह का कोई मैसेज नहीं जाने देना चाहती हैं, जिससे मायावती भड़कें। उनको यह नहीं लगना चाहिए कि विपक्षी गठबंधन उनकी पार्टी तोड़ रहा है। इसका मतलब है कि विपक्ष को अब भी उनके साथ आने की उम्मीद है।पिछले दिनों बहुजन समाज पार्टी के एक सांसद ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। हालांकि उसके बाद सपा ने चुप्पी साधे रखी, जिसकी वजह से उनके सपा के साथ जाने या सपा की टिकट से चुनाव लड़ने की अटकलें थम गई। यह भी बताया जा रहा है कि सपा के एक मुस्लिम सांसद पुराने समाजवादी संपर्कों जरिए अखिलेश को मैसेज पहुंचा रहे हैं। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के नेताओं के जरिए उन्होंने सपा से संपर्क किया है। मायावती को इसकी अंदाजा है। वे अकेले लड़ने के खतरे जान रही हैं। उनके सिर्फ एक विधायक है और अगर वे लोकसभा में कोई सीट नहीं जीत पाती हैं तो पार्टी खत्म हो सकती है।




**मेष राशि–** आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको आगे बढ़ने के नये अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। इस राशि के सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को आज किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**वृष राशि–** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा। कोई जरूरी कार्य पड़ जाने की वजह से आज आपको कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से जॉब मिलेगी।

**मिथुन राशि–** आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज जीवनसाथी से किया कोई वादा पूरा करेंगे। परिवार में आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। वाहन चलते समय सावधानी रखें, ग्रीन लाइट होने पर सिग्नल पार करें। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है नया काम शुरू करने का प्लान बनायेगी। ज्वेलरी के कारोबारियों को
आज ज्यादा लाभ मिलेगा। लवमेट्स लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे।

**कर्क राशि–** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप किसी नए मकान, दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। यदि आपका कोई सम्पत्ति संबंधित मामला कोर्ट में चल रहा है, तो उसका फैसला आपके पक्ष में रहेगा। आज आपके बदले व्यवहार से आपकी माता को प्रसन्नता होगी। ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह कारगर साबित होगी। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**सिंह राशि–** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाल है। आज अपने निर्णय लेने की क्षमता को मजबूती मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को आज अपने कार्यों को पूरा करने में लोगों का सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से कार्यों में मदद मिलेगी, कार्य समय से पहले पूरे हो जाएंगे। लवमेट्स से आज आपके मनपसंद की ड्रेस उपहार में मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

**कन्या राशि–** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाले रहेगा। आज आपको किसी कार्य में ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा। कहीं फंसा हुआ पैसा आज अचानक वापस मिलने से आपको ख़ुशी होगी। इस राशि के जो छात्र विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं उनको सफलता मिलेगी। आपका कोई मित्र आज आपके लिए कोई शुभ सूचना लेकर आ सकता है । आज आप प्लानिंग के साथ कार्यों को करेंगे तो तय समय में कार्य पूरे हो जाएंगे।

**तुला राशि–** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरुरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है, यात्रा लाभदायक होगी। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से लेक्चरार के लिए ऑफर आ सकता है। साथ ही लॉ के स्टूडेंट्स आज आगे की पढ़ाई करने के लिए फार्म भर सकते है। कार्यों में माता- पिता का सहयोग मिलेग। बच्चों का मन नई-नई चीजों को सीखने में लगेगा।

**वृश्चिक राशि–** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। संतान की तरफ से आज आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। लेनदेन से संबंधित कोई मामला आज आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने ना लाएं। घर परिवार का माहौल अच्छा बना रहेगा। जीवनसाथी आज घर के कार्यों में सहयोग करेंगे।

**धनु राशि–** आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। आज आपकी कोई पुरानी डील फाइनल हो सकती है। आज अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगायेंगे तो अच्छा लाभ मिलेगा। यदि आप किसी से धन उधार लेना चाहते हैं, तो आज आपको आसानी से मिल जाएगा।

**मकर राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके बिजनेस की गति अच्छी बनी रहेगी। आय के अलग-अलग स्त्रोत मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान पुण्य के कार्य में भी लगा सकते हैं। किसी अच्छे डॉक्टर की सलाह से माता जी के सेहत में सुधार आएगा। ऑफिस के कार्यों को समय पर पूरा कर लें। दाम्पत्य जीवन में चल रही समस्याएं आज समाप्त होंगी।

**कुंभ राशि–** आज का दिन आपके खुशनुमा रहने वाला है। आज अपने काम को पूरा करने के लिए एक्साइटेड रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को आज किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नौकरी में प्रोमोशन के साथ-साथ इन्क्रीमेंट भी होगा। घर जाते वक्त मिठाई लेकर जायेंगे। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन राशि–** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में काम को पूरा करने की जिम्मेदारियां आ सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आज कैश के लेन-देन में सावधानी बरते। परिवार में किसी सदस्य को नौकरी मिलने के कारण घर से दूर जाना पड़ सकता है।

# सनातन धर्म में वर्ण व्यवस्था एवं राजत्व सिद्धान्त : भ्रान्तियाँ एवं समाधान



**ब्रजेश कुमार मिश्र**
**(आई0पी0एस0)**
**पुलिस अधीक्षक**
**पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय**
**सुलतानपुर**

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सभी वर्णों ने प्राचीन भारत पर दशकों तक शासन किया। अस्तु, यह कहना कि तत्समय केवल क्षत्रियों को ही शासन करने का अधिकार प्राप्त था, उचित एवं तथ्यपरक नहीं है।प्राचीन भारत में राज्य एवं वर्णव्यवस्था पर प्रकाश डालने वाले सुव्यवस्थित ग्रंथों में ऋग्वेद का पुरुष सूक्त, महर्षि वाल्मीकि का रामायण, महर्षि व्यास का महाभारत, महाराज मनु की मनुस्मृति तथा चाणक्य के अर्थशास्त्र का उल्लेख प्राथमिकता से किया जाता है।

सनातन धर्म में 'वर्ण व्यवस्था' एवं 'राजत्व का सिद्धान्त'- ये दोनों विचार वामपंथी एवं पाश्चात्य इतिहासकारों की आलोचना के प्रिय विषय रहे हैं। मेरा मानना है कि इन दोनों सिद्धान्तों की समीक्षा करते समय इतिहासकार कभी निष्पक्ष नहीं रहे। ऋग्वेद में वर्णित वर्ण व्यवस्था की मनमानी व्या या कर यह प्रतिपादित किया गया कि प्राचीन भारत में केवल क्षत्रिय ही राजा होते थे और नि न वर्णों को शासन करने का अधिकार नहीं प्राप्त था तथा आधुनिक भारतीय संविधान लागू होने के बाद ही उन्हें यह अधिकार प्राप्त हो सका, किन्तु ऐतिहासिक तथ्य सर्वथा इसके विपरीत बयान करते हैं। उत्तर भारत में साम्राज्यों के उदय की श्रृँखला में सबसे पहले मगध साम्राज्य के अन्तर्गत हर्यक वंश का उदय हुआ, जिसमें बि बिसार तथा अजातशात्रु जैसे पराक्रमी राजा हुए जो क्षत्रिय थे। हर्यक वंश के बाद शैशुनाग वंश का शासन प्रार भ हुआ, जिसमें शिशुनाग और कालाशोक जैसे वीर शासक हुए और ये भी क्षत्रिय वर्ण से आते थे। इस वंश के पतन के बाद नंद वंश का उदय हुआ, जिसमें महापद्मनंद एवं धननंद जैसे प्रतापी शासक हुए, जिन्होंने मगध साम्राज्य को सुदृढ़ करने में बड़ा योगदान दिया, जो शूद्र वर्ण से आते थे। नंद वंश के पतन के बाद मौर्य वंश का उदय हुआ, जिसमें चंद्रगुप्त मौर्य, बिन्दुसार और अशोक जैसे प्रतापी राजा हुए जिन्हें इतिहासकार नि नवर्णीय मानते हैं। मौर्य वंश के इन राजाओं ने मगध साम्राज्य को दक्षिण भारत की सीमा तक पहुँचा दिया। इसके बाद शुंग वंश का उदय हुआ जिसमें पुष्यमित्र, अग्निमित्र जैसे वीर व प्रतापी राजा हुए जो ब्राह्मण वर्ण से आते थे। स्पष्ट है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सभी वर्णों ने प्राचीन भारत पर दशकों तक शासन किया। अस्तु, यह कहना कि तत्समय केवल क्षत्रियों को ही शासन करने का अधिकार प्राप्त था, उचित एवं तथ्यपरक नहीं है।प्राचीन भारत में राज्य एवं वर्णव्यवस्था पर प्रकाश डालने वाले सुव्यवस्थित ग्रंथों में ऋग्वेद का पुरुष सूक्त, महर्षि वाल्मीकि का रामायण, महर्षि व्यास का महाभारत, महाराज मनु की मनुस्मृति तथा चाणक्य के अर्थशास्त्र का उल्लेख प्राथमिकता से किया जाता है। इन सभी ग्रंथों में मानव के गुण और कर्म के आधार पर समाज को चार वर्णों में विभाजित किया गया है- ब्राह्मण (समाज के सत्व गुण प्रधान व्यक्तियों का वह समूह जो पठन-पाठन में दक्ष हो), क्षत्रिय (समाज के रजस गुण प्रधान व्यक्तियों का वह समूह जो बाह्य शत्रुओं से जनता की रक्षा करने में निपुण हो) तथा वैश्य और शूद्र (समाज के तमस गुण प्रधान व्यक्तियों का वह समूह जो लोगों की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक हों)। सृष्टि तभी संतुलित ढंग से चलती है जब ये तीनों गुण सही रूप में कार्य करते हैं- 'सत्वरजस्तमसां सा यावस्था प्रकृतिः।' प्राचीन यूनानी दार्शनिक प्लेटो ने भी अपने ग्रंथ 'रिपब्लिक' में मानवीय आत्मा के तीन गुणों- विवेक, शौर्य तथा तृष्णा के आधार पर समाज को तीन वर्गों- शासक, सैनिक और सेवक में विभाजित किया और इसी आधार पर उसने 'दार्शनिक राजा (सर्वाधिक प्रज्ञा स पन्न व्यक्ति)' की अवधारणा प्रस्तुत की। इस प्रकार प्राचीन भारत की चातुर्वर्ण व्यवस्था मूलतः श्रम विभाजन के सिद्धान्त का पोषण करने वाली एक वैज्ञानिक व्यवस्था थी, जिसमें व्यक्ति अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार समाज को उन्नत बनाने में योगदान करता था। प्राचीन काल में विभिन्न वर्णों में पारस्परिक परिवर्तन सभव था। अपने-अपने गुण और कर्म के आधार पर एक ही परिवार के लोग विभिन्न



वर्णों के अनुसार अलग-अलग कार्य करते थे। ऋग्वेद (9/112/3) में एक प्रसंग आता है जिसमें एक व्यक्ति कहता है कि 'मैं कवि हूँ, मेरे पिता वैद्य हैं और मेरी माता गोबर पाथने वाली हैं। फिर भी हम सभी लोग धन एवं ऐश्वर्य की कामना से एक साथ काम करते हैं।' मनुस्मृति(10/65) में भी यह व्यवस्था वर्णित है कि ज्ञान और कर्म के आधार पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र अपने-अपने वर्ण परिवर्तित कर सकते हैं। इसी प्रकार ऐतरेय ब्राह्मण(2/19) में वर्णित है कि ऐलूष नि नवर्ण के एवं दासी पुत्र थे किन्तु अपने ज्ञान के बल पर आचार्य एवं ऋषि बने। महाभारत कालीन मगध नरेश जरासंध चन्द्रवंशीय क्षत्रिय थे किन्तु वीरता एवं पराक्रम के कारण नि नवर्णीय हिरण्यधनु को अपना प्रधान सेनापति बनाया, जो प्रतापी धनुर्धर एकलव्य का पिता था। सनातन धर्म में राजा किसी भी वर्ण का रहा हो किन्तु उसे पृथ्वी पर ईश्वर का अवतरण माना जाता था और उसका आदेश ही सर्वोपरि होता था। प्राचीन भारत में केन्द्रीकृत आनुवांशिक राजतंत्रीय व्यवस्था प्रचलित थी। महात्मा बुद्ध (जो बि बसार और अजातशत्रु के गुरू थे), आचार्य चाणक्य (जो चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरू थे) तथा महर्षि पतंजलि (जो कि पुष्यमित्र शुंग के गुरू थे) ने भी इसी प्रकार की राजव्यवस्था का समर्थन किया था। उस समय राजा सर्वाधिकार स पन्न होने के साथ-साथ राजधर्म कीमर्यादा से नियंत्रित और संतुलित भी होता था। वेदों, पुराणों, स्मृतियों में राजा के अधिकार के साथ-साथ उसके कर्तव्य भी निर्धारित थे। मनुस्मृति में कहा गया है कि राजा का प्रत्येक कार्य जनता के पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष) की वृद्धि के लिए होना चाहिए। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र (1/19) में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है। वस्तुतः प्राचीन भारत की सामाजिक राजनीतिक व्यवस्थाओं में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'आत्मवत सर्वभूतेषु', 'वसुधैव कुटु बकम' तथा 'सर्वभूतहितेरताः' - इन सभी संकल्पनाओं का समावेश मिलता है। ये संकल्पनाएं ही हमें 'रामराज्य' की ओर अग्रसर करती हैं जहाँ बिना किसी भेदभाव के सर्वमंगल एवं सर्वकल्याण की कामना की गयी है। यवन, शक, कुषाण आदि विदेशी आक्रमणकारियों के कारण प्राचीन भारत में लोगों की अपनी 'निजी पहचान' और 'सामुदायिक अस्तित्व' पर संकट दिखाई देने लगा जिससे यह 'वर्णव्यवस्था' शनैःशनैः 'आनुवांशिक जाति व्यवस्था' में परिणत होने लगी थी। तुर्कों और मुगलों के आक्रमण के बाद यह प्रवृत्ति और बढ़ी जिससे 'प्राचीन वर्णव्यवस्था (गुण एवं कर्म के अनुसार श्रम विभाजन)' शिथिल हो गयी तथा 'दोषपूर्ण जाति व्यवस्था (वंशानुगत जन्म के आधार पर श्रम विभाजन)' ने भारतीय समाज को पूरी तरह से अपने चंगुल में ले लिया। अतः इतिहास को तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार सही ढंग से समझने और लिखने की जरूरत है ताकि जनमानस में प्रचलित भ्रान्तियों का तथ्यपरक निराकरण हो सके।

# यूपी की करीब एक दर्जन सीटों ने बढ़ा रखी है बीजेपी की टेंशन

**स्वदेश कुमार,लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी के नेता भले ही सार्वजनिक रूप से अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हों, लेकिन अंदर खाने की खबर यही है कि फिलहाल बीजेपी आलाकमान 68-70 सीटों से आगे जीत का अनुमान नहीं लगा पा रहा है.बीजेपी मुस्लिम बाहुल्य कुछ सीटों पर हमेशा से कमजोर रही है तो कई मौजूदा सांसद जनता के बीच अपनी खराब छवि के चलते पार्टी के लिए बोझ बन गए हैं.अब आलाकमान को यह तय करना है कि ऐसे सांसदों का क्या किए जाये जो इस बार बीजेपी के लिए जीत की गारंटी नहीं रह गए हैं.यह सब बातें बीजेपी के आंतरिक सर्वे में भी समाने आ चुकी हैं.इसी लिए पार्टी ने कुछ लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदलने का भी मन बना लिया है. सूत्र बताते हैं कि पार्टी के आंतरिक सर्वे में करीब 16 सीटें ऐसी मिली हैं, जहां पर पार्टी की स्थिति अत्यंत कमजोर है। इन सीटों पर जीत के लिए पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है,लेकिन अच्छी बात यह कि इन सीटों पर भी बीजेपी हार की संभावना के बीच भी लड़ती हुई नजर आयेगी. पार्टी के भीतर कुछ सांसदो का टिकट काटे जाने की चर्चा शुरू होते ही उन सांसदों ने दिल्ली से लेकर लखनऊ तक में बैठे अपने आकाओं के यहां दौड़ लगाना शुरू कर दिया है,जिनकी टिकट बंटवारे में अहम भूमिका रहती है.लेकिन बीजेपी आलाकमान इन सब बातों को अनदेखा करते हुए मिशन 80 पूरा करने में लगा है. उत्तर प्रदेश में मिशन 2024 के तहत पार्टी सभी 80 सीटों पर जीत की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की कोशिश सहयोगी दलों से बेहतर समन्वय स्थापित कर चुनावी मैदान में उतरने की है। टिकट बंटवारे के समय एनडीए के सहयोगियों के बीच में किसी प्रकार की खींचतान का न होना, इस बार सकारात्मक संदेश दे रहा है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीटों को लेकर दावेदारी बढ़ने लगी है।बीजेपी इस बात से भी खुश है कि बसपा सुप्रीमों मायावती विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनती दिख रही हैं। बसपा के उम्मीदवार चुनावी मैदान में किसी भी दल के प्रत्याशी का खेल ऊपर-नीचे कर सकते हैं। मायावती का चुनावी मैदान में उतरना विपक्षी गठबंधन के लिए किसी भी स्थिति में सही नहीं होगी। विपक्ष मान रहा है कि आमने-सामने का मुकाबला हो तभी भाजपा को हराना संभव हो पाएगा। ऐसे में विपक्ष को एक पाले में लाना होगा। वहीं, भाजपा 50 फीसदी से अधिक वोट शेयर हासिल करने के लिए लोकसभा क्षेत्रवार अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई है।भाजपा का पहला लक्ष्य 2014 में जीती हुई सीटों को वापस हासिल करना है। वर्ष 2014 में भाजपा ने 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, सहयोगी अपना दल एस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी को 5 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। लेकिन, 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के कारण बसपा के सीटों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। कांग्रेस एक सीट पर सिमटी। सपा ने एक बार फिर 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा के सीटों की संख्या घटकर 62 रह गई। अपना दल एस ने अपने 2 सीटों के आंकड़े को बरकरार रखा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा यूपी की हारी हुई सीटों को रेड जोन में रखा है। साथ ही, जिन सीटों पर सांसदों का परफॉर्मेंस खराब है, उसे भी रेड जोन में रखते हुए तैयारियां चल रही हैं।

केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि उसके आदेशों को अनदेखा करके जो सांसद अभी तक अपनी छवि सुधारने में नहीं जुटे हैं। ऐसे बेपरवाह रहने वाले सांसदों का टिकट इस बार कट सकता है।

वैसे कुछ सांसद नेतृत्व के निर्देशानुसार टिकट कटने की स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में अपनी छवि चमकाने की कवायद में जुट गए हैं। इस बार भाजपा के अंदरूनी सर्वे में वर्ष 2019 के चुनाव में जीती गई फिरोजाबाद, बदायूं और इटावा जैसी लोकसभा सीटों को सबसे मुश्किल श्रेणी में में रखा गया है।

इसी तर भले ही भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उप चुनाव में जीत हासिल की हो, लेकिन दोनों सीटों पर अभी भी बीजेपी जीत का दावा करने की स्थिति में नहीं हैं। इन सीटों पर जीत हासिल करन के लिए विशेष तौर पर रणनीति तैयार की जा रही है। बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कि जाए तो यहां की मुरादाबाद, संभल, रामपुर, नगीना, बिजनौर, बदायूं, फिरोजाबाद, इटावा और मैनपुरी सीटों को जीतने के लिए पार्टी द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पूर्वी यूपी की आजमगढ़, घोसी, लालगंज, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकरनगर जैसी सीटें भी भाजपा की चिंता बढ़ा रही हैं। वर्ष 2014 में भाजपा ने मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अंबेडकर नगर, नगीना, गाजीपुर, घोसी और लालगंज में जीत हासिल की। भाजपा की कोशिश इन सीटों को फिर से जीतने की है। वहीं, 2019 में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर, आजमगढ़, रामपुर और नगीना में मिली हार को जीत में बदलने की भी कोशिश होगी।

खैर,बात मीडिया सर्वे के आधार पर लोकसभा चुनाव में हार-जीत की कि जाए तो टाइम्स नवभारत और ईटीसी के सर्वे के अनुसार एनडीए गठबंधन को 69-73 सीटों पर जीत मिलते नजर आ रही है. जिसका मतलब यह है कि अगर वर्तमान में लोकसभा चुनाव कराए जाएं तो यूपी में एनडीए को 70 से ज्यादा सीटें जीतने को मिल सकती हैं. वहीं इंडिया गठबंधन जिसमें समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर देखे जा रहे हैं उसे सिर्फ 5 से 9 सीटें ही मिल रही हैं.

वहीं बसपा को शुन्य से एक सीट पर जीत मिल सकती है और अन्य के खाते में 1 से 3 सीट जाते हुए नजर आ रही है. फिलहाल इस सर्वे की सबसे बड़ी बात यह है कि 70 से ज्यादा सीटें बीजेपी के खाते में जा रही है, वहीं समाजवादी पार्टी का गठबंधन अपना पिछला आंकड़ा भी नहीं छू पा रहा है. सर्वे के अनुसार वोट शेयर की बात करें तो एनडीए को 51.2 प्रतिशत वोट शेयर, इंडिया गठबंधन को 38.2 प्रतिशत वोट शेयर, बसपा को 6.4 प्रतिशत वोट शेयर और अन्य के खाते में 4.2 प्रतिशत वोट शेयर जा रहे हैं.(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त उ0प्र0 रह चुके हैं)

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## श्री कृष्ण शरण

भजे मेरा मन श्री कृष्ण शरण...
भजे मेरा मन श्री कृष्णा शरण...
जिनके शरण में ही जाकर के....
जिनके शरण में जाकर के...
होवे खुश तन मन।।
श्री कृष्णा शरण....
होवे खुश तन मन....
श्री कृष्णा शरण
भजे मेरा मन श्री कृष्ण शरण...
श्री कृष्ण शरणम श्री कृष्ण चरण..
ज्ञान दिया कर्म करो,
फल की इच्छा को वही धरो,
ज्ञान दिया तुम कर्म करो,
फल की इच्छा वही धरो,
श्रीमत से ..रघुपति से.. प्रेम करो,
बस प्रेम करो कर्म करो
करो अच्छे आचरण।।
श्री कृष्णा शरण...
श्री कृष्णा चरण...
भजे मेरा मन श्री कृष्णा शरण।।
कुब्जा कुबढ़ा ओ शोषित वंचित,
काली श्याम गोरा भेंगा टेढ़ा,
सब को अपना कर..
ऐसा प्रेम राज्य सबकी जुबा पर,
जिंनकी महिमा का गाना करें,
वेद पुराण सभी देवगण।।
श्री कृष्णा चरण, भजन मे रमन श्री कृष्णा चरण।।
शरण चरण शरण शरण....
श्री कृष्णा चरण ,भजे मेरा मन श्री कृष्णा शरण।
भजे मेरा मन श्री कृष्णा शरण ।
श्री कृष्णा शरण श्री कृष्णा चरण।।

**बेकस रमन ( शिक्षक)**
**सीतापुर उत्तर प्रदेश**



## श्री कृष्ण स्तुति

कंस के अत्याचारों से,
धरती जब थर थर कपीं थी।
अब आ जाओ हे अंतर्यामी,
यह करुण पुकार सुनाई दी।
त्राहि त्राहि जब मची धरा पर,
तब ईश्वर ने अवतार लिया।
भक्तों के संकट हरने को,
मनुज रूप स्वीकार किया।
हे तीनों लोकों के स्वामी,
हम तेरी शरण में आए हैं।
हे असुर निकंदन !देवकी नंदन,
हम सब दुष्टों के सताए हैं ।
बंसी की मधुर ध्वनि से अपनी,
सबको वश में कर लेते हैं,
सुर, नर, मुनि , गंधर्व, यच्छ,
प्रभु आपकी महिमा का, वर्णन करते हैं।
द्रोपदी की करुण पुकार सुनी,
प्रभु दौड़े दौड़े आए थे।
इक टुकड़े के बदले में,
साड़ी का ढेर लगाए थे।
ग्राह से जब गज लगा हारने,
श्री हरि की टेर लगाई थी।
छोड़ के अपना धाम मेरे प्रभु ,
नगें पैर दौड़ के आए थे।
इस पूरी सृष्टि के जो,
आधारस्तम्भ कहलाते हैं।
उन परमानंद परमेश्वर के,
हम चरणों में शीश नवाते हैं।
जो हैं अजेय जो हैं अनंत,
मैं प्रति दिन उनका ध्यान धरूं।
मैं जब जब दूं आवाज़ प्रभु,
मेरी विनती तब तब सुन लेना।

**रूबी चेतन शुक्ला**
**अलीगंज**
**लखनऊ**





## हे गोविंदा

हे गोविंदा हे गिरधारी
उर जागी है प्रीत तिहारी
ओ जगत के पालनहारी
आया हूं मैं तेरे द्वार
तुम्ही हो जीवन के सार
दे अपना मुझको प्यार
मेरी अर्जी पे मर्जी तुम्हारी
ओ।।।।।।
चंचल मन मेरा भटक रहा
मोह माया में डूब रहा
कैसे बंधन तोडू मैं
अंतर्मन पूछ रहा
राह दिखा दो मुझको
ओ मेरे बांके बिहारी
ओ।।।।।।
इतना सा कर दो उपकार
नैया लगा दो भव से पार
भक्ति की मुझे भिक्षा दे दो
ओ मेरे प्यारे बनवारी
ओ।।।



**जया मोहन**
**प्रयागराज**



फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मु0नं0 2757/19
नाम फरीकेन रूबिया बनाम नसीम आदि
बनाम
1. नसीम सुत सिराजुद्दीन पति 2. सिराजुद्दीन सुत लियाकत अली ससुर 3. साजमा बानो पत्नी सिराजुद्दीन सास 4. मुश्तकीम सुत सिराजुद्दीन जेठ 5. सबिना 6. रूबिना पुत्रीगण सिराजुद्दीन ननदें समस्त निवासीगण ग्राम फूलपुर समशेरगंज पोस्ट चमरूपुर शुक्लान थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.09.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.09.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 910/22
नाम फरीकेन सविता पाण्डेय पत्नी गौतम मिश्र पुत्री स्व0 देवराज पाण्डेय आयु लगभग 33 वर्ष निवासिनी ग्राम पीरमऊ विशुनदत्त पोस्ट पाइक नगर थाना कन्धई जिला प्रतापगढ़
बनाम
गौतम मिश्र सुत लल्लूराम मिश्र आयु लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट नौबस्ता थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 28.09.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 28.09.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री ईश केशरी के नाम से जीवन बीमा पॉलिसी नम्बर 313066283 है । लेकिन सारे रिकॉर्ड में ईश केशरी का नाम मासूम केसरवानी अंकित है अब उसे मासूम केसरवानी के नाम से जाना और पहचाना जाए और जीवन बीमा पॉलिसी में भी अंकित किया जाए।

श्री राम बाबू (पिता)
माता रीता केशरवानी
निवासी पुरवा खास, करछना-प्रयागराज

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र मोह0 शाहिद और मोह0 जाहिद हैं । मेरा पुत्र मोहम्मद शाहिद और मेरी पुत्रवधू सन्नो मेरे कहने सुनने में नहीं है ।मेरा अपने पुत्र मो 0 शाहिद और उसकी पत्नी सन्नो से कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है। ऐसी स्थिति में मैंने अपने पुत्र मोह0 शाहिद और पुत्रवधू सन्नो को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति जमीन,से बेदखल कर दिया है। मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार,लेना देना नहीं है,उनके किसी भी वैध अवैध कार्य के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी । बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

आलिया बनो
पत्नी स्व 0 इस्लाम मोहम्मद
निवासी अंबेडकर नगर भारत गंज ,थाना मांडा , जिला प्रयागराज।

# बैंकों में लम्बित योजनाओं के आवेदन पत्रों का करें त्वरित निस्तारण - डीएम



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएल आरसी), जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) एवं विशेष जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम से कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है, उसमें प्रगति कराएं। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि एनपीए कम करने के लिए अभियान चलाकर वसूली कराएं। बैंकों द्वारा जो आरसी सम्बन्धित विभागों की जारी की जाती है, उसमें जो वसूली होती है उसको पोर्टल पर फीड कराए। पीएम स्वनिधि योजना में जो आवेदन पत्र लंबित है, उनको वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि व एमएसएमई में बैंकों को जो लक्ष्य दिया गया है, उस लक्ष्य को प्राप्त करें। पीएमईजीपी के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों की स्थिति ठीक नहीं है, उसमें सुधार कराएं। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए कि एमएसएमई निवेश में लक्ष्य को और बढ़ाएं तथा जिन बैंकों का कम है, उनसे प्लान लें। उप आयुक्त उद्योग से कहा कि एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में और आवेदन पत्र आमंत्रित कर बैंकों को भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकतर शासन की विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र बैंकों पर लंबित है उसका निस्तारण कराएं। जनपद में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं ताकि लोग रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि प्रत्येक माह बैंकों की बैठक अवश्य कराएं तथा 15 दिन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए ताकि विभिन्न विभागों की योजनाओं में प्रगति कराई जा सके।

उन्होंने सभी बैंक के अधिकारियों से कहा कि स्पेशल डीएलआरसी के जो मुख्य बिंदु शासन द्वारा निर्धारित किए गए, उसमें सभी बैंक गांव वार कैंप का प्लान बनाकर अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को उपलब्ध कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आरबीआई के भीम चौधरी, डीडीएम नाबार्ड संदीप कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, उप आयुक्त उद्योग एस के केशरवानी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# एमडीपीजी कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया



**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आज शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें दो अवकाश प्राप्त शिक्षकों प्रो विनोद शुक्ल एवं प्रो सोम प्रकाश पांडे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का प्रणेता है।वह न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान देता है बल्कि एक अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माण भी करता है। पूर्व प्राचार्य प्रो विनोद शुक्ल ने कहा भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य की परंपरा रही है जिसमें दोनों एक दूसरे का एकाकार कर उच्चतम ज्ञान एवं सुखद अनुभूति प्राप्त करते रहे हैं दोनों का एक दूसरे पर विश्वास अटूट रहा है। प्रो सोमप्रकाश पांडे ने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सचेष्ट रहना चाहिए। शिक्षक अपनी जिम्मेदारियां से कभी विमुख नहीं होता। वह विद्यार्थी ही नहीं बल्कि पूरे समाज का मार्गदर्शन करता रहता है। कार्यक्रम महाविद्यालय की शिक्षक संघ इकाई द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संघ के अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार तिवारी, महामंत्री प्रो पीयूषकांत शर्मा, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो संतोष कुमार पांडे आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में डॉ निशा सिंह, डॉ ऊषा तिवारी, डॉ सी एन पांडे, डॉ डी के पाण्डेय, डॉ बलराज मिश्र, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ मनीष सिंह, डॉ अनीश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने किया।

## आंगनबाड़ी पदाधिकारियों की बैठक 17 को लखनऊ में

**प्रतापगढ़।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, मंडलों और जिलों के पदाधिकारियों की एक बैठक 17 सितंबर को केंद्रीय कार्यालय लोहिया मजदूर भवन नरही, हजरदगंज में 11 बजे आयोजित की गई है। इसमें आंगनबाड़ी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया जाना है।उक्त जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश पांडेय और महामंत्री नीलम पांडेय ने संयुक्त रूप से दी है। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि बैठक में दिल्ली में आगामी अक्तूबर माह में होने वाले आंदोलन, कोर्ट में चल रही संगठन की याचिकाएं, 62 वर्ष पर रिटायर्ड का मुद्दा, मानदेय बढ़ोत्तरी आदि विषयों पर विचार किया जाना है। जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने जिलों की सूचियों के साथ बैठक में पहुंचें।

# परिवारिक मतभेद को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका सीमा पुत्री होरीलाल निवासी ताम्रबनी पत्नी धीरेन्द्र निवासी कसहाई ने महिला थाना में प्रर्थना पत्र दिया कि उनके पति सुनील पुत्र कल्लू राम निवासी सरधुवा शराब पीकर उनके साथ मारपीट करते है एवं साथ मे नहीं रखते हैं। थानाध्यक्ष महिला थाना शालिनी सिंह भदौरिया एवं महिला आरक्षी नीतू यादव, सोनम भारती द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाने पर बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनो पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

इसी प्रकार आवेदिका लक्ष्मी देवी पुत्री राजबहादुर निवासी बनवारीपुर ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिवकरन पुत्र मातादीन निवासी लोढ़िया खुर्द के विरुद्ध शराब पीकर मारपीट करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक रीता सिंह तथा महिला आरक्षी सुरूचि चौधरी ने दोनो पक्षों को समझाया। दम्पति द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। इसके अलावा आवेदिका सुमित्रा पत्नी कमलकिशोर निवासी सिलखीरी, घुरेटनपुर ने अपने पति कमलकिशोर पुत्र रामराज सिलखीरी, घुरेटनपुर के विरुद्ध थाना भरतकूप में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द ने बताया कि उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं आरक्षी संदीप, महिला आरक्षी दीपिका द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत को समझकर दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनो पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

## डीएम ने एफएलसी के कार्यों का किया निरीक्षण

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को कलेक्टरेट परिसर में स्थापित वीवी पैट वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी के कार्यो का निरीक्षण कर इंजीनियरों से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का एफएलसी का कार्य जो किया जा रहा है, उसमें सुरक्षा व्यवस्था समुचित रहे तथा सीसीटीवी कैमरा लगातार संचालित कराए। जिन मशीनों का इंजीनियरों द्वारा एफएलसी की जाए उनको सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखवाया जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## तहसील कार्यालयों में अब भी कर रहे बाहरी व्यक्ति कार्य

**प्रयागराज।** तहसील के विभिन्न कार्यालयों में अब भी बाहरी व्यक्ति कार्य कर रहे हैं जो कि राजस्व परिषद अधयक्ष के आदेशों की पूरी तरह से अनदेखी है।उक्त आरोप रानीगंज तहसील के अधिवक्ता आरजू कुमार गुप्ता ने उप जिलाधिकारी रानीगंज को दिए पत्र में लगाया है। उनका कहना है कि बाहरी (प्राइवेट) व्यक्ति के कारण तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी का कोई वाजिब काम भी बिना पैसे के नहीं हो रहा है। उन्होंने आयुक्त और सचिव के 29 अगस्त के पत्र का हवाला देते हुए कहा है कि उक्त पत्र में स्पष्ट रूप से कमिश्नर और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी हालत में सरकारी कार्यालयों में बाहरी व्यक्तियों से कार्य न लिया जाए। इसके बावजूद तहसील रानीगंज में इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम से शासन के उक्त आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच बरबसपुर का उपचुनाव हुआ संपन्न



**बाघराय** -विकास खंड बिहार के बरबसपुर प्रधान राम बहादुर की मौत हो जाने के कारण आज उपचुनाव पुलिस एवम पीएसी की कड़ी सुरक्षा के संपन्न हो गया इस चुनाव में कुल आठ प्रत्यासी मैदान में थे जिसमे सक्रिय रूप से प्रत्यासी इंद्ररमण सिंह वा दूसरे प्रत्यासी ज्ञानचंद्र फौजी के समर्थक सक्रिय दिखे।चुनाव में समर्थक इतने सक्रिय थे की वृद्ध मतदाताओं को कंधे पर बैठा कर मतदाओ को ला रहे थे तहसीलदार एवम चुनाव मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गांव मई 1549 मतदाताओं के सापेक्ष 1060 मतदाताओं ने मतदान किया कुल मिला कर 68¬43 प्रतिशत मत पड़ा ।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मे पीठासीन अधिकारी ने मतपेटिका को सील कर विकास खंड मुख्यालय के स्ट्रांग रूम मे जमा करा दिया । मतगणना 8 सितंबर को ब्लॉक मुख्यालय में होगी। चुनाव संपन्न कराने मे थाना अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय, चौकी प्रभारी सकरदहा,एवम महेशगंज थाने की फोर्स वा पीएसी बल का योगदान रहा।

# दहेज उत्पीड़न तथा दहेज हत्या के आरोप में साश्रम आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़।** जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने सूरज कुमार निवासी रुदापुर महुआर थाना कोतवाली नगर को दहेज उत्पीड़न तथा दहेज हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए साश्रम आजीवन कारावास तथा ₹20000 रुपया अर्थ दंड से दंडित किया। तथा इसी मुकदमे में अन्य आरोपी रामगनेश, गेना देवी, राहुल तथा आरती को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। वादी मुकदमा राजाराम प्रजापति निवासी बडनपुर थाना कोतवाली नगर के अनुसार उसकी पुत्री संजू का विवाह 5 फरवरी 2018 को सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुआ था परंतु संजू के ससुर गनेश ने कहा कि मैं घर पर बारात लेकर आऊंगा। वादी ने भी मजबूरी में बारात लाने के लिए राजी हो गया। दिनांक 18 अप्रैल 2018 को उसकी पुत्री के ससुराल वाले बारात लेकर आए और वहीं पर वादी से मोटरसाइकिल व 20000 रुपए ,व, सोने की चैन की मांग करने लगा वादी ने जब अपनी गरीबी का हवाला देते हुए कहा कि मेरी औकात नहीं है इतना देने की । तब उक्त लोग वादी की लड़की को लेकर चले गए उक्त लोग बीच में फोन से दहेज की मांग करते थे तथा दहेज की बात को लेकर उसकी लड़की को भी प्रताडित करते थे दिनांक 29 मई 2018 को सुबह 6¬00 बजे फोन आया कि उसकी लड़की खत्म हो गई जब वादी वहां गया तो देखा कि उसकी लड़की के मुंह व नाक से खून निकल रहा था वादी की लड़की को उसकी सास गेना देवी, ससुर गनेश, पति सूरज, देवर राहुल ,नन्द आरती ने दहेज के लालच में प्रताड़ित करके मार दिया राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा वह एडीजीसी विक्रम सिंह ने की ।

## मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द ने बताया कि उप निरीक्षक अजहर जमाल तथा आरक्षी लवलेश द्वारा खनिज अधिनियम से सम्बन्धित विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 1 व 2 सितम्बर की रात्रि खनिज अधिकारी द्वारा खनिज लदे वाहनों की जांच की जा रही थी।

## अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश राय, उप निरीक्षक अनिल कुमार व उनकी टीम द्वारा सुमित्रा रैदास पत्नी तकदीर उर्फ मुल्ला निवासी भैरम बाबा का पुरवा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।गिरफ्तारी के दौरान महिला आरक्षी अनीता पटेल, आरक्षी राहुल पुरी, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

## 'विवेचको को दिया ऑनलाइन रिफ्रेशर प्रशिक्षण

**चित्रकूट:** सेनानायक 32वीं वाहनी पीएसी लखनऊ प्रभाकर चौधरी द्वारा विवेचकों को विवेचना में इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों का उपयोग के बारे में ऑनलाइन रिफ्रेशर ट्रेनिंग राघव प्रेक्षागार एवं प्रशिक्षण इकाई पुलिस कार्यालय में दी गयी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय एसपी सोनकर आदि मौजूद रहे।

# भारत वर्ष के शिक्षकों के लिए भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डा0 राधाकृष्णन का जीवन दर्शन है अनुकरणीय



**प्रतापगढ़**-भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस को भारत वर्ष में शिक्षक दिवस के तौर पर मनाया जाता है। राधाकृष्णन जी विभिन्न विषयों के प्रकाण्ड विद्वान थे! विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर एवं कुलपति के तौर पर सेवाएँ दी। यह विचार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( प्रा0सं0) जिलाध्यक्ष अशोक राय ने मुख्य अतिथि के तौर पर सेनानी टावर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किया!अध्यक्षता करते हुए विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी ने कहा कि भारत के एक महान शिक्षक, विद्वान और भारत रत्न प्रो0राधाकृष्णन जी को श्रद्धान्जलि देने हेतु देश के समस्त शिक्षक उनसे प्रेरित होते रहे हैं!आदर्श शिक्षिका अंजू पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा समाज में कर्मठ शिक्षकों को रोल मॉडल के तौर पर लिया जाना चाहिए! एआरपी राजीव सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षक, शिक्षण के आदर्शों का अनुसरण करें! तथा विद्यार्थी भी अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता भाव प्रकट करें! इस अवसर पर बेसिक शिक्षा में नवाचार का प्रयोग करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया! जिसमें श्रीमती ममता त्रिपाठी, अंजू पाण्डेय, नीतू सिंह एवं नेहा सिंह शिक्षिका , योगगुरु आदित्य सोमवंशी, विष्णु धर दूबे, अतुल पाण्डेय, सौरभ शुक्ल एंव दीपक श्रीवास्तव जी को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्रम भेंट करके सम्मानित किया गया ! एस बी आई लाइफ एन्श्योरेन्स के शाखा प्रबन्धक अनूप पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह के तौर पर शमी का पौधा भेंट किया! विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डा0विनोद त्रिपाठी एवं संचालन जिला महामंत्री ललित मिश्र सरस ने किया!

इस मौके पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह, सुशील दूबे,सत्येंद्र शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, जिला मंत्री दीपेश दुबे, कोषाध्यक्ष रामेंद्र श्रीवास्तव ,मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, डॉ अनिल त्रिपाठी, विनय सिंह, रवि पांडेय, अजय सरोज, मनोज तिवारी एवं अम्बिकेश पाण्डेय आदि ने विचार ब्यक्त किया! विनोद दूबे ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया!

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा जारी शास्त्री परीक्षा वर्ष 2012 का मूल प्रमाण पत्र, माइग्रेशन तथा चरित्र प्रमाण वास्तव में कहीं खो गया है।

सुभाष सोनी
सपुत्री स्व0 गोपाल चन्द्र सोनी
निवासी पल्टन बाजार थाना
कोतवाली नगर, जिला प्रतापगढ़

# रानीगंज तहसील क्षेत्र के देवासा में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ भव्य आयोजन

## दो सौ मरीजो का किया गया निःशुल्क इलाज ग्राम प्रधान देवासा सुभाष चन्द्र के कार्य की सभी कर रहे प्रसंशा




**बीरापुर प्रतापगढ़**-श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर ग्राम प्रधान देवासा के आवास पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र से संबंधित रोग का परीक्षण कर मरीजो को निशुल्क दवा वितरण किया गया। रानीगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवासा में ग्राम प्रधान सुभाष पटेल के प्रयास से उनके आवास पर बुधवार को सतगुरु सेवा संघ संयोजक चित्रकूट के सौजन्य से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आंख के डॉक्टरों द्वारा दो सौ आख के मरीजों की जांच कर निशुल्क इलाज किया गया और दवा वितरण की गई। इस दौरान सुबह से शाम तक मरीजों की भीड़ लगी रही। इस दौरान नेत्र शिविर में डॉक्टर श्रद्धांशु चतुर्वेदी ने कहा कि आंखें अमूल्य हैं इनका समय से इलाज कराए और आंख की बीमारी को कभी भी हल्के में न ले नेत्र चिकित्सक से परामर्श लेकर तुरंत दवा कराए। आंख की बीमारी में जरा सी लापरवाही करने पर आंख की रोशनी तक जा सकती है इससे बचने के लिए सचेत रहने की जरूरत है। नेत्र चिकित्सा शिविर में प्रमुख रूप से डॉ श्रीकांत पांडेय, डॉ अमित पाठक, डॉ मंगल मिश्र, डॉ दीपक चौबे, बबलू प्रसाद पाठक, हरिश्चंद्र सिंह समाजसेवी बुद्धिजीवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। नेत्र चिकित्सा शिविर के संयोजन में ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र पटेल का सराहनीय सहयोग रहा।

## प्राथमिक विद्यालय पूरेहुड़हा में 14 सितम्बर एवं प्राथमिक विद्यालय शिवरा में 15 सितम्बर को ग्राम अदालत का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी दयानन्द सिंह चौहान ने बताया है कि ग्राम पूरेहुड़हा के अन्तर्गत दिनांक 14 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे प्राथमिक विद्यालय पुरेहुड़हा पर तथा ग्राम शिवरा के अन्तर्गत दिनांक 15 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे प्राथमिक विद्यालय शिवरा पर ग्राम अदालत का आयोजन किया गया है। समस्त ग्रामवासी जिनका चकबन्दी से सम्बन्धित वाद सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दी अधिकारी, न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, न्यायालय उप संचालक चकबन्दी में विचाराधीन हो वह सभी कृषक ग्राम अदालत में समय से प्रतिभाग करें।

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 300 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जन्मे है यशोदा के कन्हैया गोकुल में बाजे बधाइयां,,,

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पायनियर पब्लिक के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया प्रस्तुत





**बलरामपुर।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'श्री कृष्ण जन्माष्टमी' का त्योहार मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का मनमोहक नाटक मंचन कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है ।

श्री कृष्ण जनमाष्टमी त्योहार के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी नें सर्वपथम भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न करते हुए उनकी आरती उतार कर माल्यार्पण किया। समस्त अध्यापकअध्यापिकाओं ने भगवान श्री कृष्ण की आरती उतार कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0ने बच्चों को बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी, जिसे जन्माष्टमी वा गोकुलाष्टमी रूप में भी जाना जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्री कृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिए मनाया जाता है। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। श्री कृष्ण देवकी और वासुदेव के 8वें पुत्र थे। मथुरा नगरी का राजा कंस था, जो कि बहुत क्रूर और अत्याचारी था। उसका अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। भाई कंस के अत्याचार को सहते हुए कारागार में बंद माता देवकी और वासुदेव के आठवीं संतान के रूप में भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। भगवान ने पृथ्वी को कंस के आतंक से मुक्त करवाने के लिए अवतार लिया था। इसी मान्यता के अनुसार हर साल भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिम कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य पर कक्षा-नर्सरी से यू0के0जी0 के छात्र-छात्राओं में श्रेयांश, अरायना, कुंज, आराध्या, अव्यांस, अदिती, उत्सव, माधुरी, रूद्र, शास्वत, सर्वज्ञ, मनश, श्रद्धा, अनिका, अभ्युदय, सिविका, शिवांसी, कैफ, हलाता, परिधि, अक्षत, जयेश, सुशांत, आयुष्मान, युवराज एवं तेजस आदि नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण और राधा बन करके अरे-रे मेरी जान है राधा नामक गीत पर बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा-2 के छात्र-छात्राओं में समूह नृत्य (गीत-गोकुल में राधा करके चली सिंगार) नामक गीत पर आशि, आरूष, अर्जुन, कोमल, सूर्यांश, अभिश्री, आरोही, कार्तिकेय एवं अनघा ने बहुत ही सुन्दर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कक्षा-3 एवं 5 की छात्र-छात्राओं में समूह नृत्य (गीत-जन्मे है यशोदा के कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया) नामक गीत पर श्रीकृष्ण के रूप में आरूष शुक्ला, राधा के रूप में यशी यादव, यशोदा के रूप में रिद्धि श्रीवास्त, अन्या ने वासुदेव का अभिनव किया इसमें वैष्णवी, आराध्या, मरियम, सुकृति एवं अन्या ने अति सुन्दर प्रस्तुति करके भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। इसी अवसर पर किड्स जोन में भगवान श्री कृष्ण की बहुत ही सुन्दर झांकी सजाया गया तथा कृष्ण लीला अन्तर्गत दही हांडी का भी एक सुन्दर सा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ जिसमें सूर्यांश, मानविक, मरियम, प्रज्ञा, आराध्या, मोहनी, सौम्या, ऋर्षि, दिव्यांस, अक्षत, जयेश, सुशांत, युवराज, आयुष्मान एवं श्रृद्धा ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात् जयेश ने हांडी फोड़कर खुशियां मनायी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापकअध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

# शिक्षक के बिना कोई ज्ञान संभव नही- आसिम रूमी

## सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम हुआ आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलरामपुर।** सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ÷गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णू गुरु देवो महेश्वरा÷ के श्लोक से हुई। कार्यक्रम के बीच में बच्चों ने ÷वी लव यू टीचर्स÷ गाकर सभी टीचर्स के प्रति सम्मान प्रकट किया कुछ बच्चों के द्वारा किया गया नृत्य बेहद ही शानदार था। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य आसिम रूमी जी ने सभी शिक्षकों के योगदान का बखान करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में माता पिता के बाद शिक्षक को ही सर्वोच्च स्थान दिया गया है। शिक्षक न सिर्फ बच्चों को शिक्षित करता है बल्कि बच्चों के जीवन की दशा और दिशा को बदलने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी टीचर्स को बॉलीवुड थीम के अनुसार कोई न कोई एक्ट्रेस के गेटअप में आना था।

सारी फीमेल टीचर्स में कोई माधुरी दीक्षित, कोई आलिया भट्ट, कोई मौसमी चटर्जी, कोई नर्गिस, कोई सायराबानो, कोई रानी मुखर्जी, कोई करीना कपूर, कोई सुष्मिता सेन, कोई दीपिका, कोई किशोर कुमार के रूप रंग के समावेश में सज धज कर आई थी। सभी फीमेल टीचर्स ने क्रमशः स्टेज पर आकर नृत्य के द्वारा उस अदाकारा की अदाओं को बिखेरा जिस अदाकारा की रूप रंग में आई थी। कार्यक्रम में स्कूल की समन्वयक श्रीमती सीमा बंका, शाहीन खान, रिचा तिवारी, आफरीन इम्तियाज, चांदनी पांडे, जैनब खान, अंजली मिश्रा, भारती तिवारी, प्रगति साहू, वैशाली पांडे, सुगंधा श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, अंजली सिंह और विनीत श्रीवास्तव उपस्थिति रहे। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी टीचर्स को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

# शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक-मंजू तिवारी

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आदर्श अध्यापकों का हुआ सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलरामपुर।** सामाजिक संस्था उज्ज्वल सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्याम कुटी सभागार में शिक्षक दिवस पर आदर्श अध्यापकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया सम्मान कार्यक्रम के तहत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक दर्जन अध्यापकों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्था प्रबंधक मंजू तिवारी की अध्यक्षता में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के तहत एमएलकेपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जीपी पाण्डेय ,

नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक डा पम्मी पाण्डेय, सरस्वती शिशु मंदिर एवं बाल विद्या मंदिर के प्रिंसिपल राम तेज यादव बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अविनाश मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर की सेवानिवृत्ति अध्यापिका साधना श्रीवास्तव एमपीपी इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्रवक्ता आरके मिश्रा तारा मिश्रा बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज की प्रवक्ता नलिनी मिश्रा निजी स्कूलों की अध्यापिका हेमलता शुक्ला आदि आदर्श अध्यापकों को संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया है संस्था प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र के साथ सभी अध्यापकों के माथे पर रोली चंदन लगाकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया है।

# शिक्षक विरोधी अध्यादेश का इंटर कॉलेज के अध्यापकों ने किया विरोध

## कार्य बहिष्कार कर बाह पर काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधायक 2023 को वापस लेने एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 को यथावत रखने की मांग पर माध्यमिक शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर वहां पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया है शिक्षकों का कहना है कि मौजूदा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक 2023 में तमाम कमियां है ऐसे में इसे तत्काल वापस लिया जाना शिक्षक हित में जरूरी है। जिले के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक इंटर कॉलेज ने इस अध्यादेश का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया है।

एमपीपी की इंटर कॉलेज मे माध्यमिक शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक 2023 के विरोध में प्रदर्शन करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है शिक्षकों ने बाह पर काली पट्टी बांधकर इस अध्यादेश का विरोध भी किया है शिक्षक नेता सुरेश कुमार यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधायक 2023 विधानमंडल से पारित किए जाने एवं इसके द्वारा उत्तर प्रदेश मध्यमिक सेवा चयन बोर्ड




अधिनियम 1982 को निश्चित किए जाने से सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्ययों की सेवा सुरक्षा व सेवा शर्तों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 21 के द्वारा किसी अध्यापक को पदच्यौत करने, सेवा से हटाने, परिलवधियों में कमी करने आदि से पूर्व चयन बोर्ड से अनुमोदन लिए जाने की व्यवस्था है उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधायक 2023 में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 21 की भांति सेवा सुरक्षा का प्रावधान न किए जाने से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है इसी प्रकार चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं धारा 12 के द्वारा प्रधानाचार्ययों तथा शिक्षकों के पदोन्नति की न्याय संगत व्यवस्था के प्रावधान को भी समाप्त कर दिया गया है शिक्षक नेत्री गीता गौतम ने शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं सेवा शर्त को संबंधी इन महत्वपूर्ण प्रावधानों को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधायक 2023 में शामिल न किए जाने में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक और प्रधानाचार्य बेहद चिंतित एवं इस व्यवस्था से काफी आकर्षित हैं ऐसे में शिक्षकों ने अपने अस्तित्व पर मडरा रहे संकट से निजात पाने के लिए कि अध्यादेश का विरोध किया है विद्यालय के शिक्षकों ने सारे दिन कार्य बहिष्कार कर बाह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया है विरोध प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों में राम आशीष वरुण अनुराग मोहन पांडे देवता दिन मिश्रा उमानाथ उपाध्याय हौसला प्रसाद वर्मा जीके मिश्रा सुरेश कुमार रमेश चंद्र अंकुर चौधरी आनंद प्रताप अजय कुमार मनोज कुमार यादव राजकुमार सरोज राजकुमार यादव डॉक्टर दीपक साहू मदनलाल अजीत कुमार राम आसरे मीना वर्मा हंसराज देवव्रत बजरंगी यादव आदि तमाम शिक्षक शामिल रहे हैं इसी क्रम में अध्यादेश को लेकर उतरौला तहसील मुख्यालय पर भारतीय इंटर कॉलेज शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर कर बहिष्कार किया है वहीं उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला किसान इंटर कॉलेज गणेशपुर पचपेड़वा आदि स्कूलों के शिक्षक शिक्षण कार्य से विरक्त होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए अध्यादेश को वापस लेने की मांग की है

# सेन्ट जार्ज के बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीला का किया मनमोहक मंचन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलरामपुर।** सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल में श्री कृष्णजन्मअष्टमी का पर्व बड़े धूम धाम से मनाया गया । विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का मनमोहक नाटक मंचन कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक जी.डी. पांडे जी द्वारा किया गया । वही इस दौरान विद्यालय में सभी बच्चों ने जन्म अष्टमी पर भगवान् कृष्ण और सुदामा का बहुत ही सुंदर रूप प्रस्तुत किया और बच्चों को जन्म अष्टमी को मनाने के कारण के बारे में बताया गया । बच्चों न यह माना भगवान कृष्ण से हमें यह सीख मिलता है जिनके द्वारा हम सही मार्ग पर चलने का रास्ता देख पाते हैं और हमेशा धर्म के रास्ते पर चलने का अनुसरण कर पाते हैं। इसी क्रम में आँचल, अंशिका कसोधन अंशिका शुक्ला शानवी पांडेय , और समृद्धि सिंह आदि बच्चों ने % राधा कैसे न जले% इसके साथ ही शानवी आँचल और काव्या सिंह आदि




लड़कियो ने % राधा तेरी चुनरिया % नामक गाने पर डांस प्रस्तुत किया । आदित्य प्रताप सरोज हर्षित कनौजिया , अर्चिता तिवारी आदि लड़कियो के द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया । कोमल पांडेय, शानवी पांडेय, काव्या सिंह, आदि लड़कियो ने %कान्हा जो मारवन छीने % नामक गाने पर डांस प्रस्तुत किया। साथ ही लवि पांडेय, नकृति सिंह और महक उपाध्याय ने % सपने में रात में आया % नामक गाने पर डांस प्रस्तुत किया। सिंह , व रिया सिंह आदि नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राची गुप्ता , अंशिका शुक्ला , आराध्या सिंह , शानवी पांडेय, काव्या सिंह व अन्य बच्चो के साथ एक भगवान् कृष्ण के ऊपर एक समूहीकृत डांस प्रस्तुत किया गया। रोशन चौधरी, अदिति मोदनवाल विराट सिंह , विप्लव सिंह, आयुष तिवारी, दीपक जयसवाल, आदि बच्चो ने एक कृष्ण भक्ति गीत प्रस्तुत किया जो काफी ही शानदार रहा। वहीं इस कार्य क्रम का सबसे अच्छा प्रदर्शन मटकी फोड़ रहा जिसको विप्लव सिंह, विराट सिंह, रोशन चौधरी और हर्षित मिश्रा आदि बच्चों द्वारा किया गया जो बहुत ही शानदार रहा।

वहीं इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक जी.डी. पांडेय व विद्यालय के तमाम अध्यापक अध्यापिका एम .बी पांडेय, जाह्नवी पांडेय, कांति दुबे, साइंस टीचर शिवम पाठक दिलीप ओझा सर , सुनील सर, नेहा कश्यप, मुस्कान श्रीवास्तव, अनमोल गोयल , आदि टीचर्स और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। साइंस टीचर दिलीप ओझा सर ने ÷ मटकी फोड़ ÷ का प्रदर्शन देखा और उन्होंने बताया कि यह जो भगवान् कृष्ण और उनके छोटे सखा साथी ऊपर चढ़ कर माखन चुरा कर खाते थे उसमें एक प्रकार का बल और ऊर्जा की जरूरत पड़ती है इसका मतलब उनका यह मानना है की यह जो साइंस आज हम पढ़ रहे हैं वो आज का नहीं बल्कि द्वापर और त्रेता युग से ही है जो आज हम आधुनिक साइंस के नाम से पढ़ते हैं और जो हमारे दैनिक जीवन में काफी उपयोगी है यह उसी का योगदान है जिससे हमारे इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान 3 को चाँद पर भेजने में एक बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर भारत को प्रथम देश बनाया।

# एफआईआर के बाद ग्राम विकास अधिकारी सस्पेंड व प्रधान को नोटिस

**सुल्तानपुर।** जिले के मोतिगरपुर थानाक्षेत्र व ब्लाक के मलिकपुर बखरा में बीते दिनों गोशाला में मिली बड़ी लापरवाही पर ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान पर सीडीओ अंकुर कौशिक के निर्देश पर एडीओ पंचायत ने पशु क्रूरता अधिनयम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई थी। सीडीओ के निर्देश पर डीडीओ ने लापरवाही की पुष्टि के बाद ग्राम विकास अधिकारी को सस्पेंड कर दिया है और डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने ग्राम प्रधान से जवाब तलब किया है। समुचित उत्तर न मिलने पर ग्राम प्रधान पर भी गिर सकती है कार्रवाई की गाज। फ्लिहाल सीडीओ अंकुर कौशिक के सख्त तेवर से ग्राम पंचायत अधिकारियों/सचिवों व ग्राम प्रधानों में हड़कंप मचा है।

# फुलवरिया बाईपास को अटल चौक के साथ प्रतिमा लगाने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलरामपुर।** हिंदुस्तान संवाददाता फुलवरिया बाईपास का नाम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई चौक करने की मांग भाजपा नेता कुँवर सुमेर सिंह ने की है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में फुलवरिया बाईपास पर भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि बलरामपुर लोकसभा का 15 वर्षों तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई



ने प्रतिनिधित्व संसद भवन में किया है ऐसे में उनके प्रेरणा स्रोत के रूप में जिले का इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ा फुलवरिया बाईपास पर उनकी प्रतिमा के साथ अटल बिहारी चौक बनाया जाना यादगार पल होगा भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री सहित प्रधानमंत्री एवं प्रमुख सचिव जिला अधिकारी को पत्र प्रेषित कर फुलवरिया बाईपास का नाम अटल चौक करने के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न की प्रतिमा संबंधित स्थान पर लगाने की मांग की है।

# पीड़ित ने एसपी से की शिकायत तो दर्ज हुई एफआईआर

**सुल्तानपुर।** मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव का है बीते 23-24 अगस्त की रात राम तीरथ के घर सेंधमारों ने लाखों का माल पार किया था। चौकीदारों से पैर दबाने वाले शौकीन द्वारिकगंज इंचार्ज का एक और नया मामला सामने आया है। सेंधमारी कर चोरी के मामले में पीड़ित को धोखे में रखकर जांच के नाम पर वह तकरीबन 10 दिन दौड़ाते रहे। जब पीड़ित अपने मालिक श्री भटनागर से मिला तो उन्होंने पता लगाया तो जानकारी हुई की चौकी इंचार्ज ने तहरीर को ठंडा बस्ते में डाल दिया और मुकदमा नहीं दर्ज कराया। जबकि पीड़ित के कहे को सच माने तो भोले भाले पीड़ित युवक ने बताया कि चौकी इंचार्ज ने कहा तुम्हारा मुकदमा दर्ज हो गया है। जांच में लगे हैं।वह मौके पर भी गए थे। एफ्आईआर नही दर्ज होने पर आखिरकार जब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया तो आनन-फानन में गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। आसपास के लोगों ने बताया कि यदि पीड़ित दरोगा जी के शरीर की मालिस कर दिया होता तो वह तत्काल उसका मुकदमा गोसाईगंज थाने में पंजीकृत करवा दिए होते।

# आज कांग्रेस मनाएगी ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ

**सुल्तानपुर।** ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए कांग्रेसियों ने सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय के आवाहन पर 7 सितंबर (गुरुवार) को जिलेभर के कांग्रेसी जिला कार्यालय पर एकत्रित होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। आपको बताते चले कि चेहल्लुम व जन्माष्टमी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम शाम 5 बजे के बजाए प्रातः 10 बजे सुनिश्चित किया गया है। ज्ञात हो कि भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए 4,080 किलोमीटर की दूरी तय की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने 12 जनसभा, 100 से अधिक बैठक, 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया था,यात्रा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से होकर गुजरी गुजरी थी। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा द्वारा बताया गया कि ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ को लेकर लगभग सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, और गुरूवार को इस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि पदयात्रा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से शुरू होगी और शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए दोपहर 12 बजे राजीव गांधी पार्क (तिकोनिया पार्क) में भारत जोड़ो सम्मेलन (सार्वजनिक सभा) आयोजित कर इसका समापन किया जाएगा।

# ट्रेन में घायल महिला कांस्टेबल की जांच में लगे दर्जनों पुलिस कर्मी

**सुल्तानपुर।** ट्रेन में हादसे का शिकार हुई महिला कॉन्स्टेबल का इलाज लखनऊ में चल रहा है! लेकिन घटना के बाद पुलिस की अभियोजन इकाई भी सक्रिय हो गई है। सुल्तानपुर और अयोध्या रेलवे रुट के आसपास के स्टेशन पर सादी वर्दी में पुलिस पड़ताल में लग गई है। घोषित और अघोषित वेंडर से पूछताछ चल रही है। यहां तक की स्टेशन के आसपास की दुकानों पर भी पुलिस के दरोगा और सिपाही पड़ताल में लगे हैं।

च्नगर कोतवाली पुलिस ने तो कई मामलों में वांछित अभियुक्तों का चालान भी कर डाला!उनके मौजूदा जीविकोपार्जन का भी ब्यौरा लिया। बताते चले की हफ्ते भर पूर्व ट्रेन में महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमला हुआ था ।धारदार हथियार से उसके चेहरे पर वार किए गए। सोशल मीडिया पर दर्जनों टांके लगे हुए महिला कांस्टेबल की फ्टो वायरल हुई। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया तो जल्दबाजी में अस्पताल के करीब ही स्थित राजधानी के बड़े पुलिस अधिकारी अस्पताल की ओर दौड़ लगा दिए। इधर मामले को लेकर पूरे प्रदेश में यह फ्टो तेजी से वायरल हो रही। घटना में तरह-तरह के बातें भी फैली जिसको लेकर पीड़ित के परिजन को वीडियो जारी करके किसी भी लैंगिक अपराध नही होने की बात कही गई। अफ्वाह नही फैलाने की अपील भी हुई। हालांकि मामले की एफ्आईआर अयोध्या में हुई। पीड़ित कॉन्स्टेबल सुल्तानपुर में तैनात थी। लेकिन पुलिस अभी तक क्राइम नंबर भी बताने से बच रही है।

# डीएम एवं सीडीओ ने हरी झण्डी दिखा कर रैली को किया रवाना

**सुल्तानपुर।** आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट में शुरू हुई इस रैली को जिलाधिकारी जसजीत कौर और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने हरी झंडी दिखाई जिसके बाद ये रैली नगर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए निकली। दरअसल राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम सुशोभित, साक्षर और सशक्त भारत बनाना है, इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है ताकि लाभार्थियों को जानकारी के साथ साथ इन योजनाओं का लाभ दिलवाया का सके। आज के कार्यक्रम में डीपीओ रविश्वर कुमार राव, सीडीपीओ सुनील कुमार, अजीत कुमार, सुपरवाइजर अनीला मलिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री जिला अध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव, महामंत्री कनक लता, इंदुबाला सिंह, अनामिका, सर्वेश कुमारी, क्षमा मिश्रा, रश्मी मिश्रा, सुरैया बानो आदि दूबेपुर, भदैया, कूरेभार परियोजना की ने भाग लिया।

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मु0नं0 2757/19
नाम फरीकेन रूबिया बनाम नसीम आदि
बनाम
1. नसीम सुत सिराजुद्दीन पति 2. सिराजुद्दीन सुत लियाकत अली ससुर 3. साजमा बानो पत्नी सिराजुद्दीन सास 4. मुश्तकीम सुत सिराजुद्दीन जेठ 5. सबिना 6. रूबिना पुत्रीगण सिराजुद्दीन ननदें समस्त निवासीगण ग्राम फूलपुर समशेरगंज पोस्ट चमरूपुर शुक्लान थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.09.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.09.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 910/22
नाम फरीकेन सविता पाण्डेय पत्नी गौतम मिश्र पुत्री स्व0 देवराज पाण्डेय आयु लगभग 33 वर्ष निवासिनी ग्राम पीरमऊ विशुनदत्त पोस्ट पाइक नगर थाना कन्धई जिला प्रतापगढ़
बनाम
गौतम मिश्र सुत लल्लूराम मिश्र आयु लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट नौबस्ता थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 28.09.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 28.09.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री ईश केशरी के नाम से जीवन बीमा पॉलिसी नम्बर 313066283 है । लेकिन सारे रिकॉर्ड में ईश केशरी का नाम मासूम केसरवानी अंकित है अब उसे मासूम केसरवानी के नाम से जाना और पहचाना जाए और जीवन बीमा पॉलिसी में भी अंकित किया जाए।

श्री राम बाबू (पिता)
माता रीता केशरवानी
निवासी पुरवा खास, करछना-प्रयागराज

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र मोह0 शाहिद और मोह0 जाहिद हैं । मेरा पुत्र मोहम्मद शाहिद और मेरी पुत्रवधू सन्नो मेरे कहने सुनने में नहीं है ।मेरा अपने पुत्र मो 0 शाहिद और उसकी पत्नी सन्नो से कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है। ऐसी स्थिति में मैंने अपने पुत्र मोह0 शाहिद और पुत्रवधू सन्नो को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति जमीन,से बेदखल कर दिया है। मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार,लेना देना नहीं है,उनके किसी भी वैध अवैध कार्य के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी । बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

आलिया बनो
पत्नी स्व 0 इस्लाम मोहम्मद
निवासी अंबेडकर नगर भारत गंज ,थाना मांडा , जिला प्रयागराज।

# बैंकों में लम्बित योजनाओं के आवेदन पत्रों का करें त्वरित निस्तारण - डीएम



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएल आरसी), जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) एवं विशेष जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम से कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है, उसमें प्रगति कराएं। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि एनपीए कम करने के लिए अभियान चलाकर वसूली कराएं। बैंकों द्वारा जो आरसी सम्बन्धित विभागों की जारी की जाती है, उसमें जो वसूली होती है उसको पोर्टल पर फीड कराए। पीएम स्वनिधि योजना में जो आवेदन पत्र लंबित है, उनको वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि व एमएसएमई में बैंकों को जो लक्ष्य दिया गया है, उस लक्ष्य को प्राप्त करें। पीएमईजीपी के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों की स्थिति ठीक नहीं है, उसमें सुधार कराएं। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए कि एमएसएमई निवेश में लक्ष्य को और बढ़ाएं तथा जिन बैंकों का कम है, उनसे प्लान लें। उप आयुक्त उद्योग से कहा कि एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में और आवेदन पत्र आमंत्रित कर बैंकों को भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकतर शासन की विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र बैंकों पर लंबित है उसका निस्तारण कराएं। जनपद में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं ताकि लोग रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि प्रत्येक माह बैंकों की बैठक अवश्य कराएं तथा 15 दिन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए ताकि विभिन्न विभागों की योजनाओं में प्रगति कराई जा सके।

उन्होंने सभी बैंक के अधिकारियों से कहा कि स्पेशल डीएलआरसी के जो मुख्य बिंदु शासन द्वारा निर्धारित किए गए, उसमें सभी बैंक गांव वार कैंप का प्लान बनाकर अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को उपलब्ध कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आरबीआई के भीम चौधरी, डीडीएम नाबार्ड संदीप कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, उप आयुक्त उद्योग एस के केशरवानी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# संगठन को विस्तार देने के संकल्प के साथ मनाया गया विश्व हिन्दू परिषद का स्थाना दिवस



**चित्रकूट:** विश्व हिंदू परिषद द्वारा बुधवार को स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

जिला मुख्यालय स्थित टाउन हाल में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र सत्संग प्रमुख दिवाकर ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद के ध्येय यात्रा के आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को 59 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के कालखण्ड में देश की परिस्थिति और परिषद के स्थापना के समय देश की स्थिति में पर्याप्त साम्य था। 59 वर्ष की गौरवशाली यात्रा के कुछ अविस्मरणीय और अनूठे पड़ाव हैं, जिनका स्मरण और उल्लेख आज प्रासंगिक है। स्वामी चिन्मयानन्द के आश्रम संदीपनी साधनालय पवई मुंबई में 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश भर के हिन्दुओं की दशा और दिशा के चिंतन के लिए एकत्रित, स्वामी चिन्मयानन्द, संघ के द्वितीय सर संघचालक गुरूजी के.एम. मुंशी, मास्टर तारा सिंह, कुशक बकुला, सुशील मुनि और कई अन्य मनीषियों द्वारा स्थापित विश्व हिन्दू परिषद द्वारा प्रयाग संगम तट पर महाकुम्भ के अवसर पर प्रथम विश्व हिन्दू सम्मलेन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हिन्दू समाज ने वर्षो बाद अपने सभी मत पन्थो के पूज्य धर्माचार्यो का दर्शन एक मन्च पर किया। भव्य राममन्दिर के निर्माण का दुनिया का सहस्त्राब्दी का सबसे बड़ा जनांदोलन हिन्दू के सामुहिक शक्ति के प्रकटीकरण के सुपरिणाम के रूप में भगवान राम शीघ्र ही अपने जन्मस्थान में विराजमान होने वाले हैं।

इस मौके पर जिला संगठन मंत्री ऋषभ, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष जमुना अग्रवाल, जिला मठ मन्दिर अजय मिश्र, जिला सत्संग प्रमुख गणेश, जिला बालोपास्ना प्रमुख मूल चंद, जिला मातृशक्ति संयोजिका संजुला, चंदा शोनी, शालू केशरवानी, नीरज केशरवानी, वैभव, कृष्णा पाशी, कामता चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में राजापुर पुलिस ने एक चारे को चोरी के एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है।

राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि बीते सोमवार को पंकज पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम चिल्लीराकस ने थाना राजापुर में सूचना दी कि उनके घर से अज्ञात चोर 2 मोबाइल चोरी कर लिए है। इस सूचना पर थाना राजापुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजापुर द्वारा घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक अनिल कुमार को निर्देश दिए। उप निरीक्षक अनिल कुमार व आरक्षी मनोज कुमार द्वारा रामसिंह यादव पुत्र रामनरेश निवासी खरजुरिया कलाँ थाना रैपुरा को 1 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। चोरी के मोबाइल बरामदगी के आधार पर मुकदमें में बढ़ोत्तरी की गयी।

# परिवारिक मतभेद को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका सीमा पुत्री होरीलाल निवासी ताम्रबनी पत्नी धीरेन्द्र निवासी कसहाई ने महिला थाना में प्रर्थना पत्र दिया कि उनके पति सुनील पुत्र कल्लू राम निवासी सरधुवा शराब पीकर उनके साथ मारपीट करते है एवं साथ मे नहीं रखते हैं। थानाध्यक्ष महिला थाना शालिनी सिंह भदौरिया एवं महिला आरक्षी नीतू यादव, सोनम भारती द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाने पर बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनो पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

इसी प्रकार आवेदिका लक्ष्मी देवी पुत्री राजबहादुर निवासी बनवारीपुर ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिवकरन पुत्र मातादीन निवासी लोढ़िया खुर्द के विरुद्ध शराब पीकर मारपीट करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक रीता सिंह तथा महिला आरक्षी सुरूचि चौधरी ने दोनो पक्षों को समझाया। दम्पति द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। इसके अलावा आवेदिका सुमित्रा पत्नी कमलकिशोर निवासी सिलखीरी, घुरेटनपुर ने अपने पति कमलकिशोर पुत्र रामराज सिलखीरी, घुरेटनपुर के विरुद्ध थाना भरतकूप में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द ने बताया कि उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं आरक्षी संदीप, महिला आरक्षी दीपिका द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत को समझकर दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनो पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

## डीएम ने एफएलसी के कार्यों का किया निरीक्षण

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को कलेक्टरेट परिसर में स्थापित वीवी पैट वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी के कार्यों का निरीक्षण कर इंजीनियरों से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का एफएलसी का कार्य जो किया जा रहा है, उसमें सुरक्षा व्यवस्था समुचित रहे तथा सीसीटीवी कैमरा लगातार संचालित कराए। जिन मशीनों का इंजीनियरों द्वारा एफएलसी की जाए उनको सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखवाया जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## धर्मनगरी में आज रहेगी जन्माष्टमी की धूम

**चित्रकूट:** कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के पास स्थित बाँके बिहारी मंदिर में गुरूवार को धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जायेगी। आयोजन की तैयारिया युद्ध स्तर पर शुरु हैं। मंदिर की फूलों से भव्य सजावट की गई और बाँके बिहारी का अदभुत श्रृंगार हुआ।

मंदिर के पुजारी भारतेन्दु दुबे ने बताया कि लगभग ढाई सौ वर्ष प्राचीन बाँके बिहारी मंदिर में ही सूरदास को दर्शन देने के लिए भगवान प्रगट हुए थे। आज भी बांके बिहारी धर्मनगरी में भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। प्रतिवर्ष मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल भी मंदिर में जन्माष्टमी को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को मंदिर की भव्य सजावट कराई गई और भगवान का श्रृंगार हुआ। गुरूवार को जन्माष्टमी पर्व पर शाम से ही धार्मिक आयोजन भजन, संकीर्तन का दौर शुरु होगा। रात्रि में ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बड़ी तादाद में भक्तों का हर साल मंदिर में जमावड़ा रहता है।

# कुलपति प्रो भरत मिश्रा सहित अनेक शिक्षकों को ग्रामोदय के विद्यार्थियों ने किया सम्मानित



**चित्रकूट:** शिक्षक दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला संकाय अंतर्गत लोक शिक्षा एवम जनसंचार विभाग के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो भरत मिश्रा सहित अनेक शिक्षकों को सम्मानित किया। बीएड, एमएड, बीएलएड पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे महिला एवं पुरुष छात्राध्यापको द्वारा यह समारोह पूरे उत्साह के साथ आयोजित और संचालित किया गया था। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के गुण गौरव का गायन करते हुए उन्हें अपना भविष्य निर्माता बताया। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो भरत मिश्रा रहे। अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा ने की। कार्यक्रम में कला संकाय में संचालित यूजी, पीजी, डिप्लोमा पाठ्यक्रमो के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# डीएम ने किया परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को भाद्रपद की अमावस्या मेला की तैयारी के सम्बन्ध में परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद कर्वी के सफाई निरीक्षक के के शुक्ला को निर्देश दिए कि जो परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण हटाया गया है, उसका मलवा तत्काल मलवा हटाकर साफसफाई कराई जाए। जहां पर पत्थर टूटे हैं, वहां पर पत्थर भी बदलवा जाए एवं जो विद्युत वायर है उसको भी चेक करा लिया जाए। उप प्रभागीय वनाधिकारी हरि शंकर सिंह को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में जहां पर मलवा हटा दिया गया है, वहां पर तत्काल तार फेंसिंग कराएं ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कर्वी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि मेला में वाहन पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करा लें। लक्ष्मण पहाड़ी के पीछे से उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने के लिए कनेक्टिविटी रोड के लिए वन विभाग की जमीन का भी निरीक्षण कर अवगत कराए। उन्होंने कहा कि जो परिक्रमा मार्ग का अतिक्रमण अभी शेष है, उसको भी तत्काल हटाया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश राय, उप निरीक्षक अनिल कुमार व उनकी टीम द्वारा सुमित्रा रैदास पत्नी तकदीर उर्फ मुल्ला निवासी भैरम बाबा का पुरवा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।गिरफ्तारी के दौरान महिला आरक्षी अनीता पटेल, आरक्षी राहुल पुरी, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

# हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी किया प्रदर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज की घटना से लगातार मांगो को लेकर कई दिनों से हड़ताल पर रहकर प्रदर्शन कर रहे है। अधिवक्ता संघ सिराथू के अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी सिराथू तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एल्डर कमेटी के चेयरमैन चंद्रशेखर सिंह , बसंत सिंह , हरिमोहन गुप्ता , नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिव सेवक अग्रहरी , महामंत्री उमाकांत शुक्ला के नेतृत्व में सिराथू कचहरी परिसर में एक बैठक हुई। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने तहसील न्यायालय से तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष बसंत सिंह सहित अधिवक्ताओं ने लखनऊ की घटना पर निंदा करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिव सेवक अग्रहरी , महामंत्री उमाकांत शुक्ला , प्रदीप रस्तोगी , जयदीप पांडेय , संजय मालवीय , अभितोष मालवीय , जे पी, मनोज कुमार , पूर्व अध्यक्ष बालेंद्र धर दिवेदी, हेमंत जौहरी , बद्री प्रसाद , मो सफीक , देवेंद्र सिंह सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने छठवें दिन भी जारी रखा धरना

**चायल, कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय हापुड़ में कार्यरत अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को छठवें दिन भी तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफनारेबाजी की।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीत सिंह की अगुवाई में बुधवार सुबह इकट्ठा हुए अधिवक्ताओं ने परिसर में प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया। ।इस दौरान बार एसोसिएशन के मंत्री राजेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह, संतोष श्रीवास्तव, रिजवान अहमद,शनिचंद्र मिश्रा,रामनरेश पटेल, अजीत कुमार,मो.आमिर, राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुखलाल यादव, मुलायम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नूरुत जमां, मो.शाहरुख, मो.सुल्तान, राकेश कुमार, विनय कुमार, विद्यासागर, सुभाष, सुनील कैथवास, बलवंतसिंह, विनीत सिंह, त्रिभुवन सिंह और संदीप कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द ने बताया कि उप निरीक्षक अजहर जमाल तथा आरक्षी लवलेश द्वारा खनिज अधिनियम से सम्बन्धित विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 1 व 2 सितम्बर की रात्रि खनिज अधिकारी द्वारा खनिज लदे वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक ट्रक बिना नम्बर, बिना कागजात व बिना रवन्ने के पकड़ा गया था। जिससे क्षुब्द होकर ट्रक ड्राईवर, ट्रक मालिक व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके साथ मारपीट की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना भरतकूप में खनिज अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गये थे। बुधवार को विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी अमित मिश्रा पुत्र रमाशंकर उर्फ छोटा मुन्ना निवासी कोबरा थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

## 'विवेचको को दिया ऑनलाइन रिफ्रेशर प्रशिक्षण

**चित्रकूट:** सेनानायक 32वीं वाहनी पीएसी लखनऊ प्रभाकर चौधरी द्वारा विवेचकों को विवेचना में इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों का उपयोग के बारे में ऑनलाइन रिफ्रेशर ट्रेनिंग राघव प्रेक्षागार एवं प्रशिक्षण इकाई पुलिस कार्यालय में दी गयी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय एसपी सोनकर आदि मौजूद रहे।

# राधेश्याम सिंह कालेज की छात्रा का पीसीएस जे में चयनित छात्रा को विद्यालय स्टॉफ ने किया सम्मानित





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कनैली में स्थित राधेश्याम सिंह इण्टर कॉलेज की छात्रा का चयन पी सी एस जे में चयन हुआ है, छात्रा के पीसीएस जे में चयनित होने की खबर पर विद्यालय स्टॉफ ने छात्रा को सम्मानित किया है।

बताया जाता है की कनैली में स्थित राधेश्याम सिंह इंटर कालेज की छात्रा कु0 श्रुति सिंह पुत्री देवेन्द्र सिंह का चयन पीसीएस जे में चयन हुआ है विद्यालय के छात्रा के चयन की खबर पर विद्यालय के प्रबन्धक अभिमन्यु सिंह व वरिष्ठ सपा नेता आनन्द मोहन सिंह पटेल की अगुवाई में विद्यालय की होनहार छात्रा को विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया, इस दौरान विद्यालय के बच्चों को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

श्रुति सिंह के पीसीएस जे में चयन होने के उपरान्त विद्यालय में समस्त अध्यापक गण एवं विद्यार्थियों ने जोरदार स्वागत किया साथ ही प्रबन्धक अभिमन्यु सिंह एवं सपा नेता आनन्द मोहन सिंह पटेल ने मिठाई खिलाकर उज्वल भविष्य की कामना किया। सम्मान समारोह में उपस्थित प्रबन्धक अभिमन्यु सिंह, आनन्द मोहन सिंह पटेल , राजेन्द्र नाथ सिंह , राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रावेंद्र सिंह , मनीष कुमार सिंह ,श्रवण कुमार सिंह ,अशोक सिंह , अजय सिंह एवं समस्त अध्यापक गण, छात्र मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय में 09 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, 138 एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी, स्टाम्प वादों, उपभोक्त फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबन्दी वादों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवाध्वेतन सम्बन्धी वाद, सेवा निवृत्त परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणो का निस्तारण तथा अन्य प्रकरण से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेंगा। अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 06.09.2023 से 08.09.2023 को लघु वाद के मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 08 सितम्बर को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्यमियों की समस्याओं का समाधान के लिए जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 08 सितम्बर 2023 को सायं 04 बजे उदयन सभागार में आहूत की गई है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग ने दी।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# बिजली के अभाव में स्कूल की अन्य व्यवस्थाएं गौण

## स्कूल के कायाकल्प के बावजूद पठन पाठन में दिक्कतें बरकरार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार परिषदीय स्कूलों को कायाकल्प योजना के तहत व्यवस्थित करने के तमाम प्रयास कर रही है,, लेकिन कई स्कूलों में अब भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। विकास खण्ड मेजा के प्राथमिक स्कूल निधी का पूरा में बिजली कनेक्शन ही नही जोड़ा गया है।सुबिधा विहीन इस स्कूल के बच्चे कैसे निपुण बन सकते हैं।

प्रदेश सरकार पंचायतों के जरिए परिषदीय स्कूलों की व्यवस्था और बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के लिए प्रयासरत है। इसके बावजूद कई यैसे विद्यालय हैं जिनमे बुनियादी सुविधाएं बिजली,पानी और शौचालय व्यवस्थित नही हैं। विकास खण्ड मेजा में पहाड़ की तलहटी में स्थित प्राथमिक विद्यालय निधि का पूरा भी एक यैसा ही स्कूल है जहां आज भी बिजली नही है ।जबकि आस पास के घरों में कनेक्शन किया गया है।विद्यालय का रनिंग वाटर,मल्टीपल हैंडवाश,व शौचालय आदि का उपयोग बिना विद्युतीकरण के सम्भव नही है। ग्राम प्रधान सुषमा मिश्रा ने बताया कि कायाकल्प से सम्बंधित लगभग सभी काम पूर्ण होने की स्थिति में हैं परंतु




### शिक्षा की गुणवत्ता व निपुण भारत मिशन जैसी योजनाओं पर असर

विद्युत के अभाव में बच्चों हेतु समुचित व्यवस्था न हो पाना दुखद है।वर्तमान समय मे भी यह विद्यालय सड़क और बिजली से बंचित है।

ग्राम प्रधान द्वारा वर्तमान में चल रही योजना में कार्यरत जक्सन के अधिकारियों से वार्ता की गई किंतु अभी तक कोई समाधान नही हो सका।अतः ग्राम प्रधान सुषमा मिश्रा की सरकार और विभागीय तंत्र से जुड़े लोगों से अपील है कि स्कूल को बिजली व्यवस्था से जोड़ा जाय जिससे विद्यालय में एक स्वच्छ व सुसज्जित वातावरण बच्चों को प्राप्त हो सके।

# तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापपुर,प्रयागराज।** सरायममरेज पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद देशी तमंचा व जिंदा करतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि सरायममरेज पुलिस ने गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के गोलवां मोड़ के पास से सिराज अली पुत्र सज्जाद अली निवासी तिलकठ सरायममरेज को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 -239/2023 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उ0नि0 कपिल कुमार, का0 राहुल चौधरी व का0 मनोज कुमार यादव शामिल रहे।

# शबे चेहल्लुम पर रानीमंडी से निकाला गया जुलूस

## दरियाबाद इमामबाड़ा सलवात अली खां में दुलदुल की ज़ियारत को जुटे हज़ारों लोग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रानीमंडी इमामबाड़ा नवाब नन्हे मरहूम की कोठी चकय्यानीम से शबे चेहल्लुम का जुलूस बाबर नदीम की क़यादत में निकाला गया। मातमी अन्जुमनो में अब्बासिया रानीमंडी , शब्बीरिया रानीमण्डी , ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार, अन्जुमन हाशिमया दरियाबाद ने नौहा और मातम की सदाएं बुलन्द करते हुए जुलूस बच्चा जी धर्मशाला स्थित शाहरुख क़ाज़ी के इमामबाड़े पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ।

जुलूस में ताबूत व अलम की ज़ियारत भी कराई गई, वहीं दरियाबाद इमामबाड़ा सलवात अली खां में अशरा ए अरबईन की अंतिम मजलिस को कोलकाता के मौलाना सैय्यद मैहेर अब्बास रिज़वी ने खिताब करते हुए शोहदा ए करबला पर ढ़ाए गए ज़ुल्म ओ सितम की दास्तां बयां की। अन्जुमन हाशिमया दरियाबाद के नौहाख्वान ज़िया अब्बास अर्शी यासिर सिबतैन आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।बाद



मजलिस शबीह ए ताबूत व ज़ुलजनाह भी निकाला गया।करैली में सरफराज़ हुसैन डॉ ऐजाज़ हुसैन व वक़ार हुसैन की ओर से शबे चेहलुम की मजलिस हुई जिसमें काज़िम अब्बास अहमद जावेद %कज्जन% , ज़रग़ाम हैदर ऐजाज़ हुसैन आदि ने पुरदर्द मर्सिया पढ़ा तो मौलाना सैय्यद जवादुल हैदर रिज़वी साहब क़िब्ला ने मजलिस को खिताब किया। अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी ने नौहा और मातम का नज़राना पेश किया।हण्डिया के भोपतपुर रिज़वान व ज़ीशान की ओर से चेहलुम का जुलूस निकाला गया इमाम चौक पर फातिहा व चरागां कर लोगों ने मन्नत व मुरादें मांगीं छोटे से अता अब्बास ने नौहा पढ़ा माहौल ग़मगीन हो गया।वहीं मुस्तफाबाद सादात व चायल में भी जुलूस ए चेहलुम अक़ीदत व ऐहतेराम से निकला अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार ने शिरकत की।

# कुष्ठ बस्ती में जरूरतमंदों को वितरित किया पंखा एवं खाद्यान्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संगम स्थित कुष्ठ बस्ती में मातृ - स्नेह फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद वृद्धों को गर्मी से राहत के लिए कई पंखा एवं अन्य खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया द्य इसके साथ-साथ वहां पर स्थित भगवान कृष्ण मंदिर में भी पूजा पाठ की सभी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई द्य तथा जन्माष्टमी के भव्य कार्यक्रम एवं उनके भंडारे का प्रारंभ मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह द्वारा किया गया द्य अपने संबोधन में नागेंद्र सिंह ने अयोध्या और प्रयागराज के कुष्ठ भाइयों एवं मातृ शक्तियों को हर तरह का सहयोग और सुरक्षा देने का आश्वासन दिया तथा भगवान श्री कृष्ण से उन बेसहारा लोगों के मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना किया। मातृ स्नेह फाउंडेशन द्वारा विगत 10 वर्षों से इस कुष्ठ बस्ती में गरीब और अनाथ बच्चों के शिक्षा, कॉपी किताब के वितरण के साथ-साथ सभी प्रभावित कुष्ठ भाइयों एवं बहनों का इलाज एवं अन्य व्यवस्था उपलब्ध कराया जाता है । इस अवसर पर फाउंडेशन के सभी कार्यकर्ता, स्वयं सेवक, सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**लालापुर(प्रयागराज)।** मां शिवकुमारी शुक्ला इण्टर कॉलेज भटपुरा-लालापुर में मंगलवार को धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथ सुरेंद्र चौधरी विधान परिषद सदस्य उत्तरप्रदेश (एमएलसी) के प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह पटेल रहे एवं विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्रा रहे।

कॉलेज के बच्चों के द्वारा बहुत अच्छी रंगोली और साज सज्जा सजावट करके शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की भव्यता को देखकर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों एवं शिक्षकों को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को विद्यालय के प्रबन्धक लाला शुक्ला (एडवोक) के द्वारा अंग वस्त्र और गुरु मां शारदा की छवि भेंट कर



सम्मानित किया गया।साथ ही सभी कक्षाओं के छात्रों ने भव्य आयोजन कर सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का सम्मान किया। इस दौरान कक्षा 11 के छात्र सूर्यकांत यादव ने माननीय विधायक सुरेंद्र चौधरी को उनका सुन्दर छायाचित्र स्केच बनाकर भेंट किया। जिसके लिए विधायक ने सूर्यकान्त यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया। कक्षा 12 के छात्र अमन शुक्ला ने स्वस्तिवाचन के द्वारा कक्षा 12 के शिक्षक समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक लाला शुक्ला ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जीवन में माता-पिता का स्थान कभी कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वे ही हमें इस रंगीन खूबसूरत दुनिया में लाते हैं। कहा जाता है कि जीवन के सबसे पहले गुरु हमारे माता-पिता होते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही गुरु व शिक्षक परंपरा चली आ रही है, लेकिन जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं। सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म- दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए भारतभर में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है। %गुरु% का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा में बहुत विश्वास रखते थे। वे एक महान दार्शनिक और शिक्षक थे।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई,यागराज।** बुधवार को थरवई पुलिस ने थाना क्षेत्र के पान की पुलिया पडिला गांव के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध पुलिस में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर उप निरीक्षक सोहराब अहमद हमराही कांस्टेबल नूतन यादव के साथ ग्रस्त पर निकले हुए थे, दोपहर 2 बजे के करीब मुखबिर द्वारा दी गई सटीक सूचना के आधार पर पान की पुलिया के पास मौजूद संदिग्ध युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर जामा तलाशी ली तो उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में पकड़ा गया आरोपी अपना नाम सुनील कुमार पटेल पुत्र राधेश्याम निवासी यूसुफपुर जुल्ला थाना सोराव बताया।

# युवाओं को मजबूत भारत बनाने को जुटने की सीख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में मंगलभूमि फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से युवा संवाद - भारत 2047 कार्यक्रम का ईश्वर शरण पीजी कॉलेज आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के पंच महाप्राण के विषयों चर्चा की गई। जिसमें देश की विरासत, नागरिक कर्तव्य, एवम एकता के तत्वों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता शपथ, संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने संवाद के विजेताओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान कर उत्साहित किया। डॉ राजेश गर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना समन्यवक ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सकारात्मक कार्य करने के लिए एक मंच देता है। मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी मेयर प्रयागराज ने कहा कि वर्तमान समय भारत आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश वर्ष 2047 तक विश्व का नेतृत्व करें। आजादी के अमृत काल में बदलते भारत की छवि को और भी मजबूत करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का संचालन गायत्री सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मंगल भूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष रामबाबू तिवारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने शपथ प्रपत्र के माध्यम से पंचप्रण के तत्वों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। राजू शुक्ला, श्याम प्रकाश पाण्डेय, वरुण केशरवानी, विनायक पांडेय, रोहित मिश्र, मंगल भूमि के संयोजक अनीता सिंह ,सौरभ दुबे जी, अमन डॉ शैलेश यादव, डा आलोक मिश्र, डॉ रुचि गुप्ता आदि मौजूद रहे। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के स्वयं सेवकों, अमन, निर्मल, अमरेश, सौरभ का विशेष योगदान रहा।

# मोबाइल टावर से चोरी गई बैटरी बरामद




**थरवई, प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के मलाकामय भैंसाही गांव स्थित रिलायंस जिओ टावर से बीते दिनों चोरी गई 5 अदद बैटरी को थरवई पुलिस में बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक उक्त गांव में नेटवर्किंग हेतु लगा रिलायंस जिओ के टावर में लगी पांच बैटरी चोरों ने दो दिन पूर्व खोल कर उठा ले गए थे। थरवई पुलिस ने रिलायंस जिओ के स्टेट मैनेजर ललित कुमार यादव की तहरीर पर थरवई पुलिस में मुकदमा अपराध संख्या 264/ 23 धारा 380 आईपीसी पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई थी, बुधवार की भोर पुलिस ने बेरूई गांव स्थित अंडरपास पुलिया के पास से दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया। पकड़े गए आरोपियों ने जुर्म कबूल करते हुए चोरी गई बैटरी को बरामद कराया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त नन्हे सिंह उर्फ देवेंद्र सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी बगदहा हवासाबाद हरिपुर बसना, थाना फूलपुर व आदित्य पासवान उर्फ कांधे पुत्र अभय राज निवासी बौड़ई, कटौता थाना फूलपुर के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।

# वामदलों ने किया सामाजिक कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का विरोध

**प्रयागराज।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तथा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने इलाहाबाद तथा अन्य जिलों में एन0आई0ए0 के छापों के द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न की कड़े शब्दों में निंदा की। भाकपा जिला मंत्री नसीम अंसारी, माकपा जिला मंत्री अखिल विकल्प तथा भाकपा माले जिला प्रभारी सुनील मौर्या ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अपने विरूद्ध उठने वाली हर आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है। जहां एक ओर आशीष मिश्रा टेनी, बृजभूषण सरन सिंह या पूर्व में कुलदीप सिंह सेंगर जैसे लोगों को सरकार की ओर से पूरी छूट मिली हुई है, उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती,

# महापौर ने फीता काटकर पोषण रैली को किया रवाना

## छठां राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में बुधवार को विकास भवन से फीता काटकर ''पोषण रैली'' को रवाना करते हुए छठां राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ किया। छठां ''राष्ट्रीय पोषण माह'' माह सितम्बर-2023 के आयोजन की मुख्य थीम ''सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत'' के अन्तर्गत जनपद में मुख्य सेविकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा बड़ी संख्या में 'बाइक रैली' एवं कतारबद्ध मानव श्रृंखला में 'पोषण रैली' निकाला गया, जो जिला पंचायत सभागार प्रयागराज पर समाप्त हुई।

'पोषण रैली' के माध्यम से पोषण माह में आयोजित किए जाने वाले थीम आधारित प्रभावी गतिविधियों-स्तनपान व सम्पूरक आहार, स्वस्थ बालक




स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण में सुधार, मेरी माटी मेरा देश एवं एनीमिया स्तर में सुधार हेतु परीक्षण, उपचार व संवाद का प्रचार-प्रसार एवं समुदाय की भागेदारी को जोड़ते हुए 'सुपोषण भारत' (कुपोषण मुक्त भारत) के लक्ष्य को प्राप्त करना है।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहे।

# शराब से लदी सप्लाई गाड़ी में मैजिक ने मारी टक्कर

**झूंसी, प्रयागराज।** शास्त्री पुल पर शराब से लदी तीन पहिया गाड़ी में मैजिक ने जोरदार टक्कर मार दिया। मैजिक की टक्कर से गाड़ी में लदी लाखों का शराब नष्ट हो गया। अंग्रेजी शराब का शीशी फूटने से गाड़ी से शराब सड़क पर बहने लगा। शराब की महक मिलते ही मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही झूंसी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घटना स्थल पर पर पहुंचकर भीड़ को तितर बितर कर शराब को दूसरी गाड़ी में पलटी करा कर भेज दिया। इस दौरान शास्त्री पुल से लेकर झूंसी पुलिया तक भारी जाम लगी रही।घटना की जानकारी मिलते मौके पर पहुंचे एजेंसी मालिक यदुवेंद्र प्रताप ने बताया कि अंदावा स्थिति आबकारी विभाग के गोदाम से चालक रोहन मिश्रा 26 वर्ष निवासी कटका झूंसी शराब गाड़ी में लोड कर सप्लाई के लिए जा रहा था। शास्त्री पुल पर पहुंचते ही पीछे से आ रही एक मैजिक गाड़ी ने टक्कर मार दिया। गाड़ी में टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों एक दूसरे से फंस कर कुछ दूर घिसते हुए चली गई जिससे गाड़ी में लदा 4 लाख के शराब में लगभग 1 लाख रुपए का माल नष्ट हो गया। मैजिक की टक्कर से चालक भी घायल हो गया जबकि मैजिक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। आबकारी विभाग को घटना

# कृष्ण प्रणामी मन्दिर में कृष्ण जन्मोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

### भक्त मन्दिर परिसर को सजाकर झूमते नाचते रहे

### बुजुर्गों ने लीलाधर के भजन गाकर मंदिर परिसर को भक्तिमय बनाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर भे इयां में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वर्षो से चली आ रही परंपरा आज भी जीवंत रूप में दिखाई देती हैं। गांव के ग्रामीण युवा अनुवाइयों ने अपने ईष्ट प्रभु श्री कृष्ण के जन्मदिवस पर मंदिर को भव्य स्वरूप में सजावट की, वहीं बुजुर्ग भक्तों ने विरासत में प्राप्त परमहंस महाराज द्वारा रचित निर्गुण -सगुण भजन का गायन करते हुए भक्ति में डूबे दिखे।मंदिर के पीठाधीश्वर ब्रह्मानंद महाराज ने बताया कि सोलहवीं सदी में परमहंस गोपाल मणी दास महाराज द्वारा स्थापित मंदिर की यह प्रथा अनवरत चली आ रही है। क्षेत्रीय भक्तों के अलावा दूसरे प्रदेशों एवं शहरों से सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। प्रभु भक्ति मय वातावरण से सराबोर होकर दूसरे दिन



भव्य भण्डारा का आयोजन आज किया जाता है।यहाँ दूसरे दिन दधिकांदो मेले का भव्य आयोजन होता है।जन्माष्टमी को लेकर क्षेत्र के कई गांव के भक्त भगवान के जन्मोत्सव का जश्न मनाने के लिए जुटते हैं।भक्तों में महिलाओं की बड़ी तादात रहती है। मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री प्रोफेसर अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि सामाजिक सौहार्द का प्रतीक श्रीकृष्ण प्रणामी मन्दिर आज के सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हुए अपने अनुयायियों को सुन्दर साथ नाम से संबोधित करता है जिसमें, सुन्दर आचार, सुन्दर विचार, सुन्दर संस्कार , सुन्दर ग्राम, सुन्दर समाज, सुन्दर भारत ,की संकल्पना निहित है। जिसका जीवंत उदाहरण है कि ग्राम के सभी युवा सुंदर साथ मिलकर मंदिर सहित पूरे गांव की साफ-सफाई करते हुए धूम -धाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मना रहे हैं।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव

## उपचुनाव में मतदाताओं ने गजब का दिखाया उत्साह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया,प्रयागराज।** विकास खंड बहरिया के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बुधवार को त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गया। इस दौरान मतदाताओं ने गजब का उत्साह दिखाते हुए अपने मतों का प्रयोग किया। जिसके बाद पोलिंग पार्टियों ने मतपेटिका को ब्लाक मुख्यालय पर बने स्ट्रांगरूम में जमा किया।

बता दें कि विकास खंड के ग्राम पंचायत रामगढ़ कोठारी और मुरादपुर उर्फ खिदिरपुर में ग्राम प्रधानों के निधन होने के चलते रिक्त हुई सीट के लिए बुधवार को निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कराया गया। रामगढ़ कोठारी ग्राम पंचायत में 2975 मतदाताओं में 1951 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग करते हुए मतदान किया। यहां पर सेक्टर मजिस्ट्रेट राशिद अब्बास की देखरेख में उपचुनाव संपन्न कराया गया। इस दौरान पोलिंग पर किसी प्रकार की कोई उपद्रव ना हो इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था। इसके साथ ही सुबह से लेकर मतदान की समाप्ति और मतपेटिकाओं के जमा होने तक थानाध्यक्ष बहरिया योगेंद्र कुमार पटेल, उपनिरीक्षक विवेक कुमार यादव तथा उपनिरीक्षक बाल किशुन राम अपने हमराही सिपाहियों के साथ पूरी मुस्तैदी



के साथ डटे रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी बीरेंद्र प्रकाश द्वारा पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों और मतदाताओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही मुरादपुर उर्फ खिदिरपुर में 2005 मतदाताओं में 1300 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग करते हुए मतदान किया। यहां पर सेक्टर मजिस्ट्रेट शरद कुमार शुक्ल की देखरेख में उपचुनाव को सकुशल तरीके से संपन्न कराया गया।

इस दौरान पोलिंग बूथों की सुरक्षा में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी अनिल सिंह द्वारा पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों और मतदाताओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। इसी प्रकार चकअफजल उर्फ पूरे लीला के क्षेत्र पंचायत सदस्य का निधन होने के चलते निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कराया गया। इसके लिए चकअफजल उर्फ पूरे लीला और सराय ख्वाजा में मतदान करवाया गया। चकअफजल उर्फ पूरे लीला में 1131 मतदाताओं में 515 मतदाताओं ने और सराय ख्वाजा में 187 मतदाताओं में से 70 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग करते हुए मतदान किया। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी दयाराम पटेल द्वारा पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों और मतदाताओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। वहीं, बुधवार को विकास खंड में हुए त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के संपन्न होने तक खंड विकास अधिकारी बहरिया देव कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बहरिया अनिल कुमार पाल, ग्राम विकास अधिकारी सौरभ सिंह अपनी पूरी टीम के साथ ब्लाक मुख्यालय पर डटे रहे।

# स्कूटी फिसलने से थरवई थाने की दो महिला सिपाही जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया, प्रयागराज।** स्कूटी फिसलने से चुनाव डियूटी में जा रही दो महिला सिपाही बुरी तरह जख्मी हो गई। सूचना पर बहरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी दोनों महिला सिपाहियों को सीएचसी मैलहा में ले जाकर भर्ती कराया। जहां से दोनों को इलाज के लिए शहर रेफर कर दिया गया। थरवई थाने में तैनात महिला सिपाही कंचन देवी और मीना की बहरिया थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी गांव में बुधवार को त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में डियूटी लगी थी। दोनों महिला सिपाही एक ही स्कूटी से सुबह डियूटी के लिए थरवई थाने से निकली थीं। बताया जाता है कि बहरिया के मैलहा गांव के सामने पेट्रोल पंप के पास मोड़ पर बारिश के कारण उनकी स्कूटी फिसल गई जिससे दोनों सड़क पर गिर गई और बुरी तरह जख्मी हो गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष बहरिया योगेंद्र कुमार पटेल सिपाहियों के साथ मौके पर पहुचे और घायल महिला सिपाहियों को जीप में लाद कर सीएचसी मैलहा बहरिया में भर्ती कराया। गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया।

# अधिकारी सभ्रान्त नागरिकों के साथ शान्ति समितियों के साथ बैठक सुनिशिचत करें: डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव व स्थापना 6 सितम्बर व 7 सितम्बर को मनाया जायेगा तथा विसर्जन 13 सितम्बर 2023 तथा श्रीगणेश प्रतिमाओं की स्थापना 19 सितम्बर 2023 व विसर्जन का कार्यक्रम 28 सितम्बर 2023 तक मनाया जायेगा है। इस अवसर पर जनपद के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूर्तियां स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है, झांकियां सजायी जाती है तथा कहीं कहीं पर भण्डारा आदि का कार्यक्रम आयोजित होता है और नदियों सरोवरों में प्रतिमायें विसर्जित की जाती है।



उक्त के क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में जनपद में सकुशल पर्व को सम्पन्न कराने के लिए समस्त क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट जनपद अयोध्या अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए सम्बन्धित पूजा समितियों के पदाधिकारियों, मुख्य धार्मिक स्थलों के पुजारियों व प्रबन्धकों एवं सम्बन्धित सभ्रान्त नागरिकों के साथ शान्ति समितियों की बैठक सम्बन्धित पुलिस थाना चौकी में ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे।

यदि कहीं विवाद की स्थिति संज्ञान में आती हो तो उसको पूर्व से ही सुलझा लेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी अयोध्या उक्त पर्वो के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अवसर पर पर्याप्त सचल चिकित्सा व्यवस्था एवं एम्बुलेंस आदि की आवश्यक व्यवस्था कार्यक्रम स्थलों एवं विसर्जन घाटो पर सुनिश्चित करते हुए जनपद के अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था करायेगें। प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, अयोध्या सड़को/शोभायात्रा आदि मार्गों तथा विसर्जन घाटो व कार्यक्रम स्थलों के आस-पास पेड़ों की डालों की कटाई छटाई की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करायेंगे। नगर निगम अयोध्या एवं समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत/कैन्ट बोर्ड तथा पंचायत विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई, चूना छिडकाय प्रकाश, शुद्ध पेय जल, मोहल्लों में खराब रास्तों की मरम्मत आदि विभागीय कार्यों के साथ ही सभी पूजा स्थलों के पास प्रतिदिन साफ सफाई की आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करायेंगे मूर्तियों के विसर्जन स्थल पर अपने से सम्बन्धित स्थलों का पूर्व से निरीक्षण कराकर आवश्यक साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, जनरेटर आदि की आवश्यक विभागीय व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करायेंगे।

उक्त पर्वो के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय व सम्वाद हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट, अयोध्या में कन्ट्रोल रूम रहेगा, जिसका दूरभाष नम्बर 05278-223753 है। इस कन्ट्रोल रूम में शिफटवार कार्मिकों की ड्यूटी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, अयोध्या द्वारा लगायी जायेगी और ड्यूटीरत कार्मिकों द्वारा कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों/समस्याओं का निस्तारण सम्बन्धित विभागों द्वारा समय से कराया जायेगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर ने दी है।

## बिजली से परेशान ग्रामीणों ने अभियंता को दिया ज्ञापन

**बीकापुर-अयोध्या।** बीकापुर ग्रामीण क्षेत्रों में लचर बिजली व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने समाजसेवी आदित्य पांडेय के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र बीकापुर पहुंचकर अभियंता शैलेश यादव को ज्ञापन देकर क्षेत्र की विद्युत समस्या से अवगत कराया किसान सुखदेव तिवारी व अंबिका प्रसाद ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण धान व गन्ने की फसल में नुकसान हो रहा है और ना ही तय शेड्यूल के अनुसार विद्युत सप्लाई मिल रही है जिससे क्षेत्र वासियों को व्यापक समस्या का सामना करना पड़ रहा है ज्ञापन देने वालों में आदित्य पांडे,प्रेमनाथ तिवारी,राहुल तिवारी, सुधांशु पांडे, सुकई निषाद, सूरज पांडे, रुद्र तिवारी,विजय निषाद,अतुल पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, लाहुरी, प्रेम भारती, मिल्हु भारती, के साथ दर्जनों लोग शामिल रहे।

## विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर -अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालयों में शिक्षक दिवस अध्यापकों द्वारा बच्चों के साथ पर्व के रूप में मनाते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र को रखकर उस पर माल्यार्पण कर के एवं दीप प्रज्वलित करके शिक्षक दिवस की शुरुआत करते पी एम टी ग्रुप ऑफ एजुकेशन खजुराहट अयोध्या के बहुउद्देशिये हाल में आयोजित शिक्षक दिवस के पर्व पर निदेशक डॉक्टर सुजीत तिवारी ने शिक्षक के दर्शन पर तथा प्रबंधन संतोष तिवारी ने शिक्षा मूल्य धरोहर है विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस पी तिवारी ने शिक्षा से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होने पर अपने -अपने विचार व्यक्त किये है। तथा कोऑर्डिनेटर मनोज पांडेय , फार्मेसी के प्राचार्य डॉ विवेक श्रीवास्तव आदि अध्यापक गणों ने शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को शिक्षकों एवं शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताते हुए शिक्षक दिवस पर जन्म दिन को पर्व के रूप में मनाया है। कंपोजिट विद्यालय भैरोपुर टिकरा में प्रधान अध्यापिका डिंपल साहू के नेतृत्व में शिक्षक दिवस जन्मदिन आदि विषयों पर बच्चों को बताते हुए भावुक होकर कहा कि हमारे द्वारा शिक्षा ग्रहण करके योग्य बनने पर जितना परिवार में माता-पिता को खुशी मिलती है उससे ज्यादा उन शिक्षकों को खुशी होती है जिनके द्वारा बच्चों को शिक्षा दे करके योग्य बनाया जाता है। समाज के उत्थान के लिए उक्त प्रधान अध्यापिका ने कहा कि जब तक सभी बच्चे सरकार की सुविधा के बाद भी शिक्षित नहीं हो जाते हैं तब तक समाज का पूर्ण विकास नहीं माना जाएगा।

# संविधान का चौथा स्तंभ राजनेताओं का नहीं बनेगा कठपुतली

**राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के पदाधिकारी ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोशाईगंज-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान के चौथे स्तम्भ को गुलामी,व तुगलकी फरमान से देश भर के पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। न्याय पालिका ,कार्यपालिका एवं विधायिका का तो उल्लेख है,पर देश का चौथा स्तम्भ (मीडिया) को गुलाम बनाने की नेताओं ने कवाइत शुरु कर दी है। जिससे देश भर के मीडिया में भारी आक्रोश व्याप्त है।

अयोध्या में राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दूबे कि अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को संबोधित अपरजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री को अवगत कराया गया कि जब संविधान में संशोधन किया जा रहा है। तो देश के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले प्रिंट एवं इलेक्ट्रांनिक मीडिया को भी न्याय पालिका ,कार्य पालिका एवं विधायिका की भांति संविधान में उचित स्थान दिया जाये। जब भारत आज़ादी की लड़ाई लड़ रहा था ।उस वक्त मीडिया का भी बहुत बड़ा योगदान रहा था ।जिसमें कुछ मीडिया कर्मी गोली का शिकार हुए व कुछ मीडिया कर्मियों को अंग्रेजो ने फांसी पर लटका दिया था। जो देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी संविधान से अछूता है।

राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के पदाधकारियों ने देश के चौथे स्तम्भ मिडिया को व लोकतंत्र के अधिकारों को कुचलने के बजाय पूर्ण रुप से स्थापित किया जाए तथा देश में पत्रकार सुरक्षा कानून व्यवस्था लागू की जाए, 2% कोठा आरक्षित किया जाए, प्रेस आयोग का गठन कर पत्रकारों को आयोग में नामित किया जाए, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को सभी संवैधानिक व मौलिक अधिकार दिये जाएं।

देश के चौथे स्तंभ न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका एवं मीडिया से देश मजबूत रह सके। इस मौके पत्रकार हरिओम सिंह जिला सचिव अयोध्या,देव कुमार तिवारी, कृष्ण कुमार यादव जिला उपाध्यक्ष, पंकज यादव,दिनेश तिवारी, मनोज गुप्ता, आदि भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने मजदूरी का पैसा मांगने पर घर में घुसकर की पिटाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कर्नलगंज, गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति के द्वारा मजदूरी का पैसा मांगने पर दबंगों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी और घर में जमकर तोड़फोड़ किया। मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कार्रवाई ना करके उपद्रव करने वाले लोगों की तरफ से पीड़ित के विरुद्ध ही मुकदमा दर्ज कर लिया,जबकि पीड़ित लगातार थाने का चक्कर काट रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम रेंवारी पूरे त्रिलोचन पुरवा निवासी अमरेश कुमार ने उच्चाधिकारियों व कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते दो सितंबर की रात करीब 11 बजे गांव के कुछ लोगों ने उसके घर पर धावा बोल दिया और मारपीट करने लगे। पीड़ित का कहना है कि दैनिक मजदूरी करके उसने 6600 रुपए मजदूरी की मांग किया तो गांव के दबंग लोगों ने उसे गाली-गलौज देते हुए घर में घुसकर मारपीट करना शुरू कर दिया और परिवार की पिटाई करने के साथ-साथ घर में जमकर तोड़फोड़ किया। जिसमें उसके घर पर छाजन के लिए लगी टीन शेड, बेड, साईकिल एवं मोबाइल को तोड़ कर नुकसान पहुंचाया और धमकी देते हुए चले गए।

पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर बुलाया उसके बाद सुबह जब थाने पर तहरीर देने गया तो वहां उसके घर तोड़-फोड़ करने वाले लोग पहले से बैठे थे। पुलिस ने उनकी तरफ से पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया। जबकि पीड़ित गांव के चार दबंग लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार का कहना है कि मारपीट का मामला है जिसमें एक पक्ष से मुकदमा दर्ज हुआ है और दूसरे पक्ष की शिकायत पर जांच कराई जा रही है।

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर का किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर का सीएमओ संजय जैन ने बुधवार सुबह औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैर हाजिर हुए फार्मासिस्ट अवधेश कुमार, प्रधान लिपिक अशोक कुमार, गायनोलॉजिस्ट जितेंद्र पांडेय को उपस्थित पंजिका रजिस्टर में गैर हाजिर कर दिया। और सभी से स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अस्पताल में घूम-घूम कर दवा वितरण कक्ष सहित विभिन्न पटल का निरीक्षण किया। दवा वितरण कक्ष में कुछ दवा मौके पर न मिलने के चलते नाराजगी जताई। जरूरी औषधि के रखरखाव एवं 25 प्रतिशत दवा रिजर्व रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एक्सरे रूम मे ताला बंद मिला। क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे द्वारा ऑर्थो सर्जन के अस्पताल में पूरे सप्ताह बराबर उपलब्धता सुनिश्चित करने



की बात कही। और बताया कि ऑर्थो सर्जन अस्पताल में पूरे सप्ताह उपलब्ध नहीं रहते हैं जिससे मरीज को असुविधा होती है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि गैर हाजिर मिले चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा निरीक्षण में सब कुछ ठीक-ठाक मिला है। जहां खामियां मिली है वहां सुधार करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह, डॉक्टर एस के मौर्य, डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आरके सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर का निरीक्षण करने के बाद ब्लॉक क्षेत्र के कई एएनएम सेंटर पर चल रहे टीकाकरण का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

# मुख्य अभियंता विद्युत का आदेश एक्सईएन प्रथम के आगे बौना

**बकाए परिसर में दिए गए कनेक्शन की जांच रिपोर्ट देने में हीला-हवाली**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय आर्य नगर गोण्डा के कार्यकारी सहायक पंकज सिंह द्वारा सितम्बर 2022 में हाजिरी रजिस्टर के पृष्ठ को बदलकर कूटरचित तरीके से दूसरा पृष्ठ लगा दिए जाने की एक युवक द्वारा शिकायत करने पर जांच टीम अध्यक्ष एक्सईएन प्रथम राधेश्याम भाष्कर द्वारा आरोपी को बचाने हेतु कई माह बाद हीला-हवाली करते हुए जांच रिपोर्ट सौंपी गई परन्तु उपखण्ड झंझरी के जेई द्वारा बकाए परिसर में दिए गए कनेक्शन के संबन्ध मुख्य अभियंता द्वारा बार बार दिए गए पत्र के बावजूद भी जांच आख्या रिपोर्ट न दिए जाने से कई सवाल पनप रहे हैं। मुख्य अभियंता द्वारा हाजिरी रजिस्टर बदले जाने वाली जांच रिपोर्ट को अधीक्षण अभियंता मण्डल राम नरेश सरोज के पास कई दिन पहले भेजा गया है।

अधीक्षण अभियंता मण्डल कार्यालय में अपने सहयोगी के साथ शिकायत कर्ता ने पहुंचकर जांच आख्या रिपोर्ट व कार्यवाही के बारे में जानकारी मांगी। यह सुनकर अधीक्षण अभियंता ने कहा कि यह निजी प्रकरण होने के चलते आपको आरटीआई एक्ट के तहत भी जानकारी नही दी जा सकती। अब सवाल यह है कि आरटीआई 2005 के किस पैरा में लिखा है कि शिकायतकर्ता के शिकायत पर हुई जांच आख्या रिपोर्ट शिकायत कर्ता को दिखाया व आरटीआई 2005 के तहत नही दिया जा सकता यह तो अधीक्षण अभियंता ही बता सकते हैं।

# ग्राम बसालतपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल, गंदगी का अंबार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कर्नलगंज/ हलधरमऊ, गोण्डा।** केंद्र व प्रदेश सरकार भले ही आये दिन स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च दिखाते हुए कागजों में चाक चौबंद व्यवस्था के दावे कर रही है लेकिन धरातल पर हकीकत उसके विपरीत है और साफ सफाई व्यवस्था महज कागजों तक सीमित दिखाई पड़ रही है।

क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की मनमानी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। वहीं प्रतिमाह भारी भरकम वेतन लेकर सफाई कार्य न करना इनकी आदत में शुमार हो गया है। लेकिन जिम्मेदार आलाअधिकारी सब कुछ जानते हुये भी अनजान बने हैं। जीता जागता उदाहरण विकास खंड हलधरमऊ के अन्तर्गत ग्राम बसालतपुरगांव में साफ दिखाई पड़ रहा है यहां तैनात सफाई कर्मचारी सफाई कार्य करने नही आ रहे हैं,जिससे सड़क के किनारे जगह जगह कूड़े कचरे का ढेर लगा होने के साथ ही नालियां जाम होकर बजबजा रही हैं और जल निकासी बाधित हो रही है।

ग्राम पंचायत बसालतपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल है। कहने को तो यहां सफाई कर्मी की तैनाती की गई है,जिनके ऊपर ग्राम पंचायत में प्रतिदिन नियमित रूप से साफ सफाई का जिम्मा है। चूंकि जिम्मेदारों द्वारा कोई जांच अभियान नहीं चलाया जाता है, इसलिए सफाई कर्मी भी सफाई कार्य ना करके तैनाती स्थल से काफी समय से नदारद रहकर मनमानी कर रहे हैं और सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं।सफाई व्यवस्था इस कदर बदतर है कि मुख्य मार्ग व सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह कूड़ा-करकट का ढेर लगा रहता है, जबकि नालियां बजबजा रही हैं। ग्रामीणों की मानें तो ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। सफाई कर्मी तो खुद कभी सफाई नहीं करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण गांव में तैनात सफाई कर्मचारी सफाई कार्य करने नही आ रहे हैं,जिससे नालियां जाम होकर बजबजा रही हैं वहीं जल निकासी बाधित हो रही है और पूरे गांव में गंदगी की भरमार है। जिससे मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है।

यदि सफाई व्यवस्था पर ध्यान नही दिया गया तो अनेकों प्रकार की बीमारी फैल सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई करने और सड़कों,नालियों,सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई कराने की मांग की है। उक्त संबंध में जानकारी करने हेतु बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

## विश्वविद्यालय निर्माण हेतु गांवों में चौपाल लगाकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कटरा बाजार, गोण्डा।** कटरा विधानसभा के कौड़िया क्षेत्र के रामापुर भरता इटैया, बनकटी, पूरेबदल, महादेव, कौड़िया, आर्यनगर आदि स्थानों पर जाकर छात्र पंचायत के माध्यम से चौपाल लगाकर गोंडा में विश्वविद्यालय के स्थापना को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखाया गया। इस अवसर पर छात्र पंचायत के संयोजक शिवम पाण्डेय ने चौपाल में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय हमारा अधिकार है हमे इसके लिए लड़ाई लड़नी पड़ेगी तथा विश्वविद्यालय के निर्माण से गोंडा का भविष्य निर्माण संभव है। तहसील कर्नलगंज संयोजक अमित तिवारी ने बताया कि यह अभियान का अभी तीसरा दिन है, लोगों में भारी उत्साह है तथा लोगों का यही कहना है की विश्वविद्यालय के निर्माण से ही हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर के जनपदों में नही भेजना पड़ेगा।

## कर्नलगंज कस्बे में हो रहे अवैध निर्माण की अधिकारियों से हुई शिकायत

**एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक को जांचकर कार्यवाही हेतु दिये निर्देश**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कर्नलगंज, गोण्डा।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज कस्बे में हो रहे अवैध निर्माण की उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। मामले को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक को जांचकर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। कर्नलगंज कस्बे के निवासी अर्चित पाण्डे ने स्थानीय स्तर से लेकर शासन स्तर तक की गई शिकायत में कहा है कि मोहल्ला गुड़ाही बाज़ार में नजूल भूमि पर बिना किसी अनुमति के बिना फ्री होल्ड बिना नक्शा पास कराये अवैध रूप से नगर पालिका परिषद के मिलीभगत से अवैध निर्माण अशोक कुमार पुत्र निरंकार के द्वारा किया जा रहा है।




सरकारी गली में अवैध रूप से पिलर लगाकर दीवाल का निर्माण करके गली की चौड़ाई भी कम करके रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। अर्चित पाण्डे का कहना है कि उक्त प्रकरण के संबंध में नगर पालिका परिषद को दूरसंचार के माध्यम से सूचना दी गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे अवैध अतिक्रमण करने वाले का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं मामले को संज्ञान में लेकर एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

## शिक्षक राष्ट्र निर्माता:डॉ बी के पुष्कर

**पूरा बाजार अयोध्या।** राजकीय डा बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकली में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर आयोजित समारोह में होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी के पुष्कर ने कहा कि शिक्षक छात्रों में छुपी प्रतिभा को निखार कर कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ता है जिससे छात्र आगे चलकर देश व समाज का उत्थान करते हुए अपने भव्य भविष्य का निर्माण करता है तथा देश का नाम विश्व में रोशन करता है इसलिए शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी के पुष्कर ने होमियो मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों डॉ माधुरी गौतम डॉ पीएस त्रिपाठी डॉ केशव गोस्वामी डॉ तुलसीराम डॉ पवन डॉ अवनीश राय डॉ कीर्ति पांडे डा सौम्या रघुवंशी डॉ नेमा सहित अन्य शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया और शिक्षकों से कहा कि कर्म को पूजा मानकर कार्य करें जिससे देश और समाज का उत्थान हो सके।

# विश्वस्तरीय नगर का रूप ले रही श्रीराम नगरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास कार्यों में काफी तेजी आई है। बहुत बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं। अयोध्या जनपद में विकास की नदियां बह रही हैं। सही मायने में अगर कहा जाए तो योगी सरकार में अयोध्या का जितना विकास हुआ है उतना इससे पहले पूर्ववर्ती सरकारों में कभी नहीं हुआ है। अयोध्या नगर की जब बात होती है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को विश्व स्तर की नगरी बनाने का जो बीड़ा उठाया है। इसका असर हालांकि अभी तो कम है लेकिन इसके परिणाम बहुत दूरगामी होंगे जो धीरे-धीरे दिसंबर माह तक धरातल पर दिखाई देने लगेंगे।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है जो अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़े राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ योगी सरकार ने देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को अयोध्या तक पहुंचाने के लिए तमाम नई सड़कों के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। यहां रामपथ, भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ सहित कई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे पर्यटक आसानी से अयोध्या आकर राम जन्मभूमि सहित अन्य मंदिरों का सुलभता से दर्शन कर सकेंगे। रेल से अयोध्या को आने के लिए अयोध्या रेलवे स्टेशन एवं श्री राम एयरपोर्ट का निर्माण भी लगभग पूरा होने को है। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन व श्रीराम एयरपोर्ट को विश्व स्तर का स्टेशन एवं हवाई अड्डा बनाया जा रहा है। इसके अलावा अयोध्या तक के पहुंच मार्गों को फोर लेन और सिक्स लेन में भी परिवर्तित किया जा रहा है। रायबरेली से अयोध्या, बनारस से अयोध्या सहित कई सड़कों को चौड़ा कर फोर लेन या सिक्स लेन में बदला जा रहा है।

अयोध्या के सरयू नदी के गुप्तार घाट को सौंदर्यीकृत करके पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनाया जा रहा है। सरयू नदी में एक क्रूज भी चलाया जाएगा। जो यहां आने वाले पर्यटकों को जल मार्ग से यात्रा भी कराएगा। अयोध्या में राष्ट्रीय बस अड्डा व पार्किंग स्थल का भी निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इसके अलावा और भी कई क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिलेंगे। अयोध्या नगर की सभी सड़कों पर लगे बिजली के पोल को हटाकर लाइन को अंडरग्राउंड कर दिया गया है। इसके अलावा जल भराव की समस्या से निपटने के लिए सीवर लाइन बना दी गई हैं। पेयजल की आपूर्ति भी अब अंडरग्राउंड पाइपों के माध्यम से घरों तक पहुंचाई जा रही है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा यहां पर 40 मेगावाट का एक सोलर प्लांट भी लगाया जा रहा है।लोगों को रोजी-रोटी से जोड़ने के लिए तमाम ऐसी योजनाएं चल रही हैं जिसके माध्यम से अयोध्या में लोगों को रोजी रोजगार भी मिलेगा। अयोध्या में वंदे भारत जैसी तेज गति की ट्रेन चलाई गई है।

## पीड़ित महिला ने अवरुद्ध रास्ता खुलवाने के लिए एसडीएम दिया शिकायत पत्र

**अयोध्या।** थाना रुदौली के अंतर्गत ग्राम जैतहरी परगना रुदौली तहसील रुदौली की पीड़ित महिला मीना देवी पत्नी सहजराम मूल निवासिनी है जिसने थाना रुदौली में शिकायती पत्र दिया परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसके घर का जो रास्ता आवागमन का है उसको विपक्षीगण राम बच्चन, जंगली, काशीराम ने उक्त रास्ते को अवरुद्ध करते हुए 3 सितंबर 2023 को दोपहर में दीवार खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध दिया। जिससे पीड़ित महिला के घर आने जाने का रास्ते पूर्णता बंद हो गया है। अब हम अपने घर के अंदर जा नहीं सकती और बाहर आ सकती है। पीड़ित महिला अत्यंत गरीब है जिसको कानून की कोई जानकारी और न ही कोई अनुभव है। महिला द्वारा विपक्षी गण को दीवार न खड़ी और रास्ता अवरुद्ध होने पर मना करने पर समस्त विपक्षीगण एक राय होकर आमदा फौजीदारी पर उतारू हो जाते है।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मया ब्लाक के देवरा दाउदपुर ग्राम में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक संपन्न हुई जिसमे संगठन की समाज में भागीदारी बढ़ाने एवम सामाजिक उत्थान के लिए और तेजी से कार्य करने पर बल दिया गया मया ब्लाक का गठन करने के लिए चर्चा हुई और देश में विभिन्न सरकारों द्वारा ब्राह्मणों पर किए जा रहे अत्याचारों पर निंदा की गई और ब्राह्मणों के ऊपर अनेक राजनीतिज्ञों द्वारा की जा रही टिप्पणियों पर भी निंदा व्यक्त की गई और ब्राह्मण समाज की राजनैतिक भागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष दिलीपराम त्रिपाठी जिलाध्यक्ष सत्यदेव मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री पंडित राधेश्याम मिश्र आचार्य राकेश पांडेय आशीष पांडेय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश तिवारी,काशीनाथ तिवारी सदस्य अंबरीश पांडेय, सनी शुक्ला, संतोष पाण्डेय,धीरेंद्र पांडेय, सचिन तिवारी, घनश्याम मिश्र, सोनू तिवारी, रूपेश तिवारी, कौशलेश तिवारी, राजेश चौबे, संजय पांडे, सुरेश पांडेय, सूर्यकांत पांडेय, दुर्गेश पांडेय आदि सैकड़ों की संख्या में सम्मानित विप्रवर्ण एकत्रित हुए।

## लेखपाल द्वारा खसरे में पेंड़ दर्ज करने हेतु घूस मांगने का आडियो वायरल

**गोण्डा।** जिले के मनकापुर तहसील क्षेत्र में कार्यरत एक लेखपाल द्वारा कास्तकार के खेत संबंधी खसरे में पेंड़ दर्ज करने के लिए पांच सौ रुपए रिश्वत मांगे जाने का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्राम पचपुती जगतापुर तहसील मनकापुर के निवासी मनीष कुमार सिंह ने कहा कि हल्का लेखपाल इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा किसानों से अवैध मोटी धन उगाही किया जा रहा है। लेखपाल खसरा में पेंड़ दर्ज करने के लिए प्रति पेंड़ पांच सौ रुपए सुविधा शुल्क की मांग कर रहे हैं। जबकि उनके खेत में बीस पच्चीस वर्ष पहले से पेंड़ लगे हैं। पीड़ित के अनुसार लेखपाल ने खसरा बनाने के लिए 8500 रुपए रिश्वत दबाव पूर्वक लिए हैं जिसमें 4500 नगद व 4000 गूगल पे के माध्यम से अपने पुत्र के खाते में लिया है जिसका साक्ष्य उनके पास मौजूद है।

# सर्वर को हैक कर 146 करोड़ के फ्राड करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ को 18 महीने में लगभग एक करोड़ रुपये खर्च कर तीन हैकरों, छह डिवाइस, तीन कीलागर साफ्टवेयर,तीन बैंक अधिकारियों की मदद से उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लि. मुख्यालय लखनऊ के सर्वर को हैक कर, प्रबन्धक व कैशियर के लागिन आइडी पासवर्ड प्राप्त कर, सिस्टम को रिमोट एक्सिस पर लेकर एनएडी अनुभाग में खुले सात खातों से आठ लेन-देन के माध्यम से 146 करोड़ रुपये के आरटीजीएस करके ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के संगठित गिरोह के 25000 रुपये 25000 रुपये के दो पुरस्कार घोषित अपराधियों को लखनऊ से गिरफ्तार करने मे उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू ठेकेदार पुत्र स्व. कृष्ण मुरारी सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट छिछोर थाना हलधरपुर जनपद मऊ, सुनील कुमार यादव पुत्र श्याम बिहारी यादव निवासी रामपुर थाना रामनगर जनपद वाराणसी है।16 अक्टूबर 2022 को अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक महाप्रबन्धक, एनएडी यूपी कोआपरेटिव बैंक मुख्यालय लखनऊ द्वारा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर सूचना प्रद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम-2008 पंजीकृत कराया गया कि 15 अक्टूबर 2022 को अपराह्न 2:45 से 3:25 बजे के मध्य यूपी कोआपरेटिव बैंक लि. के एनएडी अनुभाग में खुले जिला सहकारी बैंकों के सात खातों से आठ लेन-देन के माध्यम से विकास पाण्डेय, सहायक कैशियर एवं मेवालाल प्रबन्धक की सीबीएस आईडी से अनाधिकृत तरीके से अन्य बैंक आईसीआईसीआई एवं एचडीएफसी के खातों में 146.00 करोड़ आरटीजीएस के माध्यम से ट्रान्सफर किये गये हैं। जिसके क्रम में एसटीएफ मुख्यालय स्थित साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन कर 31 अक्टूबर 2022 को पालीटेक्निक चैराहा लखनऊ से उपरोक्त अपराध में संलिप्त साइबर अपराधियों के संगठित गिरोह के दो मास्टर माइण्ड सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। यूपी कोऑपरेटिव बैंक लि. के सर्वर को हैकरों व बैंक अधिकारियों की मदद से हैक कर 146 करोड़ के फ्राड आरटीजीएस करने का प्लान तैयार कर हैकरों की व्यावस्था करने वाले अमरेन्द्र सिंह उर्फ बबलू व सुनील यादव जो तभी से फरार चल रहे थे, की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम यूपी लखनऊ द्वारा पच्चीस-पच्चीस हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था। जिसके क्रम में विशाल विक्रम सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ के पर्यवेक्षण मे एसटीएफ मुख्यालय स्थित साइबर टीम द्वारा तकनीकी विषेषज्ञता व मुखबिर के माध्यम से अभिसूचना संकलन कर बुधवार को समय करीब 12:35 बजे, फनमाल के सामने मेनरोड लखनऊ से उपरोक्त साइबर अपराधियों के संगठित गिरोह के 25000-25000 रुपये के दो पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अमरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 1994 में बीएचयू वाराणसी से बीकाम किया। इसके बाद वर्ष 2000 से 2018 तक जनपद मऊ में जिला पंचायत व पीडब्लूडी में ठेकेदारी का काम करता था। इसके बाद लखनऊ में जमीन की ब्रोकरी के काम के लिए आया। यहां पर मेरी मुलाकात सुनील यादव, रवी वर्मा, ज्ञानदेव पाल, धुरव कुमार आदि से हुई। वर्ष 2021 में प्रापर्टी के काम में मेरी एक हैकर से मुलाकात हुई जो बैंक के डेड एकाउंट को हैक कर रुपए ट्रांसफर कर लेता था। तब मैंने यह बात सुनील कुमार यादव को बतायी तो सुनील ने रवी वर्मा, ज्ञानदेव पाल, व धुरव से एक मीटिंग करायी। तब मैंने बताया कि मेरे पास एक हैकर है।

# व्यापारियों ने डीएम से गिनाई जाम व सड़क जाम की समस्यायें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** कारोबार में बढ़ती दिक्कतों को लेकर वाणिज्य बंधुओं ने जिलाधिकारी के साथ बैठक कर समस्याओं से अवगत कराया। बुधवार को लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि वाणिज्य बंधुओं की मासिक बैठक जिलाधिकारी कार्यालय अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिलाधिकारी,नगर आयुक्त के साथ लखनऊ व्यापार मण्डल का प्रतिनिधित्व कर रहे अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र पवन मनोचा, अनुराग मिश्र, मनीष अरोड़ा मौजूद रहे। वहीं अमरनाथ मिश्र ने कहा कि बीते दिनों में शहर में तमाम जगह आग लगने की खबरें मिलती है पूर्व में जलसंस्थान द्वारा डाली गयी हाईड्रेन्ड लाइन जो इस समय सड़क के नीचे दब गयी हैं।जिसे पुनःजीवित कर चालू किया जाय जिस पर जिलाधिकारी ने कमेटी बनाने को कहा है।उन्होंने कहा कि तालकटोरा रोड की दुकानों का किराया वर्ष 2017 से आज तक नगर आयुक्त के द्वारा जमा नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि इसके पहले पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया एवं नगर विकास मंत्री के द्वारा दो वर्ष का किराया पुराने रेट से जमा कराने का आदेश दिया गया था।जिसे नगर-निगम सदन द्वारा भी पास किया जा चुका है। श्री मिश्र ने कहा कि इसे नगर आयुक्त द्वारा जान बूझ कर 6 वर्ष से जमा नहीं कराया जा रहा है। इसे तत्काल जमा कराने का आदेश दिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि जीएसटी पूर्व के महीनों में स्वर्ण एवं रजत पर ई-बिल अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे स्वर्ण के व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना कराना पड़ेगा। अध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री,कमिश्नर द्वारा लागू किया जाना है। ट्रेडिंग व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए उन्हें मुक्त किया जाय।इसमें भी वैसे भी ई-इनवाइस लागू है की गई है।उन्होंने कहा कि यहियागंज कंघी वाली गली में आज लगभग दो वर्ष से जल भराव की समस्या बनी रहती है।जिसके लिए टूटी नाली एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बरसात में जल निकासी नहीं हो पाती है।नगर आयुक्त ने जोन-2 को निर्देशित करने की बात कही। वहीं वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने बताया कि नाका परिक्षेत्र में कहीं भी सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं है जबकि पूर्व में विजय नगर मोड़ पर चिन्हित जगह है।

# भारत बनाम इंडिया पर विवाद : मायावती बोलीं, देश के नाम पर बने संगठनों पर रोक लगाए सुप्रीम कोर्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि अब भारत बनाम इंडिया के मामले पर पक्ष और विपक्ष दोनों ही घिनौनी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश का नाम बदलने की स्थिति से पहले करना यह चाहिए था कि जब विपक्ष ने अपने संगठन का नाम इंडिया रखा था तभी उसे पर रोक लगनी चाहिए थी। इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए था या फिर कानून लाकर इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए था। अब दोनों ही इस पर राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के नाम पर इस तरह की राजनीति बिल्कुल ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट को इसका संज्ञान लेना चाहिए और इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। कोई भी गठबंधन देश के नाम पर अपना नाम न रखें। इससे देश की छवि प्रभावित होती है।उन्होंने कहा कि संविधान से छेड़छाड़ ठीक नहीं। यह जो भी कुछ हो रहा है वह सत्ता और विपक्ष जानबूझकर कर रहे हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने देश के नाम इंडिया की जगह भारत को प्रचलन में लाने की शुरुआत कर दी है। इसे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी गठबंधन के नाम इंडिया से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार विपक्षी गठबंधन से इतना डर गई है कि अब देश का ही नाम बदल देना चाहती है। जबकि संविधान के पहले ही अनुच्छेद में लिखा है कि इंडिया दैट इज भारत...। कयास लगाए जा रहे थे कि मायावती विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल हो सकती हैं पर उन्होंने अभी तक इससे खुद को दूर रखा है और सभी विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव 2024 अकेले लड़ने का एलान किया है।

## एक लाख का इनामियां दीपक उर्फ नाटे उज्जैन से गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ को थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ से वांछित अभियुक्त दीपक सिंह उर्फ नाटे को जनपद उज्जैन से जय महाकाल होटल के सामने से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। इसके खिलाफ मऊ, आजमगढ़ और गोरखपुर में करीब 29 मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज है। नाटे को पकड़ने के लिए एक लाख का ईनाम भी रखा गया था। यह कई साल से फरार चल रहा था। इसीलिए इसे पकड़ने के लिए एसटीएफ को लगाया गया था अब जाकर पकड़ा गया। एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी दिनों से फरार व पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों व टीमें उसकी तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ वांछित अभियुक्त दीपक सिंह उर्फ नाटे जय महाकाल होटल के पास मौजूद है।

# संगठन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों की समास्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपा ज्ञापन

**स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों के लिये अंतर्जनपदीय ट्रांसफर पॉलिसी लागू की जाये: प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र**

**अलीम उद्दीन**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री एवम् स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर टी बी कर्मचारियों के समस्याओं को लेकर ज्ज्ञापन सौंपा।

उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपे गये ज्ञापन में प्रदेश भर के समस्त टीबी कर्मचारीयों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी कर्मचारियों को इपीएफ का लाभ दिये जाने, स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों को बीमा का लाभ दिलाये जाने की माँग की जिस पर स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने पूर्ण आश्वासन दिया कि आप सब निश्चिंत रहें इस पर कार्य चल रहा है। वहीं अपने गृह जनपदों से दूर दराज के जिलों में करीब 500 किलोमीटर दूर रह कर कार्य रहे रहे स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों के लिये अंतर्जनपदी ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने की माँग की।

प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपे गये ज्ञापन में ही बताया कि कई वर्षों से वेतन रिवाइज नहीं किया गया है। जिसके कारण करीब 20 वर्षों से स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे वहीं टीबी कर्मचारी हाई रिस्क जोन में कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं उसके बावजूद कतिपय जनपदों में उनके सूचकांक को लेकर वेतन रोक दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवम् स्वास्थ्य मंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा है माननीय मंत्री जी की संगठन के पदाधिकारियों की मुलाकात से कर्मचारियों में खुशी की लहर है। इस मौके पर प्रदेश के महामंत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ सिंह, संरक्षक अभय चंद्र मित्रा,महामंत्री अनुज मिश्रा, जगदीश सिंह, विक्रांत गुप्ता शिवेंद्र सिंह, अरुण कुमार समेत आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## नगर निगम अटल बिहारी डिग्री कॉलेज में लगा रोजगार मेला

**लखनऊ।** राजधानी में नगर निगम कॉलेज में अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया। नगर निगम द्वारा संचालित अटल बिहारी बाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल शामिल होकर रोजगार मेले का शुभारंभ किया । वहीं रोजगार मेले में 15 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया।जिसमें 885 अभ्यर्थी उपस्थिति में 140 का चयन किया गया। चयनित सभी 140 अभ्यर्थियों को महापौर जी द्वारा शुभकानाएं दी। उन्होंने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं रोजगार से सम्बन्धित अधिकाधिक जानकारी भी प्रदान की। महापौर ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वःरोजगार से जोड़कर आत्म निर्भर भारत अभियान को सफल बनाना है।

# लखनऊ के अपराध संक्षेप: उदयनिधि के खिलाफ हजरतगंज थाने में दी तहरीर, प्लॉट दिलाने के नाम पर एक करोड़ ठगे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के हिंदू धर्म पर दिए गए बयान को लेकर बवाल थम नहीं रहा है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष उनके खिलाफ तहरीर दी है। वहीं, शहीद पथ के किनारे प्लॉट दिलाने के नाम पर एक करोड़ रुपये की ठगी हुई है। यहां पढ़ें, लखनऊ में अपराध की संक्षेप खबरें:

सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादित बयान दिया। इसके खिलाफ अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी व प्रमुख पदाधिकारी मंगलवार शाम चार बजे हजरतगंज थाने पहुंचे और तहरीर सौंपी। केस दर्ज करने की मांग की है। एसीपी अरविंद वर्मा ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उदयनिधि के बयान से हिंदू जनमानस में काफी रोष है। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी, बाबा महादेव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सिद्धार्थ दुबे, डॉ. प्रशांत कुमार, ओम शुक्ला, मोहित लोधी, शिवम वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

शहीद पथ के किनारे प्लॉट दिलाने के नाम पर दिनेश गांधी से एक करोड़ रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने दो प्रॉपर्टी डीलरों व कानपुर की एक डॉक्टर पर विभूतिखंड थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। विभूतिखंड निवासी दिनेश गांधी के मुताबिक, अगस्त 2021 में हसनगंज के डालीगंज निवासी प्रॉपर्टी डीलर सत्येंद्र सिंह व अमित अग्रवाल ने शहीद पथ किनारे एक प्लॉट दिखाया। बताया कि प्लॉट कानपुर निवासी डॉ. रेणु वर्मा का है। प्लॉट पसंद आने पर दिनेश ने एक करोड़ रुपये आरटीजीएस के माध्यम से डॉ. रेणु के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस बीच छानबीन करने पर पीड़ित को पता चला कि आरोपियों ने उक्त प्लॉट को किसी सार्थक वर्मा के हाथ बेच दिया है। रकम नहीं लौटाने पर दिनेश ने डीसीपी पूर्वी ह्रदेश कुमार से शिकायत की। आदेश होने पर सोमवार को सत्येंद्र सिंह, अमित अग्रवाल और डॉ. रेणु वर्मा पर केस दर्ज किया गया।

### सीएम आवास के सामने आत्मदाह की चेतावनी

सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी के शिकार अजय कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को सीएम आवास के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी है। सिद्धार्थनगर के ग्राम सुबुई निवासी अजय का आरोप है कि नई तहसील बांसी निवासी विजय बहादुर श्रीवास्तव व उनकी पत्नी संध्या श्रीवास्तव और हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने खाद्य रसद विभाग गोंडा में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे व उसके कुछ रिश्तेदारों से 60 लाख की ठगी की है। आरोप है कि पुलिस के आला अधिकारियों के अलावा हजरतगंज कोतवाली और सिद्धार्थनगर पुलिस में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। कहा कि परिवार के साथ आत्मदाह के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

### दो मकानों का ताला तोड़कर चोरी

गाजीपुर के ब्रह्मपुरी में चोरों ने जयकरन नाथ मिश्र के बंद मकान से 60 हजार के जेवर व नकदी पार कर दिए। तीन सितंबर की रात जब जयकरन बंगलूरू से लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। इसके अलावा मड़ियांव के आईआईएम रोड एल्डिको सिटी इलाके में कौशलेंद्र त्रिपाठी के बंद मकान से चोरों ने जेवरात पर हाथ साफ कर दिए। कौशलेंद्र जब शनिवार को हरिद्वार से लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला।

### छह की जगह दो जिले में पहुंचाए फार्म, केस

गाजीपुर इलाके में गैलेक्सी प्रिंटिंग प्रेस के संचालक संजय गांधी पुरम निवासी पंकज गुप्ता ने ट्रांसपोर्टर बृजेश कुमार गुप्ता पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में खाता खोलने के फार्म की आपूर्ति करनी थी। छह जिलों में फार्म जाने थे, लेकिन दो जिलों में पहुंचाया। डेढ़ लाख का सामान लेकर आरोपी लापता हो गया।

# न्यायमूर्ति ने एलपीएस शिक्षकों को किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज ने विनम्रखण्ड, गोमतीनगर शाखा में अपना 41वां शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी, सुमन माहेश्वरी, संस्थापक महाप्रबंधक डॉ. एसपी सिंह व निदेशक हर्षित सिंह ने 100 ऐसे प्रधानाचार्यों, शिक्षकों व एकाउण्टेन्ट्स को सम्मानित किया जो निष्ठापूर्वक 20 वर्ष व 30 वर्ष से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं। सभी शाखाओं में सभी शिक्षकों को एक दिन पूर्व सम्मानित किया गया तथा बेस्ट टीचर, बेस्ट सपोर्टर, फुल अटेंडेंस, ऑल राउण्डर के पुरस्कार दिए गए।

इस प्रकार से प्रबंधतंत्र ने शिक्षक दिवस के अवसर पर करीब 1200 शिक्षक-शिक्षिकाओं को लगभग 1 करोड़ रुपए के विभिन्न आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि सीखना एक प्रकार की खुशी है जो आपके व्यक्तित्व को निखारती है और आपको कल के सर्वश्रेष्ठ से बेहतर बनाती रहती है।

यहां उपस्थित सभी शिक्षकों को, मैं बधाई देता हूं, क्योंकि आप हमारी भावी पीढ़ी का पोषण और निर्माण करते हैं। शिक्षकों को शिक्षा के भारतीयकरण को वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना चाहिए। समारोह में अवध बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट राकेश चौधरी, प्रोफेसर मानव सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद कान्ति सिंह, एमडी सुशील कुमार, डायरेक्टर्स नेहा सिंह, गरिमा सिंह व शिखर पाल सिंह, डिप्टी डायरेक्टर मीना टांगड़ी, सभी शाखाओं की प्रधानाचायायें व पूरा शिक्षक समुदाय उपस्थित रहा।

# मानव-केंद्रित वैश्वीकरण: हमें जी20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है, किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है

**नरेंद्र मोदी**

**'वसुधैव** कुटुम्बकम' – हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम One Earth के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम One Family के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और One Future के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।

पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।

दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है।

तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है।

जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।

दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए।

विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है।

इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।

हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है।

एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।

ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा। वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।

क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट' (LiFE) को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है। टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है। डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें। भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है। भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं। आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है। जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है।

भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।

## संक्षेप

### रक्तदान कर समर्थकों ने बनाया, अमरेंद्र सिंह पिंटू का जन्म दिवस

अमेठी। विजयपाल उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू के जन्म दिवस के अवसर पर संजय गांधी हॉस्पिटल में उनके समर्थकों द्वारा रक्तदान कर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।

### भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व हर्ष एव उल्लास के मनाया

अमेठी। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व हर्ष एव उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल बच्चो और शिक्षक कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति लोगो ने गोद मे लेकर पूजा अर्चना की। लड्डू बटकर लोगो ने खुशी जताई। कार्यक्रम रानी अमिता सिंह कन्या इण्टर कालेज गोरखापुर अमेठी मे आयोजित प्रधानाचार्य महा लक्ष्मी मिश्रा,शंशाक सिंह आदि शिक्षक कार्यक्रम मे शामिल हुए।प्रबंधक अमर सिंह परिहार ने लोगो को पर्व की बधाई दी है। कार्यक्रम मे सैकडो छात्राओ ने प्रतिभाग किया। सबने खुशिया जताई।

### लोक अदालत मैं वादकारियों को सुविधा देने के लिए बनाई गई डेस्क हेल्पलाइन

फिरोजाबादउत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद हरवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 09-09-2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्राधिकरण के सचिव यजुवेन्द्र विक्रम सिंह / अपर जिला न्यायाधीश द्वारा यह अवगत कराया गया कि दिनांक 09 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में जनमानस एवं वादकारियों को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत जनपद न्यायालय के मुख्य द्वार पर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। हेल्प डेस्क पर एक महिला एवं एक पुरुष परा विधिक स्वयं सेवकों को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में बताया कि अपने मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में यदि किसी पक्षकार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो तो वह प्राधिकरण के कार्यालय को बतौर हेल्प लाइन के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। उक्त हेल्प लाइन का नंबर 05612-285522 यह है। प्रात: 09 :00 से लेकर सायं 05 :00 तक उक्त नंबर पर भी पैरा विधिक स्वयं सेवक की डयूटी लगायी गयी है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा फिरोजाबाद की जनता को अपने मामले उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त कराने हेतु प्रेरित किया गया है।

### बैंक खाते से पैसा गायब, भुक्तभोगी ने की शिकायत

जगदीशपुर/अमेठी। मोबाइल पर मैसेज आने पर पता चला कि खाताधारक के खाते से हजारों रूपये निकल गए जिसकी शिकायत भुक्तभोगी द्वारा बैंक में करते हुए न्याय की गुहार लगाई। विकास खंड के अंतर्गत स्थित बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा वारिसगंज में खाताधारक अंकित यादव निवासी पूरे बाबा गरीबदास मजरे टांडा (वारिसगंज) ने उक्त बैंक में प्रार्थनापत्र देकर अवगत कराया कि मेरे मोबाइल पर मैसेज आने के उपरांत पता चला कि मेरे खाते से 1701.00 रुपए निकल गए। मेरे द्वारा यूपीआई ट्रांजेक्शन नहीं किया गया इसी तर्ज पर हारीमऊ स्थित बैंक आफ बडौदा में भी मेरा खाता चल रहा है जिसमें से 1356.00 रुपए कट गया उसमें भी प्रार्थनापत्र देकर र्कायवाही की मांग किया।भुक्तभोगी ने बताया कि यदि मैसेज ना देखता तो मुझे पैसे निकलने के बारे में कोई जानकारी ना होती। इस सम्बन्ध बैंक मैनेजर ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच की जा रही है।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

जगदीशपुर/अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता युवक का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा। कमरौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बरसंडा गांव निवासी शिवनाथ उम्र लगभग 37 वर्ष जिसका शव कमर में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता देख भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से काफी देर तक पूंछताछ करने के उपरांत शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध पुलिस ने बताया कि मामला घरेलू विवाद का प्रतीत हो रहा है फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति साफ हो जाएगी।

### बाइक सबारोनेप्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को मारपीट कर किया घायल

फ़िरोज़ाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र लालपुर के समीप बाइक सवारों ने प्रोविजन अधिकारी के यहां कार्यरत दो कर्मचारियॉ को मारपीट कर घायल कर दिया। उनके रुपए छीन लिए। घटना की थाने में तहरीर दी गई है। थाना उत्तर के क्षेत्र किशन नगर निवासी विपिन मिश्रा एकाउंटेंटतथा असफाबाद निवासी आदित्य कुमार प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर है। दोनों मंगलवार की रात कार में सवार होकर घर जा रहे थे। आसफाबाद से थाना रामगढ़ रोड पर एकलोडर गाड़ी ने कई बार उनकी कार को ओवरटेक किया। आखिर में लोडर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई टक्कर मारने के बाद लोडर की पीछे चल रहे बाइक से तीन युवक उतरकर कर कार के पास पहुंच गए। वह खिड़की को पीटने लगे। विपिन ने कार का दरवाजा खोला। दरवाजा खुलते ही बाइक सवारों ने दोनों को बाहर खींच लिया। उनके साथजमकर मारपीट की। मारपीट कर उन्हें लहू लोहान कर दिया। लोडर से भी उतरकर दोलोगों ने उनके साथ दिया। आरोप है हमलावरों ने उनके रुपए छीन लिए। इस दौरान पुलिस वहां पहुंच गई। हमलावर पुलिस को आकर देख भाग खड़े हुए घटना की थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने दोनों घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

### नौकरी के नाम पर ठग लिए तीन लाख, मांगे तो दी जान से मारने की धमकी

जसराना। नौकरी के नाम पर तीन लाख रुपए ठगने और मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना जसराना के गांव पाढ़म निवासी फैजान अंसारी पुत्र लाल मुहम्मद की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर पाढ़म निवासी नाजिम रियाज, राज इंक्लेव अलीगढ़ निवासीगण रविकांत, राकेश कुमार शर्मा और नगला गुलाब सिकंदराराऊ निवासी नाहर सिंह ने तीन लाख रूपये ले लिए। कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि चारों लोगों ने नौकरी लगवाने के नाम पर 15 अगस्त 2020 को एक लाख रुपए और शैक्षिक अभिलेख ले लिए।

# ईवीएम की रखवाली में जुटे सपा कार्यकर्ता, रात भर ढोल-मंजीरे के साथ करेंगे जगराता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊ।** घोसी उपचुनाव के लिए आठ सितंबर को मतगणना होने से पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। 239 मतदान केंद्र के 455 बूथों पर मंगलवार को मतदान हुआ था। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखी गई है। यहां पर एक तरफ जहां पुलिस फोर्स और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान स्ट्रांग रूम की रखवाली के लिए तैनात किए गए हैं। वहीं समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन के कार्यकर्ता भी स्ट्रांग रूम की रखवाली करते देखे गए।

स्ट्रांग रूम के बाहर लगाए सीसीटीवी एलईडी में सपा के नेता टकटकी लगाए देख रहे हैं। मंगलवार देर शाम से सपा तथा गठबंधन पार्टी के कार्यकर्ता डटे हैं। आज रात स्ट्रांग रूम के बाहर ही ढोल-मंजीरे के साथ जगराता करेंगे। सपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्हें प्रशासन पर भरोसा नहीं है। सपा के जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव ने बताया कि चार टीमें बनाई गई हैं। जो शिफ्टवार मतगणना स्थल के पास तैनात होकर ईवीएम की रखवाली में जुटी है। वहीं दूसरी भाजपा नेताओं ने कहा कि सपा हार की डर से सारा ठीकरा है ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में जुट गई है।

**14 टेबल पर 19 टीमें करेंगी मतगणना**

घोसी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना आठ सितंबर की सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी। जिला प्रशासन की तरफ से मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना 14 टेबलों पर होगी, जिसके लिए 19 मतगणना टीमें बनाई गई हैं। प्रशासनिक अधिकारी मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने में जुटे हैं। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बने स्ट्रांग रूम में पांच सितंबर को चुनाव संपन्न कराने के बाद यहां ईवीएम और वीवीपैट मशीन कड़ी सुरक्षा में रखीं गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन यहां पैनी नजर लगाए हुए हैं।

**चट्टी-चौराहों पर चढ़ा सियासी पारा**

उपचुनाव खत्म होते ही जहां नेता अपने दलों के बूथ प्रभारियों से वोट का आंकड़ा लेकर जीत का दावा कर रहे हैं, तो वहीं समर्थक भी अपने-अपने नेताओं की जीत को लेकर विभिन्न तर्क दे रहे हैं। दावे और प्रतिदावे के बीच चट्टी चौराहे के अलावा चाय-पान के दुकानों पर इस समय हार-जीत को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सभी की निगाहें आठ सितंबर को होनी वाली मतगणना के परिणाम पर टिकी हुई है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को दृष्टिगत थानावार मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों की तैनाती

**» जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु थानावार लगाई ड्यूटी**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 07 सितम्बर को मनाया जाएगा तथा 08 नवम्बर को भी मंदिरों में पूजा अर्चना होने के कारण भीड़ होने की संभावना रहेगी। जनपद में संवेदनशीलता को दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु थानावार मजिस्ट्रेट ड्यूटियां लगाई गई हैं। जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह के आदेशानुसार एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी नगर को थाना कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, बागवाला, तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी सदर को थाना मारहरा, मिरहची, पिलुआ एवं एएसडीएम, क्षेत्राधिकारी सकीट को थाना मलावन, सकीट, रिजोर एवं एसडीएम अलीगंज, क्षेत्राधिकारी अलीगंज को थाना अलीगंज, जैथरा, राजा का रामपुर, नयागांव, जसरथपुर एवं एसडीएम जलेसर, क्षेत्राधिकारी जलेसर को थाना जलेसर, अवागढ़, सकरौली, निधौलीकलां की जिम्मेदारी दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि तैनात अधिकारीगण अपने तैनाती स्थल पर समय से उपस्थित होकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। एसडीएम अपने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। एडीएम प्रशासन इस दौरान कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए सम्पूर्ण जनपद की विधि व्यवस्था के प्रभारी होंगे तथा कुशलता की जानकारी जिला मजिस्ट्रेट को अवगत करायेंगे।

# फैक्टरी में आग लगने से मची अफरा तफरी, दमकलकर्मियों ने पाया काबू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** कविनगर औद्योगिक क्षेत्र के ई 221 में भगवानसिंह एंड संस फैक्टरी में बुधवार सुबह आग लग गई। फायर स्टेशन कोतवाली पर सुबह सवा छह बजे इसकी सूचना मिली। आग ने धीरे धीरे भयंकर रूप ले लिया और भारी नुकसान हो गया। मौके पर तत्काल नौ फायर टेंडर भेजी गई। चार फायर टेंडर्स कोतवाली से, दो फायर टेंडर्स वैशाली स्टेशन से, एक फायर टेंडर साहिबाबाद और दो फायर टेंडर्स गौतमबुद्धनगर से घटना स्थल पर भेजी गई। आग को फैक्टरी के दोनों साइड से बुझाना के लिए दमकल कर्मी लगे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। सीएफओ का कहना है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जांच की जा रही है।

# 24 सितम्बर को हरिद्वार से ब्राह्मण भरेंगे हुंकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हरिद्वार।** देवभूमि उत्तराखंड में आगामी 24 सितम्बर को आयोजित होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ हरिद्वार की व्यवस्थाओं को लेकर ज्वालापुर में स्थानीय बैंकट हाल में विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में समस्त संगठनों और ब्राह्मणों ने ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिए अपना तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। संयोजक विशाल शर्मा ने कहा कि सभी संगठनों के सहयोग से विभिन्न व्यवस्था समितियों का गठन किया जायेगा। आगामी 7 सितंबर तक समस्त संगठन विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधियों की सूचना दे ताकि उनकी व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने महाकुंभ में रख जाने वाला 11 सूत्रीय मांगपत्र भी सभी को बताया। गंगा सभा हरिद्वार के अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा कि सभी संगठन भी अपने स्तर भी इस महाकुंभ के कार्यक्रम की योजना बनाकर एक सप्ताह के अन्दर संयोजक को सौंप




कर अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तभी यह महाकुंभ सफल होगा। बैठक में ब्राह्मण महासभा भारत के राष्ट्रीय महासचिव/ संगठन प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश और सहसंयोजक/ सदस्य, संचालन समिति ब्राह्मण महाकुंभ हरिद्वार शिव शंकर तिवारी 'सोहगौरा' कहा कि ब्राह्म समाज अगर अब भी सोता और केवल सोचता रहेगा दूसरी आजादी लड़नी पड़ेगी अभी समय है अपने सम्मान, स्वाभिमान और अधिकार प्रति जागरूक हो तथा पंतद्वीप मैदान से हूंकार भरे,पवन शर्मा हरियाणा, डॉ. अनीता मिश्रा राजस्थान, मनोज गौतम उत्तराखण्ड, पूनम पंडित बुलन्दशहर, प्रवेश भारद्वाज गाजियाबाद, विट्टू शर्मा रूडकी, शिव कुमार शर्मा बीएचईएल, के.सी. कौशिक दिल्ली, विनोद शर्मा सहारनपुर, गुणानन्द भार्गव गुजराज, सुरेश चन्द शर्मा रूद्रपुर, हेमचन्द्र भट्ट रामनगर, बालकृष्ण शास्त्री, डॉ. वी.डी. शर्मा, लोकेश भारद्वाज धामपुर, डॉ. अशोक शर्मा नोएडा, अरूण शर्मा देहरादून, अरिवन्द शर्मा रूडकी, रविकान्त कौशिक, अम्बर स्वामी, सोमदत्त शर्मा, राहुल शर्मा, राजेश जोशी, ललित शर्मा दुष्यन्त शर्मा, गोविन्द बल्लभ पाण्डेय, विपिन शर्मा, मनीषाचार्य, गोपाल शर्मा ने भी अपने सुझाव दिये।

इस मौके पर ऋषि शर्मा, विनोद कुमार जोशी, श्यामलाल, सुरेंद्र शर्मा, धर्मपाल शर्मा, पुनीत तिवारी, ज्ञानेंद्र प्रकाश, एलजी रतूड़ी, पंकज कौशिक, नवीन नैथानी, ललित पांडे, सूर्य प्रकाश भट्ट, डॉक्टर सिद्धनाथ, सुरेश शर्मा, सर्वेश शर्मा, राजवीर शर्मा, उमेश मिश्र, प्रभाकर मिश्रा, विनय शर्मा, कमलेश्वर मिश्रा, राजीव थपलियाल, अंकुर शर्मा, विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा, रोहित कौशिक, विनोद घिल्डियाल, देव पाण्डेय, जितेंद्र कुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा विद्याकुल, जेपी जुयाल, प्रवीण कुमार मिश्रा, राकेश जोशी, राजेश कुमार शर्मा, अशोक पांडे, अरुण कुमार शर्मा, अनिल कुमार वशिष्ठ, मनोज शुक्ला, विवेक शर्मा, पंकज गौंड, तरुण शांडिल्य, मोनू पंडित, आशु वडथ्वाल, सुरेशचंद्र मिश्रा, विनोद शर्मा, राजबाला शर्मा, चंद्रप्रकाश, राकेश शर्मा, के. सी. कौशिक, राजीव शर्मा, राहुल द्विवेदी, आशुतोष तुम्बड़यि, आशीष गौड सहित विभिन्न राज्यों के सैकड़ों संगठनो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# भारत विकास परिषद राजनगर एक्सटेंशन द्वारा नंदी पार्क में की गई हरे चारे की सेवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भारत विकास परिषद राजनगर एक्सटेंशन द्वारा अध्यक्ष सुभाष गुप्ता के मार्गदर्शन में नंदी पार्क में नंदियों की सेवा हेतु 12 कुन्तल हरे चारे की सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद नगर में अनेको जगहों पर गौशाला बनी हुई हैं जहां पर विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से हरा चारा उपलब्ध कराया जाता है परन्तु यह देखने में आया है कि बहुत कम लोग नंदियों की सेवा हेतु आते हैं। इसलिए हमारी संस्था लगभग 12 कुन्तल हरा चारा नंदियों हेतु प्रत्येक बुधवार को यहां लाकर उनकी सेवा करने हेतु प्रयासरत रहती है। इस सेवा के अवसर पर नगर निगम के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर प्रवीन चौधरी का संस्था के सदस्यों द्वारा अभिनंदन भी किया गया। उन्हें एक शॉल पहनाकर व एक सुन्दर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। पार्षद प्रवीन



चौधरी ने नंदी पार्क का निरीक्षण करते हुए वहां के कर्मचारियों को व्यवस्था को और अधिक सुंदर व सुदृढ़ बनाने के कहा एवं परिषद परिवार के सदस्यों की इस निःस्वार्थ सेवा हेतु भूरी-भूरी प्रशंसा की। संयोजक अनुराग अग्रवाल ने बताया कि नंदियों को हरे चारे की सेवा के माध्यम पुण्य व आत्मिक शांति प्राप्त होती है। प्रत्येक परिवार को इस प्रकार के पुण्य कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। आज परिषद सदस्य दर्शन अग्रवाल के जन्मदिन को भी नंदी पार्क में अनूठे ढंग से मनाया गया। दर्शन अग्रवाल को एक शॉल व एक अभिनंदन पत्र उनकी उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। सचिव प्रदीप गर्ग ने नंदियों की सेवाओं के लिए सभी परिषद सदस्यों का आभार प्रकट किया एवं उन्हें निरन्तर यहाँ आने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, दर्शन अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, अमित गुप्ता, मनोज खण्डेवाल, धवल गुप्ता, संगीता माहेश्वरी, रानी गुप्ता आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।गोवंश की सेवा से तीनों लोकों के देवताओं की सेवा के बराबर पुण्य मिलता है।

## गरीब पुत्री की शादी अनुदान के लिए इच्छुक आवेदक करें आनलाइन आवेदन

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने अवगत कराया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी हेतु सामूहिक विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आनलाइन पोर्टल https://cmsvy.upsdc.gov.in/ प्रारम्भ किया गया है, जिसके तहत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उक्त वेबसाइट पर आनलाइन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आनलाइन के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नही होगा तथा योजना हेतु पात्रता की शर्ते वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आवेदन हेतु सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख जैसे-कन्या व वर का नवीनतम फोटो, कन्या का आधार कार्ड, आवेदक के पिता/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं उम्र से सम्बन्धित प्रमाण पत्र के साथ आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# खोड़ा की पुलिस चौकी में मसाज पार्लर खुलवाने को लेकर हुई डील की बातें सोशल मीडिया में हुई लीक, उप निरीक्षक सस्पेंड

**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** सोशल मीडिया पर मसाज पार्लर खुलवाने का खोड़ा की वीरबल चौकी में डील होने को लेकर मंगलवार को वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में पार्लर खुलवाने वाला इंदिरापुरम के मॉल में मासिक पैसे देकर पार्लर चलने का हवाला देता है। साथ ही खोड़ा थाना क्षेत्र की एक दुकान में मसाज पार्लर खुलवाने और उसमें चुपचाप देह व्यापार करने के एवज में 20 हजार रुपये में डील करता है। वहीं, डीसीपी ट्रांस हिंडन ने मामले में वीरबल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देशराज को निलंबित कर दिया है और एसीपी इंदिरापुरम को विभागीय जांच करने के आदेश दिए हैं। वायरल वीडियो में वीरबल चौकी पर मौजूद उप निरीक्षक व आरक्षी से एक व्यक्ति बोल रहा है कि कोने वाली दुकान में मसाज पार्लर खोलना चाहता हूं, बिल्कुल कोने वाली में। इस पर कांस्टेबल पूछता है कि लड़कियों का और नहीं चलने की बात कहता है तो व्यक्ति हामी भरते हुए कहता है कि चले ना चले मैं खोलना चाह रहा हूं और कुछ मत करना। दोनों पुलिस वाले आपस में बात करते हैं तो कांस्टेबल उप निरीक्षक से कहता है कि लड़कियां मसाज करेंगीं लड़कों की। उपनिरीक्षक कहता है कि हम कुछ नहीं करेंगे लेकिन शिकायत या ट्वीट होने पर कार्रवाई करनी पड़ेगी। इस पर व्यक्ति कहता है कि शिकायत आने पर आप हमें बता देना। हम मैनेज कर लेंगे। व्यक्ति बताता है कि वह अभी इंदिरापुरम के मॉल में चला रहा है। यहां पर बस खोलना चाहता है। इस पर तपाक से कांस्टेबल बोलता है कि इंदिरापुरम, वैशाली, कौशांबी इलाके में वहां पर चल जाएगा। यहां नहीं चल पाएगा। उपनिरीक्षक पूछता है कि वहां पर क्या सिस्टम है और परमिशन है या अवैध।

# आदित्य एल-1 की सफलता पर भारत बनेगा विश्व गुरु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** चंद्रयान की सफलता की बाद देश के वैज्ञानिकों ने एक बार फिर समूचे विश्व में भारत का डंका बजा दिया है। इस एक बड़ी कामयाबी के बाद देश के वैज्ञानिकों का अगला लक्ष्य आदित्य एल-1 होगा। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा ऐसी घोषणा भी की चुकी है। देश के वैज्ञानिकों की इस कामयाबी से भारत की 140 करोड़ जनता अपने को गोरवान्वित महसूस कर रही है। लोगों का मानना है कि इस कामयाबी के साथ समूचे विश्व में भारत की धाक जमी है। तथा देश के महान वैज्ञानिकों की विलक्षण प्रतिभा का सम्मान दुनिया का हर देश करने को उत्साहित हो गया है।

भाजपा की जिला महामंत्री आशीष राजपूत कहती हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत को यह बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। चंद्रयान की तरह ही आदित्य एल-1 के कामयाब होने पर भारत की धाक समूचे विश्व में होगी। और भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है।








यश कुमार डिप्टी डायरेक्टर जीडी इंटरनेशनल स्कूल का कहना है कि चंद्रयान की सफलता के बाद हम सब भारतीय होने का गर्व महसूस कर रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण की तैयारी जोरों पर की जा रही हैं। इसकी कामयाबी के बाद भारत पूर्व की भांति विश्व गुरु कहलायेगा।

डॉ. एसडी सिंह का मानना है कि चंद्रयान के सफल परीक्षण के बाद




भारतीय वैज्ञानिको की हर देश में प्रशंसा की जा रही है। यह कामयाबी देश की प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। चंद्रमा की तरह ही सूर्य के बारे में अनेक रहस्य रहस्यमयी जानकारियां हासिल होगी।

डॉ श्वेता राजपूत एमओ का कहना है कि यह देश के वैज्ञानिकों की प्रतिभा एवं कड़ी मेहनत का नतीजा है कि भारत विश्व का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है। वैज्ञानिकों के चंद्रयान के सफल परीक्षण की वजह से आज हम सभी देशवासी अपने को भारतीय कहने में गर्व महसूस कर रहे हैं।

# राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** सरस्वती शिशु मन्दिर, रेलवे मार्ग, एटा में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य व आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मातृ संस्था अध्यक्ष क्षेत्रपाल उपाध्याय, मंत्री बृजनन्दन माहेश्वरी, प्रबन्धक अरविन्द कुमार अग्रवाल, श्रीमती सूर्यप्रभा प्रशासनिक अधिकारी सिंचाईखण्ड, श्रीमती रूचि वर्मा समाज सेविका, श्रीमती नैन्शी गोयल सी0एस0 ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में 180 छोटे-छोटे शिशु राधा व श्रीकृष्ण स्वरूप बनकर आये। रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा और कृष्ण के वेश में शिशुओं ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या श्रीमती संगम चैहान ने किया। निर्णायक मण्डल में शामिल श्रीमती सूर्यप्रभा, श्रीमती रूचि वर्मा व श्रीमती नैन्शी गोयल ने शिशुओं को उनके वेश, प्रभाव, सज्जा आदि के आधार पर अंक दिये। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिशुओं को प्रतियोगिता का विजयी घोषित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष क्षेत्रपाल उपाध्याय ने आशीर्वचन में कहा कि राधा और कृष्ण हमारी संस्कृति का अहम् हिस्सा हैं। ऐसे प्रतिरूप प्रस्तुत कर हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य अखिलेश जौहरी, मुकेश चतुर्वेदी, संजय शुक्ल, विश्वप्रताप सिंह, गौरव सक्सैना, प्रखर मिश्रा, सुरेशचन्द्र, रश्मि, पारूल, हार्दिक, रंजना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# एटा में अधिवक्ताओ ने निकाली बाइक रैली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** एटा बार एशोसिएशन के सभागार में बार के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओ की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में हापुड़ में पीड़ति अधिवक्ताओ को न्याय न मिलने तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया।और हापुड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई।अधिवक्ताओ ने कचहरी परिसर से तहसील सदर एटा तक बाइक रैली निकाली।और पुलिस की लाठीचार्ज का घोर विरोध भी किया। इस अवसर पर बार के महासचिव गिरीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है, हापुड़ में पुलिस ने निहत्थे अधिवक्ताओ पर लाठी चार्ज करके कानून का घोर उल्लंघन किया गया, और अधिवक्ताओ के मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाई है। इसलिए दोषी पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए, और हम अधिवक्ताओ को न्याय मिलना चाहिए, न्याय न मिलने तक बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आदेश का पूर्व पालन करते हुए एटा में अधिवक्ता अपना संघर्ष जारी रखेगे। बार के अध्यक्ष अशोक सिकरबार ने कहा कि हापुड़ के जिलाधिकारी, एसएसपी को हटाने की हमारी मांग की।बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सिकरबार ने कहा कि पुलिस की गुंडागर्दी हम किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही करेंगे उत्तर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट लागू होना चाहिए। इस अवसर पर अधिवक्ताओ में बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिकरबार, महासचिव गिरीश चन्द्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यय उदयराज सिंह सोलंकी, उपाध्यय रमेश राजपूत, जगह वाष्णेय, के0पी0सिंह, रवि कुमार, पंकज कुमार उपाध्याय, देवेंद्र कुमार लोधी, सूर्य प्रताप सिंह, संतीश, अनुज उपाध्याय,लोकेंद्र सिंह, अनुज कुमार, देवेन्द्र पांडेय,नरेंद्र कुमार, ललित पचौरी, मनवीर सिंह,नैना शर्मा, सरिता कुमारी ,प्रशांत यादव,अर्जुन यादव आदि सेकड़ो अधिवक्ता ओ ने आंदोलन में भाग लिया।

# उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर सरकार की तरफ से दर्ज कराए गए मामले में एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों को दी राहत, अगली सुनवाई 11 को

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों को दो समुदायों के बीच मनमुटाव को बढ़ावा देने सहित अन्य अपराधों के लिए राज्य में उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के संबंध में सोमवार तक किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की।

मणिपुर सरकार ने चार सितंबर को एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (EGI) के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसी को लेकर एडिटर्स गिल्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ईजीआई ने अपने सदस्यों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर रद्द कराने की मांग की थी। अब शीर्ष अदालत ने सोमवार तक के लिए राहत दी है।



प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एडिटर्स गिल्ड द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार से जवाब भी मांगा और मामले में सुनवाई की तारीख 11 सितंबर तय की। इससे पहले, शीर्ष अदालत खुद ही याचिका पर आज सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने चार सितंबर को कहा था कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है और उन पर राज्य में हिंसा भड़काने की कोशिश के आरोप हैं। मानहानि के अतिरिक्त आरोप के साथ गिल्ड के चार सदस्यों के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।

### यह है विवाद

बता दें कि हाल ही में एडिटर्स गिल्ड ने दावा किया था कि मणिपुर की जातीय हिंसा पर एक पक्षीय मीडिया रिपोर्टिंग हुई है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया। एडिटर्स गिल्ड के जिन सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा और तीन सदस्य सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर का नाम शामिल है। सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर ने बीते हफ्ते मणिपुर का दौरा कर यहां हुई मीडिया रिपोर्टिंग का अध्ययन किया था। डिटर्स गिल्ड के सदस्यों की रिपोर्ट को मणिपुर सरकार ने फर्जी और स्पॉन्सर बताया है। एफआईआर में बताया गया है कि रिपोर्ट में गलत तथ्य बताए गए हैं। जुलाई में भी मणिपुर सरकार ने तीन महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इन महिलाओं की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने भी राज्य में जारी हिंसा को सरकार द्वारा स्पॉन्सर बताया था।

### सीएम बोले- जमीनी हकीकत देखें

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा था कि 'मैंने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी भी दी है कि अगर वह कुछ करना चाहते हैं तो पहले हिंसाग्रस्त जगहों का दौरा करें और जमीनी हकीकत देखें। सभी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करें और उसके बाद कोई रिपोर्ट बनाएं। सिर्फ कुछ वर्ग के लोगों से मिलकर किसी परिणाम पर पहुंचना निंदनीय है। राज्य सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जो राज्य में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

### पीसीआई ने FIR वापस लेने की मांग की थी

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने सोमवार को एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की तथ्यान्वेषी समिति के तीन सदस्यों और उसके प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की निंदा की थी। पीसीआई ने कहा था कि यह राज्य में शांति बहाल करने के लिए कदम उठाने के बजाय संदेशवाहक को गोली मारने का मामला है। उन्होंने कहा था कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा और तीन सदस्यों के खिलाफ एफआईआर तुरंत वापस ली जाए।

## धोखे से धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को धोखे से धर्मांतरण कराए जाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। दरअसल, याचिका में मांग की गई थी कि केंद्र सरकार को आदेश दिया जाए कि वह इसके लिए आवश्यक कदम उठाए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अदालत को इस मामले में क्यों प्रवेश करना चाहिए? अदालत सरकार को परमादेश की रिट कैसे जारी कर सकती है। बता दें, जनहित याचिका कर्नाटक के जेरोम एंटो ने दायर की थी। जेरोम एंटो की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि हिंदुओं और नाबालिगों को निशाना बनाया जा रहा है और उनका धोखे से धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि यह किस तरह की जनहित याचिका है? जनहित याचिका एक टूल यानी हथकंडा बनकर रह गई है और हर कोई इस तरह की याचिकाएं लेकर आ रहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने पूछा कि इस तरह की शिकायत लेकर कहां जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि हम सलाहकार क्षेत्राधिकार में नहीं हैं। अगर हाल ही में कोई ऐसा मामला आया है या किसी पर किसी पर मुकदमा चलाया गया है तो हम उस पर विचार कर सकते हैं।

**शशि थरूर ने गठबंधन का नाम Bharat रखने का दिया सुझाव**

## उमर अब्दुल्ला का बयान– अगर 'इंडिया' से दिक्कत है तो नाम बदल लेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर देश के अंग्रेजी नाम 'इंडिया' के बजाय 'भारत' को आगे बढ़ाने के लिए कटाक्ष किया, क्योंकि विपक्षी गुट ने गठबंधन का नाम इंडिया रखा था, जो भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन का संक्षिप्त नाम है। थरूर ने कहा कि अगर विपक्षी दल मोर्चे का नाम Betterment, Harmony And Responsible Advancement for Tomorrow, या BHARAT रख दें तो बीजेपी नाम बदलने का 'घातक खेल' बंद कर सकती है। सरकार द्वारा विश्व नेताओं को G20 रात्रिभोज का निमंत्रण सामान्य 'President of India' के बजाय 'President of Bharat' के नाम पर भेजने के बाद देश के नाम को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

कांग्रेस सांसद ने यह भी दावा किया कि यह पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने 'इंडिया' नाम पर आपत्ति जताई थी क्योंकि इसका तात्पर्य यह था कि ₹हमारा देश ब्रिटिश राज का उत्तराधिकारी राज्य था और पाकिस्तान एक अलग राज्य था₹। उन्होंने कहा कि जबकि विषय लाइव है, आइए याद रखें कि यह जिन्ना ही थे जिन्होंने 'इंडिया' नाम पर आपत्ति जताई थी क्योंकि इसका तात्पर्य यह था कि हमारा देश ब्रिटिश राज का उत्तराधिकारी राज्य था और पाकिस्तान एक अलग राज्य था। CAA की तरह, भाजपा सरकार जिन्ना के विचारों का समर्थन करती रहती है! थरूर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''इंडिया को भारत कहने में कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है, जो कि देश के दो आधिकारिक नामों में से एक है। मुझे उम्मीद है कि सरकार इतनी मूर्ख नहीं होगी कि उस इंडिया नाम को पूरी तरह से ख़त्म कर दे, जिसकी सदियों से एक बड़ी ब्रांड वैल्यू बनी हुई है।''

'इंडिया-भारत' विवाद पर नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारे संविधान में दोनों नाम दर्ज हैं। 'इंडिया' और 'भारत' दोनों नाम लिखे हैं...प्रधानमंत्री के विमान पर इंडिया और भारत लिखा है...हम कितनी जगहों का नाम बदलेंगे...अगर सिर्फ इसलिए कि विपक्ष ने अपना नाम रख लिया है इंडिया, तो हम अपना नाम बदल लेंगे... हम देश को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते... अगर हमें जरा भी भनक लगे कि इंडिया अलायंस नाम की वजह से ऐसा हो रहा है, तो हम अपना नाम बदल लेंगे।

## प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को 'जी20 इंडिया ऐप' डाउनलोड करने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले बुधवार को सभी मंत्रियों को जी20 इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी। यह सलाह नई दिल्ली में महत्वपूर्ण जी20 शिखर सम्मेलन से पहले मंत्रिपरिषद की बैठक के साथ पीएम मोदी की बातचीत के दौरान आई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐप मंत्रियों को विदेशी प्रतिनिधियों के साथ निर्बाध रूप से बातचीत करने में मदद करेगा।

भारत में विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में होने वाले जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले एक महत्वपूर्ण डिजिटल मील का पत्थर चिह्नित करते हुए 'जी20 इंडिया' नामक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है। ऐप उपयोगकर्ताओं को घटना-संबंधी जानकारी के लिए एक व्यापक, इंटरैक्टिव गाइड प्रदान करता है। प्लेटफ़ॉर्म की विशेषताओं में G20 इंडिया 2023 इवेंट के लिए एक कैलेंडर, संसाधन, मीडिया और G20 के बारे में जानकारीपूर्ण विवरण शामिल हैं। 'जी20 इंडिया' मोबाइल ऐप का अनावरण भारत की चल रही तकनीकी प्रगति को बढ़ाता है और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल उपकरणों का लाभ उठाने की देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इस साल 9-10 सितंबर को भारत की अध्यक्षता में होने वाले G20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत सरकार ने G20 इंडिया ऐप लॉन्च किया है। यह ऐप भारत की G20 अध्यक्षता तक काम करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार तक वैश्विक स्तर पर 15000 से अधिक मोबाइल ऐप डाउनलोड किए गए। G20 इंडिया मोबाइल ऐप प्रतिनिधियों को सभी G20 देशों की भाषाओं में विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने में मदद करेगा।

## संसद के विशेष सत्र को लेकर सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की तरफ से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के बाद से ही इसे लेकर कई तरह की अटकलें लग रही हैं। एक देश-एक चुनाव से लेकर इंडिया का नाम बदलकर भारत किए जाने तक विशेष सत्र में एजेंडे को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस बीच कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है और उनसे संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर जानकारी मांगी है।



सोनिया गांधी ने चिट्ठी में कहा है कि संसद का विशेष सत्र विपक्ष से बिना किसी पूर्व चर्चा के बुलाया गया है। उन्होंने सत्र के एजेंडे की जानकारी भी मांगी है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने पीएम मोदी से नौ सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा कराने का भी आग्रह किया है। उन्होंने चिट्ठी में मांग रखी कि 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान देश की आर्थिक स्थिति, जातीय जनगणना, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध और अदाणी समूह से जुड़े नए खुलासों की पृष्ठभूमि में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग समेत नौ मुद्दों पर उचित नियमों के तहत चर्चा कराई जाए।

सोनिया गांधी ने पत्र में कहा, 'रचनात्मक सहयोग की भावना के तहत मैं आशा करती हूं कि संसद के आगामी सत्र में इन विषयों पर चर्चा कराई जाएगी।' उनकी इस चिट्ठी पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि किसी को भी इस विशेष सत्र को लेकर जानकारी नहीं थी। पहली बार ऐसा हो रहा है, जब विशेष सत्र को लेकर हमारे पास एजेंडे की कोई जानकारी ही नहीं है।

## संसद के नए सत्र का बहिष्कार नहीं करेगी कांग्रेस, जयराम रमेश ने दी जानकारी



**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पार्टी की तरफ से एक अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी संसद की विशेष सत्र का बहिष्कार करने की बजाय शामिल होने के लिए तैयार है।

जयराम रमेश ने कहा, 'हमने संसद के विशेष सत्र का बहिष्कार नहीं करने का निर्णय लिया है। यह हमारे लिए एक मौका है, कि हम जनता की परेशानियों को सभी के सामने रखे। हर पार्टी अलग-अलग मुद्दे को सामने रखने की कोशिश करेगी।'

उन्होंने आगे कहा, विपक्ष के बिना चर्चा किए संसद का विशेष सत्र बुलाया गया, इस पर सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र भी लिखा है। किसी को भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पहली बार ऐसा हो रहा है कि हमारे पास एजेंडे का कोई विवरण नहीं है। पार्टी ने यह फैसला मंगलवार को सोनिया गांधी की अध्यक्षता में संसदीय दल की बैठक और फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर INDIA गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद लिया।

## लालू के अनुसार इंडिया और भारत अलग, राजद अध्यक्ष ने क्या कहा, नए विवाद में पुराना वीडियो वायरल

**पटना।** 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस ने जब इंडिया-भारत विवाद को हवा दी तो पूरे देश में सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें आने लगीं। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' कर लिया है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी (BJP) को अब इस नाम से ही चिढ़ हो रही है। भाजपा-विरोधी इस गठबंधन के नेताओं ने बिहार से पश्चिम बंगाल तक और मुंबई से दिल्ली तक एक स्वर में कहा कि इंडिया और भारत एक हैं। सोशल मीडिया पर इसी बहस के क्रम में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, देश के पूर्व रेल मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में लालू कह रहे हैं कि इंडिया और भारत अलग-अलग हैं।

## सनातन धर्म को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर अड़े उदयनिधि स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन अपने सनातन धर्म के बयान के बाद से ही लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनके बयान पर देश भर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। इस बीच एक बार फिर उदयनिधि ने अपने बयान का बचाव किया है। साथ ही उन्होंने अपनी बात के पक्ष में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर महाभारत तक का जिक्र किया। उदयनिधि ने यह दावा किया है कि नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भेदभाव के कारण ही उन्हें नहीं बुलाया गया।

मीडिया के जब उनसे सामाजिक भेदभाव का एक मौजूदा उदाहरण देने के लिए कहा, तो उन्होंने जवाब में कहा, 'राष्ट्रपति मुर्मू को नई संसद के उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं किया जाना वर्तमान सनातन भेदभाव का एक उदाहरण है। इससे पहले स्टालिन ने महाभारत के एक उदाहरण के साथ भेदभाव पर टिप्पणी की थी। उन्होंने शिक्षक दिवस पर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शिक्षक अतुलनीय हैं, वे केवल आने वाले पीढ़ी के बारे में सोचते हैं। हमारे द्रविड़ आंदोलन और उन शिक्षकों के बीच का बंधन जो अंगूठे मांगे बिना सद्गुणों का प्रचार करते हैं, हमेशा के लिए जारी रहेगा।

### अपने बयानों को लेकर विवाद में हैं उदयनिधि स्टालिन

गौरतलब है कि पेरियार के तर्कवादी सिद्धांतों पर आधारित द्रमुक ने बीते कई दशकों से सनातन धर्म का विरोध जारी रखा है। उदयनिधि स्टालिन ने अपने बयान से यह साबित कर दिया कि वह किसी भी कानूनी कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले उदयनिधि स्टालिन पर शनिवार को तमिलनाडु में एक कार्यक्रम के दौरान सनातन धर्म को जड़ से उखाड़ फेंकने का बयान देने का आरोप लगा था। उदयनिधि ने सनातन की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। उन्होंने अपने इन बयानों को लेकर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात तक कह दी थी।

## सनातन पर विवादित टिप्पणी मामले में FIR को लेकर भड़के प्रियांक खरगे, कहा– संविधान ही मेरा धर्म



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर अधिवक्ताओं की शिकायत के आधार पर उत्तर प्रदेश के रामपुर में तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे पर एफआईआर दर्ज की गई है। इस एफआईआर पर प्रियांक खरगे ने आलोचना भी की है।

उन्होंने कहा, 'मुझे फर्क नहीं पड़ता की वे क्या करते हैं, क्योंकि मेरा बयान किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। मैंने साफ कह कि जो धर्म समानता नहीं सिखाता है, मेरे हिसाब से वह धर्म नहीं है।' उन्होंने शिकायतकर्ताओं पर कहा, 'उनको अगर ऐसा लगता है कि उनके धर्म में ऐसा नहीं होता है तो ये उनकी समस्या है। मेरा धर्म संविधान है और हमें जो करना होगा हम वह करेंगे।'

शिकायतकर्ताओं ने आरोप में कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र और कर्नाटक सरकार में ग्रामीण एवं पंचायती राज मंत्री प्रियंक खरगे ने सनातन धर्म पर टिप्पणी की थी। जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

## गणेश चतुर्थी से नए भवन में होगी संसद की कार्यवाही, इस तारीख तक ही पुराने परिसर में होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र की कार्यवाही 18 सितंबर को पुराने भवन में ही शुरू होगी। हालांकि, गणेश चतुर्थी के मौके पर 19 सितंबर को नए संसद भवन में संसद की पहली कार्यवाही होगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। बता दें कि इसी साल 28 मई को पीएम नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन किया था और इसे देशवासियों को समर्पित किया था।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों ने पांच अगस्त 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के नए भवन का शिलान्यास किया था। संसद के नवनिर्मित भवन को गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है।



### नए और पुराने भवन में क्या अंतर?

संसद का वर्तमान भवन 1927 में बनकर तैयार हुआ था,, जो अब लगभग 100 साल पुराना होने जा रहा है। इस भवन में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप स्थान का अभाव था। दोनों सदनों में सांसदों के बैठने की सुविधाजनक व्यवस्था भी कम पड़ रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने प्रस्ताव पारित कर सरकार से संसद के लिए एक नई इमारत बनाने का आग्रह किया था। संसद का नवनिर्मित भवन भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को और समृद्ध करने का काम करेगा।

यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जो सदस्यों को अपने कार्यों को बेहतर ढंग से करने में मदद करेगा। नए संसद भवन से 888 सदस्य लोकसभा में बैठ सकेंगे। संसद के वर्तमान भवन में लोकसभा में 543 जबकि राज्यसभा में 250 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संसद के नवनिर्मित भवन में लोकसभा में 888 सदस्यों और राज्यसभा में 384 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था की गई है। दोनों सदनों का संयुक्त सत्र लोकसभा चैंबर में होगा।

## 'उठाए गए मुद्दों पर पहले ही चर्चा हो चुकी', प्रह्लाद जोशी का सोनिया गांधी को जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोनिया गांधी के पत्र का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि स्थापित प्रक्रियाओं और परंपराओं का पालन करने के बाद ही 18 सितंबर से संसद सत्र बुलाया गया। सत्र बुलाने के लिए राजनीतिक दलों ने कभी पहले से परामर्श नहीं किया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी की ओर से उठाए गए मुद्दों पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान सरकार ने उन सभी मुद्दों पर जवाब दिया था।



सोनिया गांधी को लिखे पत्र में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप संसद, हमारे लोकतंत्र के मंदिर के कामकाज का भी राजनीतिकरण करने और जहां कोई विवाद नहीं है वहां अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रही हैं। आपको पता है कि अनुच्छेद 85 के तहत संवैधानिक जनादेश का पालन हुए संसद सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हुए ही संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति के अनुमोदन के बाद राष्ट्रपति महोदया ने 18 सितंबर से आरम्भ होने वाले संसद सत्र को बुलाया है। शायद आपका परंपराओं की ओर ध्यान नहीं है। संसद सत्र बुलाने से पहले न कभी राजनीतिक दलों से चर्चा की जाती है और न कभी मुद्दों पर चर्चा की जाती है। महामहिम राष्ट्रपति के सत्र बुलाने के बाद और सत्र आरम्भ होने के पहले सभी दलों के नेताओं की बैठक होती है, जिसमें संसद में उठने वाले मुद्दों और कामकाज पर चर्चा होती है।

उन्होंने कहा कि मैं यह भी बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार किसी भी मुद्दे पर हमेशा चर्चा करने के लिए तैयार रहती है। वैसे तो आपने जिन मुद्दों का उल्लेख किया है, वह सभी मुद्दे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कुछ ही समय पूर्व मानसून सत्र के दौरान उठाए गए थे और सरकार द्वारा उन पर जवाब भी दिया गया था।

उन्होंने आगे कहा कि सत्र की कार्यसूची हमेशा की तरह स्थापित आचरण के अनुसार उचित समय पर जारी की जाएगी। मैं यह भी फिर से ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हमारी संसदीय कार्यप्रणाली में चाहे सरकार किसी भी दल की रही हो, आज तक संसद बुलाने के समय कार्यसूची पहले से कभी भी परिचालित नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि संसद की गरिमा बनी रहेगी और इस मंच का उपयोग राजनीतिक विवादों के लिए नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मैं आगामी सत्र को सुचारू रूप से चलाने में आपके पूर्ण सहयोग की अपेक्षा करता हूं, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय हित में सार्थक परिणाम सामने आ सके।